नई दिल्ली
शनिवार 19 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 152
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 24

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

नंदीग्राम उपचुनाव में ममता बेनर्जी के साथ 'बड़ा खेला'

ममता बेनर्जी

मिलन प्रधान

ममता ने जिस कांग्रेस प्रत्याशी प्रधान को समर्थन दिया, कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव से पहले शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। कांग्रेस के उम्मीदवार मिलन प्रधान को एक पुराने कथित हत्या मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। खास बात यह है कि गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले ही ममता बेनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने का ऐलान किया था। ममता बेनर्जी ने कहा कि उनका गुट कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करेगा और इस फैसले का उद्देश्य विपक्षी गठबंधन को मजबूत करना है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब नंदीग्राम में 6 अक्टूबर को उपचुनाव होना है। कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को पश्चिम बंगाल में एक पुराने कथित हत्या मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। ममता ने शुक्रवार को अपने कालीघाट स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

संचिता प्रधान और सुवेंदु

चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं ममता

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के नाम और मूल चुनाव चिह्न पर चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ ममता बेनर्जी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं। शुक्रवार को उनके गुट को 6 अक्तूबर के उपचुनाव के लिए 'फुटबॉल खिलाड़ी' चिन्ह दिया गया। ममता ने इसे असंवैधानिक और पक्षपातपूर्ण बताते हुए मूल पहचान बहाल कराने की बात कही है। उन्होंने अंतरिम व्यवस्था को समझौता मानने से इनकार किया। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के ▶▶ शेष पेज 5 पर

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने उज्जैन में राष्ट्रीय युवा धर्म संसद का किया शुभारंभ

बोले- व्यक्तियों को अहंकार कि सब उनके नियंत्रण में... यह 'गलतफहमी'

समारोह का शुभारंभ करते डॉ. भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को उज्जैन में राष्ट्रीय 'युवा धर्म संसद' का विधिवत शुभारंभ किया। लगभग 1,700 जेन-जी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि उन्हें युवाओं को धर्म पर चर्चा करते हुए देखकर खुशी हुई, जबकि कुछ लोग इसे बुजुर्गों का मामला मानते हैं। डॉ. भागवत ने युवाओं से अपील की कि वे धर्म को केवल पूजा-पद्धति तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन और आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं का जीवन ऐसा होना चाहिए, जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अहंकार में आकर काम करता है और यह मानता है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में। हर चीज उसकी इच्छा के अनुसार होनी चाहिए, तो उसे गलतफहमी हो जाती है। धर्म रिलीजन नहीं है, बल्कि जीवन का अनुशासन है। किसी इच्छा की पूर्ति, भय, लोभ या प्राण बचाने के लिए भी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए। सुख-दुख आते-जाते रहते हैं, लेकिन धर्म नित्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

आज अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पर्यावरण और जलवायु गतिकी का भविष्य पर

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा 19 और 20 सितंबर, 2026 को किया जा रहा है। इसमें पर्यावरण विशेषज्ञ, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सहित कई हितधारक शामिल होंगे।

बोले जायसवाल, नई दिल्ली की कड़ी फटकार पर आई पाकिस्तानी प्रतिक्रिया टालमटोल संग सच पर पर्दा डालने की कोशिश है

पाकिस्तान के एसईजेड में कोलकाता युद्धपोत ने नहीं किया प्रवेश, भारत ने खारिज किए आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते मंगलवार रात अरब सागर में भारतीय नौसेना के अग्रिम पंक्ति के जंगी युद्धपोत आईएनएस कोलकाता और पाकिस्तान की नौसेना के अपतटीय गश्ती जहाज (ओपीवी) पीएनएस हुनैन के बीच हुई टक्कर के मामले को लेकर पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों को भारत ने सख्त अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। यहां शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस घटना के वक्त कोलकाता युद्धपोत पश्चिमी अरब सागर में अपनी नियमित तैनाती पर था। तभी पाकिस्तानी जहाज हुनैन ने समुद्र में अस्वीकार्य और गैर पेशेवर व्यवहार किया। जिसकी वजह से ये टक्कर हुई। जबकि इस दौरान कोलकाता युद्धपोत ने दुश्मन देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में प्रवेश नहीं किया। ऐसे में इस्लामाबाद द्वारा नई दिल्ली पर मढ़े गए आरोपों में कोई दम नहीं है। पूरा मामला हमारी उम्मीद के मुताबिक, हमेशा की तरह टालमटोल ▶▶ शेष पेज 5 पर

ये जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में रणधीर जायसवाल ने दी है

बनी रहे 3 समुद्री मील की दूरी

रणधीर ने बताया कि इस टक्कर के पीछे की असली वजह, हुनैन जहाज की समुद्री इलाके में खतरनाक तरीके से युद्धपोत को ओवरटेक करने यानी उससे आगे निकलने की पैंतरेबाजी, वर्ष 1991 के समझौते में शामिल अनुच्छेद-10 का गंभीर रूप से किया गया उल्लंघन है। जिसमें सैन्य अभ्यासों, सैनिकों की आवाजाही से पहले दोनों देशों के बीच अनिवार्य रूप से पूर्व सूचना दी जानी चाहिए। यह अनुच्छेद ये भी साफ करता है कि समुद्री क्षेत्र में नौसैन्य इकाइयां एक-दूसरे के 3 समुद्री मील के इलाके में नहीं आनी चाहिए।

नियम-कायदों को किया तार-तार

मंत्रालय के प्रवक्ता ने ये भी कहा कि इस टक्कर से भारतीय युद्धपोत को ढांचागत रूप से कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। साथ ही उसमें सवार सभी नौसैन्य कर्मी सुरक्षित हैं। वर्तमान में कोलकाता युद्धपोत पूरी मुस्तैदी के साथ अरब सागर में देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए तैनात है। मामले पर हमने हालांकि कड़ी आपत्ति जताते हुए राजधानी में तैनात पाकिस्तान के कार्यवाहक उच्चायुक्त (सीडीए) को तलब कर विरोध जताया और उन्हें इस बात की हिदायत दी गई है कि वो इस प्रकरण को लेकर अपने देश के संबंधित उच्च-अधिकारियों तक भारत के पक्ष को स्पष्ट रूप में रखें। साथ ही हम पुनः दोहराते हैं कि पाकिस्तान को अपनी सभी सैन्य इकाइयों को समुद्री क्षेत्र में संचालन करने के लिए उचित सावधानी बरतने और दोनों देशों के बीच हुए प्रासंगिक समझौतों में शामिल प्रावधानों का सम्मान करने की आवश्यकता है।

राहुल गांधी ने आने से पहले पूछा

क्या खिला रहे हो.. इंदौर पोहा, जलेबी या कुछ और?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इंदौर में

शनिवार 19 सितंबर को होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने आने से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने लिखा है कि क्या खिला रहे हो, इंदौर? पोहा, जलेबी या कुछ और? इस पोस्ट पर इंदौर के लोगों ने अलग-अलग कमेंट कर जवाब दिए। किसी ने दाल-बाटी तो किसी ने इंदौरी सेव और सेव-मिक्सचर का नाम लिखा है। राहुल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित ▶▶ शेष पेज 5 पर

कूनो फिर हुआ गुलजार, मादा चीता केजीपी 12 के परिवार में आए 4 नन्हे शावक, 52 से बढ़कर कुल 56 हुए

सीएम ने कहा- शावकों का जन्म चीता संरक्षण की हमारी यात्रा में आशा, जीवटता और सफलता का सुंदर प्रतीक

अब तक '56'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन अपना रास्ता खुद ढूंढ ही लेता है, जीवन की यही प्रकृति इसे और भी अधिक रोमांचक बनाती है। एक वक्त था, जब मप्र में गिनती के चीते हुआ करते थे। अब यहां चीतों की संख्या 52 से बढ़कर 56 हो गई ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्र सरकार ने थोक उपभोक्ताओं के लिए चीनी भंडारण सीमा 15 दिनों से बढ़ाकर 30 दिन की

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने थोक उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा 15 दिनों की चीनी भंडारण सीमा को बढ़ाकर 30 दिन करने का निर्णय लिया है, बशर्ते मौजूदा 15 दिनों की सीमा से अधिक स्टॉक की मात्रा केवल अग्रिम स्वीकृति योजना (एएएस) और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) के तहत आयातित चीनी से ही प्राप्त की जाए। खुले बाजार से खरीद के लिए स्टॉक रखने की सीमा अपरिवर्तित रहेगी और केवल 15 दिनों की खपत तक ही सीमित रहेगी। सरकार ने थोक उपभोक्ताओं द्वारा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के ऑनलाइन पोर्टल https://foodstock.dfpd.gov.in/ के माध्यम से प्रत्येक शुक्रवार को चीनी स्टॉक की घोषणा और साप्ताहिक जानकारी के लिए एक तंत्र भी स्थापित किया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने चीनी के प्रमुख थोक उपभोक्ताओं के साथ विस्तृत परामर्श किया है और एक स्थिर और व्यवस्थित चीनी बाजार को बनाए रखने के उद्देश्य से उनके ▶▶ शेष पेज 5 पर

- अतिरिक्त स्टॉक की खरीद एएएस और टीआरक्यू के तहत आयातित चीनी से ही की जाएगी

यात्रियों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

डीटीसी बस चालकों की हड़ताल जारी, सड़कों पर नहीं दिखी बसें

दया राम ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा बढ़ने और सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने के सरकारी दावों के बीच पिछले चार दिनों से सड़क पर बसों की कमी ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। डीटीसी में संविदा पर कार्यरत चालकों की हड़ताल के चलते कई इलाकों में बस संचालन प्रभावित है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि दिल्ली वासियों की तरह सभी के पास अपने नीजि वाहन नहीं है।

साथ ही मेट्रो क्नेक्टिविटी भी नही है। नतीजा यह है कि नौकरी, कारोबार और जरूरी काम के लिए रोज बसों पर निर्भर रहने वाले यात्रियों को घंटों इंतजार, पैदल सफर और निजी वाहनों के मनमाने किराये का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने हड़ताली कर्मियों की कुछ मांगों पर सहमति जताई है, लेकिन वेतन बढ़ोतरी जैसी प्रमुख मांग को श्रम विभाग की प्रक्रिया के भरोसे छोड़ दिया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है तो सरकार और संबंधित विभाग के स्तर पर स्थायी समाधान के लिए ठोस पहल कब होगी? सरकार यदि सार्वजनिक परिवहन को दिल्ली की लाइफलाइन मानती है तो हड़ताल के दौरान वैकल्पिक बस व्यवस्था, रूटवार निगरानी और मनमाना किराया वसूलने वालों पर कार्रवाई की स्पष्ट व्यवस्था भी जमीन पर दिखाई देनी चाहिए। फिलहाल यात्रियों की परेशानी यह सवाल खड़ा कर रही है कि राजधानी की परिवहन व्यवस्था में योजना और जमीनी अमल के बीच इतना बड़ा फासला क्यों है? वहीं, बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों का जनहित में सरकार से सवाल है कि बसें खड़ी हैं, यात्री सड़क पर परेशान हो रहे हैं और समाधान जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। दिल्ली सरकार और दिल्ली परिवहन निगम इस हड़ताल को लेकर चुप हैं। हड़ताली चालक पूछ रहे हैं कि हड़ताल समाप्त करने की जिम्मेदारी सरकार की है या फिर निजी कंपनी की। राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की जवाबदेही आखिर किसकी है?

एक दिन में 82.44 लाख यात्रियों ने किया मेट्रो में सफर

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों व निजी क्लस्टर बसों की हड़ताल से बेशक आम यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हो, या दिल्ली सरकार को घाटा उठाना पड़ रहा है। लेकिन हड़ताल के चलते दिल्ली मेट्रो की झोली लबालब भर रही है। दिल्ली मेट्रो ने एक दिन में अब तक सर्वाधिक यात्रियों को ढोने का नया रिकॉर्ड भी बना दिया है। डीएमआरसी के अनुसार 17 सितंबर 2026 गुरुवार को दिल्ली मेट्रो रेल में 82 लाख 44 हजार 903 रिकॉर्ड यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की यह संख्या दिल्ली मेट्रो के इतिहास में एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी संख्या के रूप में दर्ज हुई है। डीएमआरसी के अनुसार इससे पहले मेट्रो में 8 अगस्त 2025 को 81 लाख 87 हजार 674 यात्रियों के यात्रा करने का रिकॉर्ड दर्ज है जो उस समय सबसे ज्यादा संख्या रही थी।

बस कम, किराया मनमाना, दोहरी मार झेल रहे यात्री

हड़ताल का असर सिर्फ दिल्ली के प्रमुख बाजारों और व्यस्त इलाकों तक सीमित नहीं है। दिल्ली देहात और ग्रामीण क्षेत्रों से रोजाना शहर के विभिन्न हिस्सों में नौकरी और कारोबार के लिए आने-जाने वाले यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। बस नहीं मिलने पर लोगों को ऑटो, ई-रिक्शा और अन्य निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यात्रियों का आरोप है कि इस स्थिति का फायदा उठाकर कई जगह मनमाना किराया वसूला जा रहा है। सुबह नौकरी पर पहुंचने की चिंता और शाम को घर लौटने की मजबूरी के बीच यात्री यह सवाल पूछ रहे हैं कि सार्वजनिक परिवहन बाधित होने की स्थिति में सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था कितनी प्रभावी ढंग से तैयार की है।

युवक की हत्या कर शव गुरुग्राम के नाले में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पूर्व सहकर्मी महिला समेत दो गिरफ्तार

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के 31 वर्षीय युवक की हत्या कर उसका शव गुरुग्राम के नाले में फेंकने के आरोप में उसकी पूर्व सहकर्मी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान सरिता विहार निवासी युवराज सिंह मनचंदा के रूप में हुई है। जबकि आरोपियों में पूर्व सहकर्मी आन्या वत्स और उसके सहयोगी संयम सचदेवा बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार युवराज को आखिरी बार देखे जाने के पांच दिन बाद 11 सितंबर को उनकी बहन ने लाजपत नगर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। छह सितंबर को युवराज अपनी बहन के साथ लाजपत नगर के सेंट्रल मार्केट में खरीदारी करने गए थे और बाद में लाजपत नगर-2 स्थित 'गोल्डन ड्रैगन' रेस्तरां गए। वह शाम करीब चार बजे यह कहकर रेस्तरां से निकले कि उन्हें गुरुग्राम में किसी से मिलना है और रात करीब 10 बजे तक घर लौट आएंगे। जब वह नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन बंद आने लगा, तो परिवार ने पता लगाने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि युवराज की आखिरी बार बात उनकी पूर्व सहकर्मी वत्स के साथ हुई थी और उन्होंने अपने परिवार को बताया था कि वह उससे मिलने गुरुग्राम जा रहे हैं। इसके बाद दोनों के फोन बंद हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तकनीकी डेटा का विश्लेषण करना शुरू किया और युवराज तथा संदिग्ध के कार्यालयों में पूछताछ की। इसके बाद वत्स एक मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आई और उस पर निगरानी रखी गई। पुलिस ने उसके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे एक नए मोबाइल नंबर का पता लगाया और उसके विश्लेषण से उत्तराखंड में उसकी मौजूदगी का संकेत मिला। एक टीम उत्तराखंड भेजी गई, जहां वत्स और सचदेवा का सुराग लगाकर उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने खुलासा किया कि युवराज की हत्या कर शव को गुरुग्राम में अपने घर के पास एक नाले में फेंक दिया था। गुरुग्राम के बादशाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाले से 10 सितंबर को एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। शव की तस्वीरें हासिल की गई और युवराज के परिवार के सदस्यों को दिखाई गई, जिन्होंने उसकी पहचान युवराज के रूप में की।

अमेरिका-कनाडा के लोगों से ठगी करने वाले 23 अरेस्ट

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस और स्पेशल स्टाफ ने अमेरिका और कनाडा के लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कंप्यूटर से जुड़ी तकनीकी सेवा के बहाने ठगी करते थे। इसके लिये बाकायदा कॉल सेंटर खोला गया था। डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार रात साइबर पुलिस और स्पेशल स्टाफ ने तीन जगहों पर छापेमारी की और हरि नगर तथा कीर्ति नगर में तीन कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान दो कार, 27 लैपटॉप व 27 आईफोन के साथ ही कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए। इस संबंध में दो मामले दर्ज किए गए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी संगठित तरीके से गिरोह चला रहे थे और करीब दो महीने से सक्रिय थे। इस गिरोह ने कितने लोगों के साथ ठगी की है, इसका पता लगाने के लिए आगे जांच जारी है।

एटीएम मशीन में गड़बड़ी कर पैसे चुराने वाले दो शातिर गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य जिला पुलिस ने रबड़ बैंड के जरिये एटीएम मशीन में गड़बड़ी कर ग्राहकों की रकम अटकाने और बाद में निकाल लेने के आरोप में दो शातिर लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि आरोपियों के नाम अमन (22) और सूरज सिंह (28) है। इनके पास से एक देसी कट्टा, पांच कारतूस और एक बाइक बरामद की गई। सिंह ने बताया कि आरोपी पहले एटीएम मशीनों के रखरखाव करने वाली कंपनी में काम करते थे और उन्हें मशीनों के संचालन और इनकी खामियों के बारे में जानकारी थी। आरोपियों ने अपने एक सहयोगी से एटीएम मशीन की चाबियां लीं, जिससे वह मशीन को खोलते और इसकी प्लेटों में रबड़ बैंड फंसा देते थे। जब ग्राहक पैसे निकालने के लिए विवरण डालता तो मशीन रकम निकालना शुरू कर देती, लेकिन नकदी एक स्तर पर आकर रुक जाती। हालांकि ग्राहक को बैंक से पैसे कटने का संदेश मिल जाता। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद जब ग्राहक चले जाते तो वे चाबियों से एटीएम खोलकर पैसे निकाल लेते। दोनों ने गुरुग्राम के सेक्टर 4-5, कापसहेड़ा और दिल्ली के अन्य इलाकों में एटीएम में हुई इस तरह की 19-20 घटनाओं में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया है। आरोपियों के पास से देसी कट्टा और कारतूस मिलने के मामले में आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के तहत गुरुग्राम के सेक्टर-5 थाने में भी एक केस दर्ज हुआ है। इनका एक सहयोगी फिलहाल फरार है और उसने ही उन्हें देसी कट्टा दिया था।

पाकिस्तानी से भारत पहुंची हेरोइन जब्त, एक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस की वडोदरा क्राइम ब्रांच ने संयुक्त ऑपरेशन के बाद मादक पदार्थ तस्करी व रंगदारी वसूली गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से पाकिस्तानी मूल की करीब दो किलो हेरोइन बरामद की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई गई है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का नाम राजस्थान के चूरू निवासी कुलदीप स्वामी (31) बताया गया है। पुलिस का कहना है कि कुलदीप गैंगस्टर रोहित गोदारा और महेंद्र देलाना गिरोह से जुड़ा है तथा गुजरात के वडोदरा में दर्ज 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में भी वांछित है। 12 सितंबर को शाम करीब साढ़े पांच बजे कुलदीप को चांदनी चौक के कूचा घासी राम में बीकानेर स्वीट्स के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार उसके पास से हवाला राशि की पहचान के लिए इस्तेमाल एक मुद्रा नोट और कार की चाबियां मिलीं। बाद में उसकी निशानदेही पर नजफगढ़ के जय विहार फेज-1 से कार जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक कार की डिक्की में अतिरिक्त पहिये के पास विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खाने में चार पैकेटों में करीब दो किलोग्राम हेरोइन छिपाकर रखी गई थी। जांच में सामने आया कि गिरोह रंगदारी वसूलने और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए एक बहुस्तरीय नेटवर्क चला रहा था। इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिये पहले से तय संकेत शब्दों, 'लाइव लोकेशन' और मुद्रा नोटों की तस्वीरों का इस्तेमाल पहचान की पुष्टि के लिए किया जाता था।

पुलिस ने बताया कि कुलदीप मुख्य सहयोगी के तौर पर दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान में पांच लाख से 50 लाख रुपये तक की रंगदारी की रकम पहुंचाता था तथा उसे प्रत्येक काम के लिए 15 से 20 हजार रुपये दिए जाते थे। पांच सितंबर को महेंद्र देलाना के निर्देश पर कुलदीप मादक पदार्थों की खेप लेने अमृतसर गया था और अगले दिन उसने दो अज्ञात लोगों से दो किलोग्राम हेरोइन ली एवं उसे कार के गुप्त खाने में छिपाकर दिल्ली लौट आया। कुलदीप पहले सरदारशहर की कृषि मंडी में कृषि का कारोबार करता था। 2022 में कारोबार में 50 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने के बाद उसने कर्ज चुकाने के लिए इंस्टाग्राम के जरिये महेंद्र देलाना से संपर्क किया था। पुलिस के अनुसार, महेंद्र देलाना गैंगस्टर रोहित गोदारा का सहयोगी है और विदेश से गिरोह की गतिविधियां संचालित करता है। महेंद्र देलाना तीन राज्यों में पांच से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। रोहित गोदारा और महेंद्र देलाना उत्तर भारत में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में हत्या तथा रंगदारी के लिए गोलीबारी जैसी गतिविधियों से जुड़े हैं।

हनी ट्रैप में फंसाकर युवक से मारपीट, दो चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले में सोशल मीडिया के जरिए एक युवक को आनंद विहार के एक रेस्तरां में बुलाकर कथित तौर पर उससे ऊंचे बिल का भुगतान कराने और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम अमन गुर्जर (28) और मोहम्मद अरशदुल्लाह आलम (28) बताये गये हैं।

डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार 14 सितंबर को पीड़ित रामकृष्ण (28) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि व्हाट्सऐप के जरिए संपर्क में आई एक अज्ञात महिला ने उसे कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन बुलाया था। वहां से आनंद विहार स्थित 'केसर फाइन डाइनिंग' नामक रेस्तरां ले गई जहां उसे करीब 21 हजार रुपये का बिल थमा दिया गया। इतने बिल का भुगतान करने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई व डराया धमकाया गया। दबाव में आकर पीड़ित ने 8 हजार रुपये नकद और 6 हजार यूपीआई के जरिए ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपियों ने उसका एटीएम कार्ड छीन लिया और कथित रूप से उसका पिन पता लगाकर 11 हजार रुपये और निकाल लिए तथा पुलिस के पास न जाने की धमकी देते हुए 25 हजार रुपये अतिरिक्त मांगे। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर आनंद विहार थाने में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान अमन ने बताया कि वह रेस्तरां में बाउंसर का काम करता था, जबकि आलम भी वहां कार्यक्रमों के आयोजन करता था। गिरोह में शामिल महिला की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

सड़क किनारे खड़ी बाइक को कार ने दूर तक घसीटा, एक जख्मी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के आरके पुरम इलाके में अफ्रीका एवेन्यू रोड पर एक कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुये काफी दूर तक घसीटा। इस घटना में एक शख्स घायल हुआ है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि जब कार बाइक को सड़क पर घसीट रही थी तो आग की चिंगारियां निकल रही थी। बाद में कार चालक को रोका गया। उसके नशे में होने की बात वीडियो में कहीं जा रही है। लेकिन पुलिस ने मेडिकल परीक्षण में शराब की पुष्ठि नहीं होने की बात कहीं है। पुलिस के अनुसार कार चालक की पहचान वसंत कुंज निवासी वेणु गोपाल (73) के तौर पर हुई है। बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे भीकाजी कामा प्लेस से आरके पुरम मेट्रो स्टेशन की ओर जाते समय उनकी नीले रंग की अमेज कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। उस समय मुनीरका गांव निवासी तनिष्क टोकस (21) सड़क किनारे खड़ी अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ था।

60 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गुजरात से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की सफदरजंग एंक्लेव पुलिस ने सफदरजंग एनक्लेव इलाके की एक महिला से करीब 60 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी ठगने के आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान 24 वर्षीय यश कैलाश बुलचंदानी के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि 17 जुलाई को इस संबंध में एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत लगभग 60 लाख रूपये के आभूषण और नकदी से जुड़ी धोखाधड़ी के संबंध में थी। सफदरजंग एनक्लेव थाने में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी के संपर्क में आई थी और आरोपी ने खुद को एक निवेश विशेषज्ञ के रूप में पेश करके उसका विश्वास हासिल किया। महिला ने कहा कि बाद में उसे निवेश के लिए पैसे और आभूषण सौंपने के लिए कहा गया और नौ जुलाई को आरोपी दिल्ली में उससे मिला तथा उसका मोबाइल फोन, आभूषण और 14 लाख रुपये की नकदी से भरा बैग तथा एक क्रेडिट कार्ड लेकर कथित तौर पर भाग गया। मामले में पुलिस ने तकनीकी जांच की, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, उपलब्ध रिकॉर्ड के सत्यापन और संबंधित एजेंसियों व सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय के माध्यम से आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई।

इसके बाद पुलिस टीम ने गुजरात के मेहसाणा में छापेमारी की और आरोपी यश कैलाश बुलचंदानी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसके कब्जे से लगभग 96 ग्राम पिघला हुआ सोना, दो सोने के सिक्के, एक सोने की जंजीर, एक हीरे का सेट और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

दिल्ली सचिवालय में छत्तीसगढ़ के इन्फ्लुएंसर्स का स्वागत

राजधानी में हो रहे बदलावों को देश-दुनिया तक पहुंचाएंगे ट्रैवल इन्फ्लुएंसर्स : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में छत्तीसगढ़ से आए युवा ट्रैवल इन्फ्लुएंसर्स और डिजिटल क्रिएटर्स का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अगले पांच दिनों में ये युवा दिल्ली के विभिन्न हिस्सों को एक्सप्लोर करेंगे और राजधानी में हो रहे बदलावों को अपनी नजर से देश-दुनिया तक पहुंचाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बदलाव केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं है। महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए नए अवसर, श्रमिकों के सम्मान और बेहतर जनसुविधाओं के क्षेत्र में भी काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अपनी विरासत को संरक्षित रखते हुए विकास को साथ लेकर आगे बढ़ रही है और विकसित भारत के संकल्प में अपनी भूमिका निभा रही है। रेखा गुप्ता ने डिजिटल क्रिएटर्स से कहा कि नई पीढ़ी की भाषा और रचनात्मकता के माध्यम से दिल्ली में हो रहे बदलाव और सरकार की जनकल्याणकारी पहलों को लोगों तक पहुंचाने का उनका प्रयास सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पांच दिवसीय दौरे के दौरान युवा क्रिएटर्स दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को करीब से समझेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा प्रदेश सचिव मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन से बुजुर्ग लापता, पुलिस का ढीला रवैया

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग लापता हो गये। पीड़ित परिवार परेशान है और पुलिस ढीला रवैया

अपनाए हुये हैं। तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कमलेश्वरी मंडल 15 सितंबर को बिहार के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिये ट्रेन में सवार हुये थे। वह 16 सितंबर को दोपहर करीब सवा दो बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। सीसीटीवी से इसकी पुष्टि हुई है। इसके बाद से वह लापता है। परिवार के सदस्य लगातार स्टेशन और थाने के चक्कर काट रहे हैं। पुलिस के ढीले रवैये से परिवार की चिंता बढ़ती जा रही है। लापता व्यक्ति के पुत्र पप्पू कुमार ने बताया कि उनके पिता को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आगे रोहतक जाना था। लेकिन तीन दिन से उनका कोई अता पता नहीं है। इस सिलसिले में डीसीपी रेलवे बी भरत रेड्डी से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने छुट्टी पर होने का हवाला दिया। वहीं थाने के पुलिसकर्मी पीड़ित परिवार को लगातार स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक करने की सलाह दे रहे हैं। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने तीन दिनों तक गुमशुदगी की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। उन्होंने अपने जानकार के जरिये शुक्रवार को खुद ऑनलाइन मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने थाने में शिकायत की कॉपी रिसीव करने के अलावा आगे की कोई कार्रवाई नहीं की है।

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

दिल्ली ट्रांसको लि., राराक्षे दिल्ली सरकार का उपक्रम, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

निविदा सं. T26P750011 : डीटीएल रेवाड़ीलाइन, नजफगढ़ कॉलोनी और कीर्तिनगर कार्यालय में आंतरिक और बाहरी फिनिशिंग कार्यों के साथ-साथ चारदिवारियों की मरम्मत और न्यू किलोकरी कॉलोनी, डीटीएल के मौजूदा बिटुमिनस रोड का मजबूतीकरण।

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :- https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी संख्या: 2026_DTL_298161_1) और www.dtl.gov.in के साथ यूनिक नं. DTL-0165-090926.

बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 14.10.2026, 13:00 बजे।

इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण इत्यादि केवल उपरोक्त वेबसाइट पर डाले जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

उत्तर रेलवे

ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्नकार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 14.10.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

(A) कार्य का नाम: सहायक मंडल अभियंता/ संपत्ति-1 के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ ट्रांजिट कैम्प के कार्यक्षेत्र में स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के शौचालयों/ प्रसाधन कक्षों के नवीनीकरण एवं उन्नयन का कार्य करने हेतु।

अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि
₹ 15031929.06	₹ 300600/-	08 महीने

(B) कार्य का नाम: सहायक मंडल अभियंता/ संपत्ति-1 के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ ट्रांजिट कैम्प के कार्यक्षेत्र में स्थित डी. आर. एम. कार्यालय, डी.ए.ओ. भवन, आर.टी.एस. आई. आर.सी.ए., टी.एम.सी., एन. डी. सी. आर. एवं के.एस. स्टेडियम (एसएसई/ डब्ल्यू/ टीसी अनुभाग के अंतर्गत) में स्थापित 1000 लीटर/ घंटा से 3000 लीटर/ घंटा क्षमता वाले वाणिज्यिक आर.ओ. संयंत्रों के लिए तीन वर्षों की अवधि हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (ए.एम.सी.) का कार्य करने हेतु। तथा सहायक मंडल अभियंता/ संपत्ति-1 के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ एम.एन. टी.बी. के कार्यक्षेत्र में स्थित अभिनंदन विश्राम गृह में स्थापित वाणिज्यिक आर.ओ. संयंत्र के लिए तीन वर्षों की अवधि हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (ए.एम.सी.) का कार्य करने हेतु

अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि
₹ 14998938.76	₹ 300000/-	36 महीने

1. निविदा दिनांक: 14.10.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र संख्या: 128- डब्लयू/269/ खुली ई निविदा सूचना/
टेंडर. नः 19 (ए.बी.) (2026-27) डब्लयू-ई दिनांक: 17.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3234/2026

हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

विज्ञापन सं. 25/2026 प्रकाशन की तिथि : 19.09.2026

आयोग खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, हरियाणा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी (ग्रुप-बी) के 45 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :

श्रेणी	खाद्य सुरक्षा अधिकारी (ग्रुप-बी) के 45 पदों हेतु आवश्यकता
अनारक्षित	22
डीएससी	05
ओएससी	05
बीसी-ए	05
बीसी-बी	03
ईडब्ल्यूएस	05
कुल	**45**
ईएसएम (सामान्य)	02
पीडब्ल्यूडी	02 (01 - ए-न्यून दृष्टि (एलवी); (01-बी- बधिर, श्रवण बाधित (डी, एचएच)

टिप्पणी : एससी श्रेणी के अभाव के लिए एससी का 01 पद है, अब इस आवश्यकता में शामिल किया गया है।

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारंभिक तिथि : 28.09.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 19.10.2026 अप. 05:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 19.10.2026 अप. 05:00 बजे तक।

अधिक जानकारी के लिए https://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 18.09.2026 हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

पीआरडीएच-1156/11/2/2027/49443/88/7 दि. 18.09.26

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव संपन्न

एबीवीपी-एनएसयूआई में कौन मारेगा बाजी फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के नतीजे आज शनिवार को घोषित किए जाएंगे। शुक्रवार हुए मतदान के बाद अब प्रत्याशियों और छात्र संगठनों की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं। परिणाम को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में हलचल बढ़ गई है। शुक्रवार को कॉलेजों में सभी छात्र दलों के नेताओं व समथर्कों ने अपने समर्थन में मतदान की अपील की। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), कांग्रेस समर्थित भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) तथा ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा)-स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) गठजोड़ ने उम्मीदवार उतारे हैं।

एबीवीपी ने अध्यक्ष पद के लिए यश डबास, उपाध्यक्ष के लिए इशू मौर्य, सचिव के लिए रिया छावड़ी और संयुक्त सचिव के लिए लक्ष्य राज सिंह को मैदान में उतारा है। एनएसयूआई के उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के लिए विजय शंकर मीणा, उपाध्यक्ष के लिए वीर चतरथ, सचिव के लिए नम्रता चौधरी और संयुक्त सचिव के लिए गोपाल चौधरी शामिल हैं।

आइसा-एसएफआई गठबंधन ने अध्यक्ष पद के लिए अनन्या रतूड़ी, उपाध्यक्ष पद के लिए अक्षत शिखर, सचिव पद के लिए स्टैनज़नि डेस्क्योंग और संयुक्त सचिव पद के लिए बी. पारिजात को उम्मीदवार बनाया है। यह चुनाव 2025 में एबीवीपी द्वारा 'सेंट्रल पैनल' के चार में से तीन पदों (अध्यक्ष सहित) पर जीत हासिल करने और एनएसयूआई द्वारा उपाध्यक्ष का पद जीतने के एक साल बाद हो रहा है। शाम करीब पौने आठ बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 39.77 दर्ज हुआ।

डीयू प्रशासन के अनुसार, इस साल कुल 1,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) लगाई गई हैं, जिनमें से 960 का इस्तेमाल मतदान के लिए किया जा रहा है और 40 को रिजर्व में रखा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान 12 नियंत्रण कक्ष संचालित किये जा रहे हैं और ईवीएम में किसी भी तरह की गड़बड़ी को ठीक करने के लिए तकीनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहें। उन्होंने बताया कि मतगणना शनिवार को होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव के साथ हंसराज कॉलेज में भी छात्र परिषद के चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। हंसराज कॉलेज में 2,902 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत लगभग 43 प्रतिशत रहा। हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रमा ने कहा कि विशेष रूप से प्रथम वर्ष के उन विद्यार्थियों के लिए, जिन्होंने पहली बार मतदान किया, यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया से उनके प्रत्यक्ष जुड़ाव का पहला और सुखद अनुभव रहा।

शिक्षा मंत्री पहुंचे राजधानी कॉलेज, छात्रों से की मुलाकात

बता दें कि डूसू मतदान को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद राजधानी कॉलेज पहुंचे और छात्रों से मुलाकात की। वह डूसू चुनाव में एबीवीपी की '7-3-3-3 टीम के समर्थन' में छात्रों के बीच पहुंचे। मंत्री के कॉलेज पहुंचने के दौरान छात्रों में उत्साह देखने को मिला। उन्होंने छात्रों से बातचीत की और चुनावी माहौल को समझने की कोशिश की। डूसू चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव समेत विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ है। अब शनिवार को परिणाम घोषित होने के साथ ही छात्र राजनीति की तस्वीर साफ होगी।

तैनात रहे दो हजार से अधिक पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के जवान

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गये। वोटिंग के दौरान दो हजार से अधिक पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती की गई थी। मतदान शुरू होने के साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा पहरा कड़ा रहा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी महाविद्यालयों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं जबकि पैदल गश्ती दल, मोटरसाइकिल दल और पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के वाहन परिसरों के आसपास लगातार गश्त करते रहे। बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के तहत महत्वपूर्ण स्थानों पर अर्धसैनिक बल के जवान भी तैनात किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी ताकि लोगों की आवाजाही नियंत्रित रह सकें। भीड़भाड़ एवं लोगों को अनधिकृत रूप से एकत्र होने से रोका गया जिसके चलते झड़प जैसी घटनाएं नहीं हो सकी। पुलिस द्वारा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों, खासकर उन इलाकों में कड़ी नजर रखी गई, जहां मतदान के दौरान विद्यार्थियों एवं समर्थकों की अधिक आवाजाही होने की संभावना थी। विश्वविद्यालय ने छात्र मार्ग, प्रोबिन रोड और विश्वविद्यालय मार्ग समेत प्रमुख रास्तों पर वाहनों की आवाजाही भी सीमित रखी गई थी। ये पाबंदियां शुक्रवार और शनिवार को नतीजों की घोषणा होने तक लागू रहेंगी। पुलिस मतदान और मतगणना के दौरान प्रवेश एवं निकास द्वारों, विद्यार्थियों की आवाजाही तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं महाविद्यालयों के प्रबंधन के साथ समन्वय कर रही है। मतगणना शनिवार को 'नॉर्थ कैंपस' स्थित 'यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स स्टेडियम' के बहुद्देश्यीय सभागार में होगी। पुलिसकर्मी मतगणना के दौरान यह सुनिश्चित करने के लिए तैनात रहेंगे कि नतीजों की घोषणा शांतिपूर्ण तरीके से हो।

दिसंबर तक 600 किमी सड़कें होंगी दुरुस्त: प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर गड्ढों और उखड़ती सड़क की समस्या से राहत देने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने रोड रिसर्फेसिंग के काम को तेज करने का दावा किया है। दिल्ली सरकार ने दिसंबर तक करीब 600 किलोमीटर सड़कों को दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा है। पीडब्ल्यूडी के अधीन राजधानी में करीब 1,400 किलोमीटर सड़कें हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से बेहतर बनाने की योजना है।

बता दें कि लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गुरूवार देर रात अफ्रीका एवेन्यू पर चल रहे रोड रिसर्फेसिंग कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास की रफ्तार थमेगी नहीं और सड़कों को नई मजबूती देने का काम पूरी गति से जारी रहेगा। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को सड़क निर्माण की रफ्तार के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रवेश वर्मा के मुताबिक, युद्ध की स्थिति के कारण बिटुमिन की आपूर्ति प्रभावित हुई और इसकी कीमतों में भी काफी बढ़ोतरी हुई। इसका असर दिल्ली में सड़क निर्माण और रिसर्फेसिंग के काम पर पड़ा और कई कार्यों में देरी हुई। अब सरकार ने दोबारा टेंडर जारी कर काम को नए सिरे से शुरू किया है। मंत्री ने कहा कि सर्दियों में तापमान और मौसम की परिस्थितियों के कारण सड़क निर्माण व रिसर्फेसिंग का काम करना संभव नहीं होता। ऐसे में उपलब्ध समय में अधिक से अधिक सड़कों का काम पूरा करने पर जोर है। सरकार ने दिसंबर तक 600 किलोमीटर सड़क दुरुस्त करने का लक्ष्य तय किया है। सरकार ने सड़क निर्माण के बाद उसके रखरखाव की जिम्मेदारी को लेकर भी व्यवस्था में बदलाव का दावा किया है। मंत्री के अनुसार, जिस कंपनी को सड़क बनाने का ठेका दिया जाएगा, उसे अगले पांच वर्षों तक उसी सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभानी होगी।

मुंगेशपुर महापंचायत ने चेताया : उचित मुआवजा दो वरना हाईटेंशन लाइन पर कार्य नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ ऑउटर नार्थ जिला दिल्ली के किसान पिछले 2 सितंबर से बिजली की हाईटेंशन लाइनों के संदर्भ में कर रहे उचित मुआवजे की मांग

ऑउटर नार्थ जिला के मुंगेशपुर गांव धरना स्थल पर बिजली की हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों की आपातकालीन किसान महापंचायत शुक्रवार को भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तत्वावधान में हुई। 16 सितंबर से एसडीएम नयाबांस ने किसानों के खेतों में अचानक पुलिस फोर्स लगाकर जबरदस्ती किसानों के खेतों में बिजली के बड़े खंभों का काम शुरू करवाया जिससे आक्रोशित किसानों ने आपातकालीन किसान महापंचायत बुलाई।

किसानों ने एसडीएम को किसान महापंचायत में आकर प्रशासन का पक्ष रखने का निमंत्रण दिया, लेकिन नयाबांस एसडीएम किसानों के बीच नहीं आये। किसान पिछले 2 सितंबर से बिजली की हाईटेंशन लाइनों के विरुद्ध अपने उचित मुआवजे को तय करने हेतु अनिश्चितकालीन धरना दे रहे।

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने बताया कि 16 सितंबर से एसडीएम नयाबांस ने किसानों के खेतों में अचानक पुलिस फोर्स लगाकर जबरदस्ती किसानों के खेतों में बिजली के बड़े खंभों का काम शुरू करवाया जिससे आक्रोशित किसानों ने आपातकालीन किसान महापंचायत बुलाई। पंचायत में जिला प्रशासन को आगामी 7 अक्तूबर तक का समय उचित कार्रवाई करने का दिया अन्यथा 7 सितंबर को किसान डीएम अलीपुर की तरफ कूच करेगे और इस बीच खेतों के अंदर पुलिस फोर्स से दबाव बनाकर अगर काम शुरू किया तो किसान कड़ा विरोध करेंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष कर्मवीर दहिया ने प्रशासन को चेताया कि किसान के गिरेबान पर अगर हाथ डालने का प्रयास किया तो हम अंतिम कुर्बानी शहीदी देने के लिए भी तैयार है किसानों को उचित मुआवजा तय किए बगैर बिजली की हाईटेंशन लाइनों का काम पहले 2 साल रोके रखा और अब भी किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे।

एसआईआर प्रक्रिया के तहत 20 और 27 सितंबर को लगेंगे विशेष कैंप, योग्य मतदाता भरे फॉर्म-6

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया में अभी तक जिन योग्य मतदाताओं के नाम सूची में शामिल होने से रह गए है उनके लिए दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय 20 और 27 सितंबर 2026 को विशेष कैंप आयोजित करने जा रहा है। इन कैंपों को सार्वजनिक अवकाश यानी रविवार के दिन सभी मतदान केंद्रों में आयोजित करने का मकसद यही है कि अधिक से अधिक योग्य मतदाता अपना नाम सूची में दर्ज करा सके।

सीईओ कार्यालय के अनुसार सभी मतदान केंद्रों में यह कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे आयोजित किए जाएगें। कैंपों में संबंधित सभी बीएलओ मौजूद रहेंगे जो हर सभी की हर संभव सहायता करेंगे। कोई भी मतदाता इन कैंपों में आकर मतदाता सूची में अपना नाम व विवरण चेक कर सकता है। इसके अलावा इन कैंपों में फॉर्म-6 के अलावा 7 और 8 भी उपलब्ध रहेंगे जिन्हें कोई भी मतदाता अपनी जरूरत के अनुसार भर सकता है। सीईओ कार्यालय ने लोगों से अपील की है कि वह जरूरत के अनुसार अपने फार्म भरकर सूची में अपने संबंधित जानकारी को अपडेट करा सकते है। सीईओ कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन 20 और 27 सितंबर 2026 के विशेष कैंप के अलावा भी कोई भी मतदाता 30 सितंबर तक अपने फार्म जमा करा सकता है। यह फार्म ऑनलाइन व ऑफ लाइन दोनों तरीकों से जमा किए जा सकते है।

'माता गुजरी अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का किया लोकार्पण'

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने निगम स्वास्थ्य सेवाओं को नई उड़ान देते हुए तिलक नगर में माता गुजरी अस्पताल में 13-बेड वाले नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) एवं आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण किया। उन्होंने चक्षु रोग, अस्थि रोग तथा कई अन्य आधुनिक चिकित्सा उपकरणों को भी जनता के लिए समर्पित किया। वहीं इस अवसर पर महापौर ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) तथा निगम कर्मचारियों के लिए वार्ड का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर महापौर वाही के अलावा पश्चिमी क्षेत्र की वार्ड समिति के अध्यक्ष हरीश ओबेरॉय, पार्षद अशोक मानु, अतिरिक्त आयुक्त (स्वास्थ्य) पंकज नरेश अग्रवाल, उपायुक्त (पश्चिमी क्षेत्र) कर्नल विनोद अत्री, निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. अनुज नारायण माथुर तथा माता गुजरी अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अलका गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर महापौर वाही ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और प्रशासन द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बाद में उन्होंने मौके पर ही जरूरी दिशा निर्देश दिए। महापौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी एवं दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों के लिए विशेष वार्ड का भी लोकार्पण किया।

एमसीडी का 41 संपत्तियों पर चला हथौड़ा, 10 पर लगाई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इन दिनों दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का गहन प्रवर्तन अभियान जारी है। इस कड़ी में गुरुवार को एमसीडी के भवन विभाग ने प्रवर्तन अभियान के तहत 41 संपत्तियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जबकि अभियान के दौरान 10 संपत्तियों पर सील लगाई गई और 7 विभिन्न संपत्तियों को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए गए।

एमसीडी का कहना है कि यह कार्रवाई खतरनाक भवनों, अनधिकृत निर्माण तथा मास्टर प्लान ऑफ दिल्ली (एमपीडी) और भवन उपविधियों के उल्लंघन के विरुद्ध शहरभर में की जा रही है। निगम के सभी 12 जोनों में भवन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा जन सुरक्षा के मद्देनजर कार्रवाई की जा रही है। एमसीडी द्वारा बुधवार को भी व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया था, जिसके दौरान एमपीडी और भवन उपविधियों के उल्लंघन के कारण 39 संपत्तियों का ध्वस्तीकरण तथा 6 संपत्तियों को सील किया गया। गुरुवार को प्रवर्तन अभियान के दौरान दक्षिण-पश्चिम जोन के वसंत कुंज नॉर्थ; पश्चिमी जोन के मायापुरी डीडीए मार्केट, माया एन्क्लेव, उत्तम नगर और तिलक नगर; मध्य जोन के देव नगर और करोल बाग; पूर्वी जोन के शकरपुर, शिवपुरी एक्सटेंशन और गणेश नगर-टू, उत्तर-पूर्वी जोन के मुस्तफाबाद और सभापुर सहित दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में प्रमुख ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। एमसीडी ने दोहराया है कि निगम क्षेत्राधिकार में किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण अथवा भवन मानदंडों के उल्लंघन की अनुमति नहीं दी जाएगी। निगम ने कहा है कि अनधिकृत निर्माण, खतरनाक भवनों तथा जन सुरक्षा के लिए जोखिम उत्पन्न करने वाले अन्य उल्लंघनों के विरुद्ध यह प्रवर्तन अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। एमसीडी ने अपने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कड़ी निगरानी बनाए रखें तथा एमपीडी, भवन उपविधियों और अन्य संबंधित नियमों के लागू प्रावधानों के अनुसार उल्लंघनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने 75 सीएम श्री सरकारी विद्यालयों में हेरिटेज क्लबों की स्थापना का किया शुभारंभ

विद्यार्थियों को दिल्ली की समृद्ध विरासत से सीधे जोड़ने का माध्यम बनेंगे हेरिटेज क्लबः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में हेरिटेज क्लब विद्यार्थियों को दिल्ली की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य और दस्तावेजी विरासत से सीधे जोड़ने का माध्यम बनेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 75 सीएम श्री सरकारी विद्यालयों में हेरिटेज क्लबों की स्थापना के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग तथा दिल्ली अभिलेखागार द्वारा हेरिटेज क्लबों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न व्यावहारिक और छात्र-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल में होने वाली प्रत्येक गतिविधि, हर पहल और किताब का एक-एक पन्ना बच्चे के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा, कला, संस्कृति एवं भाषा की विभाग के सचिव के. महेश, शिक्षा निदेशक अंकिता आनंद सहित बड़ी संख्या में सीएम श्री स्कूलों के शिक्षक और प्रधानाचार्य उपस्थित थे। वहीं, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि हेरिटेज क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को दिल्ली की समृद्ध विरासत से जोड़ने, उसे समझने और आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। विभाग इस पहल को केवल सरकारी दायित्व के रूप में नहीं, बल्कि दिल्ली की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में आगे बढ़ाए। जबकि कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली का इतिहास केवल महरौली से लाल किले तक सीमित नहीं है। हेरिटेज क्लब के माध्यम से हमारे स्कूलों के छात्रों को दिल्ली के वास्तविक इतिहास, समृद्ध विरासत और संस्कृति से परिचित कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और उनके लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करना सभी की साझा जिम्मेदारी है। देश की राजधानी दिल्ली का इतिहास अत्यंत समृद्ध है। यहां विभिन्न ऐतिहासिक कालखंडों, सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक स्थलों, स्मारकों और स्थापत्य विरासत से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण स्मृतियां मौजूद हैं। हेरिटेज क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने शहर के इतिहास और विरासत को केवल किताबों में पढ़ने के बजाय उसे प्रत्यक्ष रूप से देखने, समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

'बच्चों को अपनी जड़ों और अपने शहर का इतिहास जानना जरूरी'

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की विरासत को जानना केवल इतिहास पढ़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने शहर और अपनी जड़ों को समझने की प्रक्रिया है। विद्यार्थियों को यह जानना चाहिए कि उनके आसपास मौजूद ऐतिहासिक इमारतों और स्थलों का क्या महत्व है और उनका दिल्ली के इतिहास से क्या संबंध है। इतिहास के कई ऐसे अध्याय हैं, जिनकी जानकारी अभी तक बच्चों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंची है। हेरिटेज क्लब विद्यार्थियों को उन अध्यायों को जानने, समझने और उन पर विचार करने का अवसर देंगे। उन्होंने कहा कि देश को अपनी विरासत को समझते हुए अपनी पहचान के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हेरिटेज क्लबों से बच्चों में देश, अपनी जड़ों और अपनी विरासत के प्रति जुड़ाव विकसित होगा। हेरिटेज क्लब छोटा कदम जरूर है, लेकिन इसके माध्यम से बच्चों में अपनी विरासत को जानने और उसके संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सकती है। आने वाले समय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए कई अन्य पहल और सुविधाएं भी सामने आएंगी।

'200 सरकारी स्कूलों में स्थापित होंगे वाटर एटीएम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाते हुए नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत इंद्रपुरी स्थित सीएम श्री स्कूल से सरकारी विद्यालयों में वाटर एटीएम स्थापित करने की पहल का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के 200 सरकारी स्कूलों में वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। प्रथम चरण में 100 विद्यालयों में वाटर एटीएम स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि शेष 100 विद्यालयों को अक्टूबर के अंत तक इस सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य है। इन वाटर एटीएम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छ, शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक मशीन की क्षमता प्रति घंटे 250 लीटर पानी को शुद्ध एवं ठंडा करने की है। महत्वपूर्ण रूप से, इस परियोजना में केवल मशीनों की स्थापना ही नहीं, बल्कि तीन वर्षों के संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल की गई है, ताकि विद्यार्थियों को लंबे समय तक निर्बाध रूप से इस सुविधा का लाभ मिलता रहे। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना का प्रतीक रहा है। उनके जन्मदिवस को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना उसी सेवा-संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

खबर संक्षेप

करंट लगने से 19 वर्षीय युवक की मौत

फरीदाबाद। राजीव कॉलोनी में शुक्रवार सुबह सैर के लिए घर से निकले 19 वर्षीय युवक और उसके पालतू कुत्ते की बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा पंडित चौक राजीव कालोनी के पास हुआ। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। राजीव कॉलोनी निवासी अमन एक निजी कंपनी में काम करता था।

नकली टाटा मोटर्स फैक्ट्री पर छापेमारी

फरीदाबाद। थाना पल्ला पुलिस ने नकली ब्रांडेड उत्पाद तैयार कर बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए बांध रोड स्थित एक फैक्ट्री पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली टाटा मोटर्स डीईएफ बरामद किया है। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक ज्वाला सिंह निवासी सूर्या विहार पल्ला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन मैनेजर हरिराम शर्मा की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

सांड को बचाने चाय के खोखे में जा घुसी कार

फरीदाबाद। सोहना रोड पर अपना सोसाइटी के पास शुक्रवार सुबह सांड को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलट गई। कार सड़क किनारे पड़े पत्थर से टकराने के बाद पलटते हुए चाय के खोखे में जा घुसी। गनीमत रही कि हादसे के समय चाय का खोखा बंद था और वहां कोई मौजूद नहीं था। मामला गौंछी पुलिस चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा है। गौंछी निवासी पुनीत भारद्वाज ने बताया कि वह सुबह अपने दो भतीजों के साथ कार में सरूरपुर रोड की तरफ जा रहे थे। एक सांड उनकी कार की तरफ दौड़ता हुआ आ गया।

सेवा संकल्प अभियानः बच्चों की पेंटिंग और रंगोली में दिखी विकसित भारत की तस्वीर

विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : राजन चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सरहौल गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय स्कूल में रंगोली, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा गुरुग्राम जिला मीडिया सह प्रभारी एवं सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन राजन चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से 'विकसित भारत' की कल्पना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोली और पेंटिंग में स्वच्छ, सशक्त, आत्मनिर्भर और आधुनिक भारत की तस्वीर नजर आई। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शिक्षा, राष्ट्र निर्माण, विकास, पर्यावरण संरक्षण और देश के उज्ज्वल भविष्य जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। राजन चौहान ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की पेंटिंग और रंगोली केवल कला नहीं, बल्कि उनके सपनों और संकल्पों में दिखाई देने वाले भारत के भविष्य की तस्वीर है। युवा पीढ़ी आने वाले समय में देश के विकास को नई दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर शिक्षा प्राप्त करने, कौशल विकसित करने और मेहनत व अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कहा कि विकसित भारत का संकल्प प्रत्येक नागरिक और विशेषकर युवा पीढ़ी का सामूहिक संकल्प है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य तारुशी, ड्राइंग टीचर मनीष, अनु, सभी अध्यापकों, गांव सरहौल के वरिष्ठ नागरिक जितेंद्र शर्मा और आयोजन से जुड़े लोगों का आभार जताया।

पीएम मोदी के जन्म दिवस पर प्रतीकात्मक रूप से पूजा सामग्री फल फ्रूट आदि'रिटर्न गिफ्ट सौंपा

पीएम मोदी के नाम पूजा सामग्री व फल भेजकर दिया आदि'रिटर्न गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग के निवास पर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से पूजा सामग्री फल फ्रूट आदि'रिटर्न गिफ्ट' सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने दो हजार से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर के विरोध को दर्ज कराने के लिए पूजा सामग्री, फल-फ्रूट सहित करीब दो हजार रुपए से अधिक मूल्य की सामग्री सांसद के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजी। सांसद अतुल गर्ग की ओर से सुनील ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से यह सामग्री प्राप्त की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आम जनता और व्यापारियों को यूपीआई व्यवस्था के संबंध में जो नया शुल्क ढांचा मिला है, उसके जवाब में यह कांग्रेस का 'रिटर्न गिफ्ट' है। कांग्रेस का कहना है कि छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए अतिरिक्त भुगतान-प्रसंस्करण लागत उनके सीमित मार्जिन पर असर डाल सकती है, विशेषकर त्योहारी खरीदारी के मौसम में। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि दीपावली, दशहरा और नवरात्र जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान बाजारों में बड़े पैमाने पर खरीदारी होती है। एक तरफ तो देश को डिजिटल बनाने की तरफ ले जा रहे हैं दूसरी तरफ डिजिटल पेमेंट पर अतिरिक्त एमडीआर टैक्स लगाया जा रहा है ऐसे समय में डिजिटल भुगतान से जुड़ी अतिरिक्त व्यापारी लागत को लेकर व्यापारियों की चिंताओं को सरकार को गंभीरता से सुनना चाहिए। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि कांग्रेस व्यापारियों की उन चिंताओं को सामने ला रही है, जिनमें यूपीआई भुगतान की लागत, व्यापारिक मार्जिन और डिजिटल भुगतान की निरंतरता प्रमुख मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को व्यापारियों के साथ संवाद कर ऐसा रास्ता निकालना चाहिए जिससे डिजिटल भुगतान व्यवस्था मजबूत भी रहे और व्यापारियों पर अनावश्यक लागत का दबाव भी न पड़े। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि व्यापारिक संगठनों की ओर से नए एमडीआर ढांचे को लेकर आपत्तियां सामने आई हैं और कुछ व्यापारियों ने डिजिटल भुगतान को लेकर अपनी नाराजगी सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है।

'आरोहण 6.0' के छठे संस्करण का आयोजन किया

साझी प्रगति का जश्न मनाया, कारोबार सहयोगियों ने तय की आगे की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनियों में से एक बॉन ग्रुप ने गुरुग्राम स्थित द उमराव रिजॉर्ट में 'आरोहण 6.0' के छठे संस्करण का आयोजन किया। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों से कंपनी के चैनल पार्टनर्स एक मंच पर जुटे।

आयोजन में साझा उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ आपसी संबंधों को मजबूत करने और भविष्य की विकास यात्रा के लिए नई दिशा तय करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कारोबार से जुड़े महत्वपूर्ण अपडेट, टीम इंटरैक्शन, सहयोग, साझा लक्ष्यों और बाजार में उपलब्ध अवसरों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। बॉन ग्रुप की निरंतर विकास रणनीति, प्रमुख प्राथमिकताओं और आगामी योजनाओं के साथ नए उत्पाद लॉन्च और पहलों की जानकारी भी पार्टनर्स के साथ साझा की गई।

इससे उन्हें कंपनी की आगे की विकास यात्रा में अपनी भूमिका और संभावित अवसरों को समझने का अवसर मिला।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिव मंगल पुत्र श्री राम सिंह निवासी गली नंबर 4, पिंकी चौधरी कॉलोनी, वेस्ट कमल विहार, बुराड़ी, दिल्ली** ने **FIR No. 166/2021 U/S 457/380/511 IPC, अन्तर्गत थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव मंगल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव मंगल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 166/2021 U/S 457/380/511 IPC, अन्तर्गत थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शिव मंगल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.10.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री पायल सिंगल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09 (केन्द्रीय)
केन्द्रीय जिला, कमरा नंबर 286, पहली मंजिल
DP/13258/N/2026(Court Matter) तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

महत्वाकांक्षी एयरोसिटी योजना को धरातल पर उतारने के लिए जुटा जीडीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

अपनी महत्वाकांक्षी एयरोसिटी योजना को धरातल पर उतारने के लिए जीडीए अधिकारी पूरी तरह से जुट गए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को लैंड पूलिंग से भूमि जुटाने के लिए प्रथम भूस्वामी से जीडीए उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कलाल व अन्य अधिकारियों के समक्ष लिखित सहमति दे दी। जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बताया कि प्रस्तावित एयरोसिटी योजना मोरटी, अटोर एवं मेवला अगरी ग्रामों की लगभग 231 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। योजना का प्रमुख आकर्षण एवं केंद्र प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा। स्टेडियम के आसपास सुनियोजित एवं आधुनिक शहरी विकास के माध्यम से क्षेत्र को एक नए विकसित शहरी केंद्र के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि हयएरोसिटी योजना के अंतर्गत क्षेत्र के समग्र एवं सुनियोजित विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रस्तावित योजना में आवासीय एवं वाणिज्यिक गतिविधियों के साथ-साथ आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी तथा आधुनिक नागरिक सुविधाओं के विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। क्षेत्र में आर्थिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ रोजगार एवं निवेश के नए अवसर भी सृजित होने की संभावना है। श्री कलाल के मुताबिक भूमि जुटाव की प्रक्रिया में लैंड पूलिंग को आधार बनाया गया है, जिसके अंतर्गत संबंधित भूस्वामियों की सहमति एवं सहभागिता के माध्यम से योजना को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रथम सहमति प्राप्त होना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक उपलब्धि है तथा प्राधिकरण द्वारा आगे भी भूस्वामियों से संवाद एवं समन्वय के माध्यम से प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	रोहतक, सोनीपत, झज्जर, रेवाड़ी जिलों के ब्लॉक्स में राजकीय विद्यालयों को एसएफएसएमपी के परिवहन हेतु वाहन को किराये पर लेना।	18.09.2026 28.09.2026	डीएनआईटी के अनुरूप	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/49428/I/88/7 दि. 18.09.26

70 तोले सोना, ढाई किलो चांदी ले गए

पूर्व सरपंच को नशीला पदार्थ सुंघाकर डेढ़ करोड़ की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पूर्व महिला सरपंच के परिवार को बंधक बनाकर चोर डेढ़ करोड़ रुपए के गहने ले गए। इसमें 70 तोले सोना, ढाई किलो चांदी शामिल है। इसके साथ ही अलमारी में रखे 3.5 लाख रुपए भी चोरी कर लिए गए। घटना बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव साहूपुरा गांव में हुई। पूर्व सरपंच राधा रानी परिवार के साथ घर में मौजूद थीं। चार-पांच युवक अचानक दीवार फांदकर घर में घुस आए। कमरे में सो रहे परिजनों को कुछ पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया।

बाहर से कुंडी लगाकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब उनके पति देवी स्वरूप उठे तो उन्हें अलमारी से गहने और कैश गायब मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सदर थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साहूपुरा निवासी पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवी स्वरूप के मुताबिक गुरुवार देर रात चोर घर की दीवार कूदकर अंदर दाखिल हुए। उस समय वह पत्नी राधा रानी और सबसे छोटे बेटे के साथ नीचे कमरे में सो रहे थे, जबकि दूसरा बेटा और उसकी पत्नी ऊपर के कमरे में थे। परिवार की एक बहू बच्चे के साथ मायके गई हुई थी। चोरों ने वारदात के दौरान परिवार के कुछ सदस्यों के कमरों को बाहर से कुंडी लगा अंदर बंद कर दिया। इसके बाद घर से सोना-चांदी व नकदी चोरी कर ले गए। पूर्व सरपंच राधा रानी ने बताया कि वह रात करीब 11 बजे सो गई थी। घर में घुसे चोरों ने उन्हें कुछ पदार्थ सुंघा दिया। सुबह जब चार बजे उनकी आंख खुली तो उठने में परेशानी हो रही थी। पति देवी भी अक्सर चार बजे उठ जाते हैं। मगर उन्हें भी उठने में परेशानी हुई। परिवार के अन्य सदस्य की आंख करीब 6 बजे खुली। देवी ने बताया कि जिस कमरे में वह सो रहे थे उसकी कुण्डी सुबह खुली थी। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे नींद खुलने पर उन्होंने सामने वाले कमरे का दरवाजा खुला देखा।

अलमारी में रखें साढ़े तीन लाख रुपए गायब

अंदर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में ऊपर की साइड बने लॉकर से गहने गायब थे। देवी ने बताया कि अलमारी चेक करने के बाद वे तुरंत ऊपर की मंजिल पहुंचे। यहां जिस परिवार में बेटा सोया हुआ था, उनकी कुंडी बाहर से बंद थी। इसके बाद कुंडी खोलकर पूरे घर को चेक किया गया। अलमारी में रखा साढ़े तीन लाख रुपए कैश भी गायब मिला। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। थाना प्रभारी प्रकाश चंद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

अपने दोस्त के साथ सोसाइटी के एक फ्लैट पर पहुंची थी युवती

आधी रात को अर्धनग्न युवती सोसाइटी में रोते हुए घूमती रही, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन स्थित के डब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में एक युवती के 10 मिनट तक फटे हुए कपड़ों में रोते हुए घूमते रहने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी लिखित सूचना कविनगर पुलिस को भी स्थानीय निवासियों ने दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की लिखित सूचना में बताया है कि युवती ने सुबह 5 बजे सोसाइटी के एक फ्लैट की डोरबेल बजाकर कपड़े मांगे, महिला कपड़े लेकर वापस आई तो लड़की जा चुकी थी, वो लिफ्ट से बेसमेंट से बाहर जाते हुए सीसीटीवी में कैद हुई है।

स्थानीय निवासियों ने दुष्कर्म की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को शिकायत बताया है कि घटना 15 सितंबर की रात की है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई एफआईआर तक दर्ज नहीं की। मामला नंदग्राम थाना क्षेत्र का है। वीडियो वायरल होने के संबंध में पुलिस का कहना है कि एक लड़का और एक लड़की जो कि पूर्व से परिचित हैं के डब्ल्यू सृष्टि में अपने फ्रेंड के फ्लैट पर आए हुए थे। जिसमें उनमें आपस में विवाद हुआ है। विवाद में लड़की वहां से निकल गई। उस वीडियो की जांच की जा रही है, जांच करके आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अब बताया जा रहा है कि युवती ने पुलिस को लिखकर दिया है कि वो इस मामले में कोई कारवाई नहीं चाहती है।

उत्तर रेलवे

(ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/सामान्य, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर वाटर वेडिंग मशीनों (WVMs) और मल्टी पर्पज स्टालों (MPSs) के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (**https://ireps.gov.in/**) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है:

नीलामी कैटलॉग संख्या	ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय	क्लस्टर संख्या	रेलवे स्टेशन पर WVMs की संख्या
CTG-WVM-09-2026	05.10.2026 को 11:00 बजे	I	कुल 06 WVMs (गढ़ी हरसरू रेलवे स्टेशन पर 01 WVM, पातली रेलवे स्टेशन पर 01 WVM, पटौदी रोड रेलवे स्टेशन पर 01 WVM, पालम रेलवे स्टेशन पर 01 WVM तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs)
		J	कुल 06 WVMs (मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, विवेक विहार रेलवे स्टेशन पर 01 WVM तथा दिल्ली शहादरा रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs)
		H	कुल 07 WVMs (जींद रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, नरवाना रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, टोहाना स्टेशन पर 02 WVMs तथा मानसा रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs)
		A	कुल 06 WVMs (बरौत रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, बागपत रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, नोली स्टेशन पर 01 WVMs, शामली रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs तथा रामपुर मनिहारान स्टेशन पर 01 WVM)
		D	कुल 07 WVMs (पानीपत रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs, समालखा रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs तथा भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs)
		F	कुल 06 WVMs (कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs, करनाल रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs तथा शाहबाद मारकंडा रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs)
		E	कुल 06 WVMs (बादली रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, गन्नौर रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs तथा सोनीपत रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs)

नीलामी कैटलॉग संख्या	ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय	रेलवे स्टेशन	लॉट संख्या
MPS-SEP-01-26	05.10.2026 को 11:00 बजे	DEE	MPS-DLI-DEE-MPS-163-25-2 MPS-DLI-DEE-MPS-131-25-2
		NZM	MPS-DLI-NZM-MPS-115-25-2 MPS-DLI-NZM-MPS-119-25-1 MPS-DLI-NZM-MPS-158-25-2
		KUN	MPS-DLI-KUN-MPS-135-25-2
		MDNR	MPS-DLI-MDNR-MPS-147-25-2
		MTC	MPS-DLI-MTC-MPS-140-25-1 MPS-DLI-MTC-MPS-141-25-1

वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: **https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)**

आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता।
- एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; IREPS खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण; निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन; टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण।
- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और VAN तंत्र के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले के पास भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।
- जिन ठेकेदारों के पास IREPS के किसी भी मॉड्यूल के लिए IREPS खाता नहीं है, वे IREPS होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा / ई–नीलामी पट्टे) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055, ई–मेल: **catering.delhidivision@gmail.com, टेलीफोन: 011–23743084.**

No. 23 AC/Ctg./e-Auction/WVM & MPS/2026 Date: 18.09.2026 3240/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियंता ने काम को शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए

आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव सेक्टर-2 फरीदाबाद के शिष्टमंडल ने समस्याओं को लेकर अधीक्षक अभियंता हुडा से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव सेक्टर-2 फरीदाबाद के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को सेक्टर की समस्याओं को लेकर अधीक्षक अभियंता हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के साथ बैठक की। महासचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि आरडब्ल्यूए ने सेक्टर-2 के अंदर की सड़कों का मुद्दा अधिकारी के सामने उठाया। उन्होंने बताया कि मकान नंबर 2387 से 2394 और 2435 से 2436 के सामने की सड़क में बहुत बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इसके साथ-साथ वेदांत ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी से बल्लभगढ़ की तरफ जाते हुए मकान नंबर 2254 से 2265 के सामने रोड पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं।

यह सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है। उन्होंने तिगांव रोड से सेक्टर 2 के लिए बनी सर्विस रोड का पुनर्निर्माण करने का मुद्दा भी उठाया। अधिकारियों ने इस सड़क पर पैच वर्क का कार्य शीघ्र करने का आश्वासन दिया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इन समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। शिष्टमंडल में प्रधान जगदीश अधाना और वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शर्मा, मुख्य प्रबंधक सेवानिवृत्ति ओम प्रकाश, जगदीश प्रभाकर, जगदीश चंद्र आदि शामिल रहे। वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शर्मा ने सेक्टर में जल आपूर्ति के समय पानी में मिट्टी आने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। शिष्टमंडल ने बताया कि सेक्टर में पार्कों की हालत बहुत खराब है। पार्कों की दीवारों और गेटों पर रंग रोगन नहीं हुआ है। सर छोटू राम पार्क और शहीद भगत सिंह पार्क के गेट टूटे हुए हैं। मकान नंबर 1862 से 1875 के सामने स्थित तिकोना पार्क के घरों के चारों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसके साथ-साथ उन्होंने नर्सरी स्कूल में हुई बाउंड्री वाल को तोड़े जाने के बारे में भी मुद्दा उठाया। अधीक्षक अभियंता ने बताया कि पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सेक्टर में बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा। इसके साथ-साथ 30 बिस्तर के अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य 30 सितंबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सेक्टर-2 फरीदाबाद के मकानों के नंबर प्लेट दोबारा से लगाने का कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। अधीक्षक अभियंता ने सेक्टर-2 की सड़कों के दोनों तरफ झाड़ियां और घास इत्यादि को एक महीने के अंदर साफ करने का आश्वासन दिया।

देश के 130 शहरों के स्वच्छता सर्वे में लखनऊ ने हासिल किया है पहला स्थान

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि वाहन प्रदूषण के तहत पुराने वाहनों, नई ईवी नीति, इलेक्ट्रिक बसों, प्रदूषण प्रमाणपत्र की अनिवार्यता और एग्रीगेटर वाहनों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की।

इसमें एनसीआर से जुड़े नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर समेत आठ जिलों में वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपायों और कार्ययोजना की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री आवास पर बैठक में शामिल हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव

एयर पॉल्यूशन डिवाइस लगाए जाने की जानकारी दी

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि वाहन प्रदूषण के तहत पुराने वाहनों, नई ईवी नीति, इलेक्ट्रिक बसों, प्रदूषण प्रमाणपत्र की अनिवार्यता और एग्रीगेटर वाहनों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। औद्योगिक प्रदूषण की समीक्षा में करीब 80 प्रतिशत उद्योगों में ओसीईएमएस (ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली) और एयर पॉल्यूशन डिवाइस लगाए जाने की जानकारी दी गई। शेष उद्योगों में भी इन्हें लागू करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

वायु प्रदूषण को लेकर दिसंबर से अब तक 30 से अधिक बैठकें

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक हुई है। अब राजस्थान और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के साथ भी बैठक कर प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा। पराली प्रबंधन को लेकर राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ केंद्रीय कृषि मंत्रालय के स्तर पर भी समन्वय किया जा रहा है। एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पिछले दिसंबर से अब तक 30 से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। 63 छोटे शहरों के स्थानीय निकायों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान को सफल बनाने में जनता के सहयोग और मीडिया की जागरूकता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागीय उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

आगरा समेत प्रदेश के अन्य शहरों का प्रदर्शन भी सराहनीय

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बैठक में धूल प्रदूषण पर मैकेनाइज्ड और डीप क्लीनिंग की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट तथा कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ कंसल्टेशन कार्यक्रम चलाने पर भी सहमति बनी है। एनसीएपी के तहत देश के 130 शहरों के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में लखनऊ ने प्रथम स्थान हासिल किया है। आगरा समेत प्रदेश के अन्य शहरों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लक्ष्य से अधिक पौधरोपण के लिए योगी आदित्यनाथ को बधाई दी।

खबर संक्षेप

नीतीश ने अपनी इच्छा से छोड़ा था सीएम पद

पटना। बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती एवं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अपनी इच्छा से सीएम पद छोड़ा था और भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें ऐसा करने के लिए नहीं कहा था। चौधरी ने यह भी दोहराया कि राज्यसभा सदस्य बन चुके नीतीश कुमार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 'निर्विवाद नेता' बने हुए हैं।

बच्चे सपनों को पूरा करने का प्रयास करें: राज्यपाल

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से दिल्ली के राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय के 20 छात्रों, प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं विद्यालय के पूर्व छात्रों ने मुलाकात की। विद्यार्थियों ने राज्यपाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्यपाल की हाथों से बनाई गई पेंटिंग भेंट की। विद्यालय के पूर्व छात्र सत्येंद्र त्रिपाठी के सहयोग से आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थी पहली बार हवाई यात्रा कर लखनऊ पहुंचे।

कॉमर्शियल गाड़ियों से टैक्स वसूलेगा निगम

धनबाद। शहर की सड़कों पर दौड़ते कॉमर्शियल वाहनों से टैक्स वसूली की तैयारी है। नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निगम समेत नगर निकायों को पत्र लिखकर शहर से गुजरने वाले कॉमर्शियल वाहनों की संख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। राजस्व को बढ़ाने की दिशा में पहल हो रही है। सरकार ने नगरपालिका मार्ग कर नियमावली लागू करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है।

एक लाख जॉब्स देने की प्रक्रिया भी होगी प्रारंभ

यूपी में आज से शुरू होगा नौकरी देने का महाअभियान, सीएम बांटेंगे नियुक्ति पत्र

यूपी में युवाओं को 1 लाख नौकरी देने की प्रक्रिया कल यानी शनिवार से प्रारंभ हो जाएगी। साथ ही, 19 सितंबर को सीएम योगी लखनऊ में चार विभागों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र सौंपेंगे...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में कल यानी 19 सितंबर से नौकरी देने का महाअभियान शुरू होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद लखनऊ में नियुक्ति पत्र बांटेंगे। इसके अलावा, 19 सितंबर से एक लाख नौकरियां देने की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी, जिसकी घोषणा खुद सीएम योगी ने 16 सितंबर को गोरखपुर से की थी।

गौरतलब है कि 19 सितंबर को 4 विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को सीएम योगी नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके साथ ही, अगले 6 महीने में 1 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य है। इससे पहले, गोरखपुर में 16 सितंबर को सीएम योगी ने ऐलान किया था कि 19 सितंबर से 1 लाख नौकरियों की प्रक्रिया शुरू होगी।

खास बातें

- 4 विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे जाएंगे नियुक्ति पत्र
- 16 सितंबर से शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन शुरू हो चुका

9 साल में साढ़े 9 लाख लोगों को दी नौकरी

यूपी में 9 साल में साढ़े 9 लाख सरकारी नौकरियां देने का सरकार का आंकड़ा है। युवाओं को रोजगार देने की दिशा में यूपी सरकार बड़ा अभियान चलाने जा रही है। साथ ही, 16 सितंबर को 15 हजार 12 शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन भी शुरू हो चुके हैं। इसके अलावा, पुलिस व राजस्व विभाग में भी जल्द भर्तियां शुरू होंगी।

नौजवानों को बिना भेदभाव के मिले नौकरी

गोरखपुर के एक कार्यक्रम में 16 सितंबर को बोलते हुए सीएम योगी ने कहा था, 'नौजवानों को बिना भेदभाव के नौकरी मिले। आज ही आपने देखा होगा, बेसिक, माध्यमिक और अन्य विद्यालयों में टीजीटी के, पीजीटी के, बेसिक शिक्षा परिषद के शहरी क्षेत्रों में हजारों शिक्षकों की नियुक्ति के विज्ञापन जारी हो गए हैं और आज से एप्लीकेशन मांगनी प्रारंभ हो गई हैं।'

अगले 6 महीने में 1 लाख नौजवानों को देंगे नौकरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा था कि हम इस वर्ष के अंदर, यानी अगले 6 महीने में विधानसभा के चुनाव घोषणा होने के पहले हमने कह रखा है कि 1 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी यूपी के अंदर उपलब्ध करवाएंगे। और यह कार्य 19 सितंबर से हम करने जा रहे हैं। आप सोचिए, इसमें से 77 हजार तो केवल यूपी पुलिस और होमगार्ड की भर्तियां हो रही हैं। और हम इस कार्यक्रम की शुरुआत 19 सितंबर से करने जा रहे हैं। इससे पहले हमने 9.5 लाख नौजवानों को नौकरी दी है।

मऊ, कानपुर और सीतापुर समेत पांच जिलों में टेक्सटाइल पार्क बनाने की तैयारी

लखनऊ। मऊ, कानपुर और सीतापुर समेत यूपी के पांच जिलों में संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क विकसित किए जाने की तैयारी है। कपड़ा उद्यमियों ने यूपी में निवेश की इच्छा जताई है। इसको लेकर हस्तशिल्प, खादी एवं वस्त्रोद्योग विभाग ने इसके लिए भूमि चिह्नित कर ली है। अगले महीने होने वाली कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। पांच अन्य जिलों में पहले से ही यह पार्क विकसित किए जा रहे हैं। संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना के तहत मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर तथा रायबरेली में टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इन जिलों में बंद कताई मिलों की भूमि इसके लिए चिह्नित की गई है। भूमि यदि कम पड़ेगी तो अतिरिक्त भूमि का इंतजाम किया जाएगा।

बृजभूषण सिंह का पतंजलि मानहानि केस

मिलावट करने वालों के सम्राट हैं रामदेव, कई प्रोडक्ट हो चुके बंद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के घी को नकली बताने पर मानहानि का केस झेल रहे भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। बृजभूषण ने पलटवार करते हुए कहा कि रामदेव मिलावट करने वालों के सम्राट हैं। बृजभूषण ने कहा कि बाबा रामदेव के बहुत से प्रोडक्ट कई देशों में बंद हो चुके हैं।

पिथौरागढ़ में 2022 में खाद्य सुरक्षा विभाग के मामले में कंपनी पर जुर्माना लग चुका है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में उनके खिलाफ केस चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है। बृजभूषण ने कहा कि मानहानि के दावे की बात करें तो यह भी एक तरह से पॉजिटिव चर्चा ही है। मिलावटी घी, तेल और खाने-पीने की चीजें मिल रही हैं। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि इसके लिए सिर्फ रामदेव जी जिम्मेदार हैं, लेकिन वे मिलावट करने वालों के सम्राट जरूर हैं। देर-सवेर सरकार को मिलावट के खिलाफ अभियान चलाना ही होगा।

बाबा रामदेव की कृपा से फिर नकली घी की चर्चा में है

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि पतंजलि ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है। इस पर उन्होंने कहा कि इसमें हमारी क्या गलती है? चर्चा राजनीति के लक्षण हैं। पहले कुछ प्रकरण में चर्चा में थे, अब बाबा रामदेव जी की कृपा से फिर नकली घी की चर्चा में हैं।

रामदेव का घी खाने से आपका बच्चा स्वस्थ नहीं होगा

बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने योग गुरु रामदेव के बारे में कहा कि यह मामला 2022 का है। एक कथा में गए थे। प्रवचन में लोगों को समझाते हुए मैंने कहा था कि गाय पालें, अपनी सब्जियां उगाएं, अपना दूध पैदा करें और अपना घी बनाएं। वरना, रामदेव का घी खाने से आपका बच्चा स्वस्थ नहीं होगा।

पेज एक का शेष

ममता ने जिस कांग्रेस ...

नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की थी।

ममता ने कांग्रेस को समर्थन क्यों दिया?: ममता बेनर्जी के गुट ने पहले नंदीग्राम से संचिता प्रधान डे को अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। इसके बाद ममता ने कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने का फैसला किया। ममता ने कांग्रेस को 'सिस्टर पार्टी' बताते हुए कहा कि यह फैसला विपक्षी गठबंधन को मजबूत करने के लिए किया गया है।

दो फूल-घास चुनाव चिन्ह को फ्रीज किया: चुनाव आयोग ने अक्टूबर 6 को होने वाले उपचुनाव के लिए ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और दो फूल-घास चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया। आयोग ने ममता बेनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। वहीं अरूप रॉय के नेतृत्व वाले दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिन्ह दिया गया है। यह व्यवस्था फिलहाल अंतरिम है।

चुनाव आयोग ...

फैसले को 'असंवैधानिक, गैरकानूनी, अलोकतांत्रिक और पूरी तरह पक्षपातपूर्ण' बताया है। उन्होंने आयोग पर राजनीतिक दुर्भावना से काम करने का आरोप भी लगाया। ममता का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी, नामांकन दाखिल हो चुके थे और उम्मीदवार अपने चुनाव चिह्न जमा कर चुके थे।

पाकिस्तान के...

के साथ पाकिस्तान की सच छिपाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। यहां बता दें कि भारत के विरोध दर्ज कराने पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि यह घटना हमारे एसईजेड में भारत के युद्धपोत की बेहद उकसावे के साथ की गई अस्वीकार्य कार्रवाई के बाद हुई है।

शांतिकाल में हुई पहली बड़ी टक्कर: गौरतलब है कि कोलकाता युद्धपोत और हुनैन जहाज के बीच टक्कर की बीते लगभग डेढ़ दशक में हुई यह पहली घटना है। पूर्व में वर्ष 2011 में पाकिस्तानी बाबुर जहाज और नौसेना के गोदावरी युद्धपोत के बीच अदन की खाड़ी के इलाके में टक्कर हुई थी। इस घटना का जिक्र तत्कालीन रक्षा मंत्री ए.के.एंटनी ने संसद में भी किया था। इसके अलावा शांतिकाल में ही दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच कुछ और सैन्य घटनाएं भी हुई हैं। जिनमें 2022 में गलती से दागी गई ब्रह्मोस मिसाइल, 2011 में इसी तरह से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उतरा भारतीय हेलीकॉप्टर, 1999 में गिराए गए पाकिस्तानी नौसेना के एक जहाज की घटना शामिल है।

बोले-कुछ लोगों ...

रहता है। धर्म को लेकर भ्रम का एक कारण अपनी भाषा और धर्म के वास्तविक अर्थ को भूल जाना है। पश्चिमी देशों के लोगों ने भारत में धर्म के आचरण, कर्मकांड और अनुशासन को देखा और उसे अपने यहां के 'रिलीजन' के समान समझ लिया। बाद में भारत में भी धर्म को रिलीजन कहा जाने लगा। जैसे कुश्ती सीखने के लिए अखाड़े में दंड-बैठक लगाना जरूरी है, उसी तरह धर्म के कर्मकांड और अनुशासन उसके अभ्यास का हिस्सा हैं। कर्मकांड धर्म का एक अंग है, लेकिन पूरा धर्म नहीं है।

धर्म को समझना है तो पूर्वाग्रहों को छोड़ें: संघ प्रमुख ने कहा कि धर्म इंसानी व्यवहार में झलकता है और उन्होंने युवा प्रतिभागियों से कहा कि अगर वे इसे समझना चाहते हैं, तो उन्हें अपने पूर्वाग्रहों को छोड़ना होगा। उन्होंने धर्म को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी से भी जोड़ा और कहा कि इंसानों का फर्ज है कि वे प्रकृति की रक्षा करें। साथ ही, जंगलों को नष्ट करना और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना अधर्म है।

भारत के डीएनए में धर्म : डॉ. भागवत ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि पश्चिम दिशा में एक पड़ोसी देश बिना कारण विवाद करता है और बार-बार तकलीफ देता है। उन्होंने कहा कि उसे कई बार सबक भी सिखाया गया, लेकिन भारत ने कभी यह नहीं कहा कि विवाद करने के कारण वह वापस आ जाए या उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग विचारधाराओं की सरकारें रही हैं, लेकिन दुनिया के संघर्षों में भारत ने अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप नहीं किया। जिन लोगों ने भारत को तकलीफ दी, जरूरत पड़ने पर भारत ने उनकी मदद भी की और यह नहीं देखा कि वहां किस विचारधारा के लोग सत्ता में हैं। भागवत ने कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि भारत के डीएनए में धर्म है।

क्या खिला रहे...

प्रमुख नेताओं ने इंदौर में डेरा डाल रखा है। तीनों ने शुक्रवार को मीडिया से भी बात की। मंच के मुख्य पोस्टर पर 'घोटालों का घेरा है, तभी भविष्य अंधेरा है' लिखा गया है। इसके अलावा मंच के दोनों ओर छात्रों की समस्याओं से जुड़े बैनर लगाए गए हैं। इनमें 'फीस बढ़ी, मुश्किल हुई पढ़ाई, छात्र पूछें कब होगी सुनवाई?' और 'स्कूल है पर पढ़ाई नहीं, डिग्री है पर कमाई नहीं' जैसे स्लोगन लिखे गए हैं।

यह है राहुल गांधी का संभावित कार्यक्रम: कार्यक्रम के अनुसार राहुल दोपहर 1:30 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे होटल रेडिसन जाएंगे। शाम 6 बजे होटल से रवाना होंगे और शाम 6:45 बजे रीजनल पार्क स्थित सभा स्थल पहुंचेंगे। रात 8 बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना होने का संभावित कार्यक्रम है। ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होने वालों को फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा और एंट्री गेट पर अपना रजिस्ट्रेशन लिंक दिखाना होगा। कार्यक्रम स्थल पर पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, बैग, लैपटॉप, हेलमेट, ड्रोन, इंजेक्शन, सिगरेट, लाइटर और चाकू जैसे सामान ले जाने पर रोक है। 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए डोम लगाया जा चुका है और मंच पूरी तरह तैयार है। 250 कांग्रेस नेताओं के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की गई है। रजिस्ट्रेशन के लिए बाहर काउंटर बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कुल 7 एंट्री गेट बनाए गए हैं। रीजनल पार्क के सामने से वीआईपी के लिए 2 और वीवीआईपी के लिए 1 अलग गेट रहेगा। मुख्य डोम में मंच के सामने दाईं तरफ छात्रों और बाईं तरफ छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। राहुल गांधी और कार्यक्रम में शामिल होने वाले कलाकारों के लिए पीछे की तरफ से अलग रास्ता रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था में 15 पुरुष गार्ड, 15 महिला गार्ड, 30 महिला बाउंसर, 50 पुरुष बाउंसर और 18 ट्रैफिक मार्शल तैनात रहेंगे।

अब तक ...

है। भारत में जन्मे चीतों की संख्या अब 36 हो गई है। सीएम ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान से शुरू हुई चीता पुनर्स्थापना की ऐतिहासिक यात्रा अब नए मुकाम पर पहुंच गई है। देश में चीतों की पुनर्स्थापना सबसे पहले मप्र में प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर को 2022 को हुई थी। तब से आज तक में चीते बढ़कर 56 हो गए हैं। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि कूनो में बीते दिनों जन्मे चार नन्हें शावक चीता संरक्षण की हमारी यात्रा में आशा, जीवटता और सफलता का सुंदर प्रतीक है। पुनर्स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के अगले ही दिन शुक्रवार भारत में ही जन्मी मादा चीता केजीपी 12 ने कूनो में चार नन्हें शावकों को जन्म दिया।

2022 में सबसे पहले 8 चीते नामीबिया से कूनो पहुंचे थे: कूनो में 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से 8 चीते पहुंचे थे। मौजूदा मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल उस वक्त वन विभाग के अपर मुख्य सचिव थे। उन्होंने नामीबिया से चीता लाने के लिए कई तरह से प्रयास किए। विशेषज्ञ टीम के साथ खुद नामीबिया जाकर आश्वस्त हुए कि मप्र के मानसून में नामीबिया के चीते आसानी से रह सकेंगे। उन्होंने बाकायदा इसका अध्ययन कराने के बाद ही चीतों को यहां लाने के लिए आश्वस्त हुए। इसके बाद फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते भारत लाए गए। बाद में फरवरी 2026 में बोत्सवाना से 9 चीते भारत लाए गए। इन पुनर्स्थापना प्रयासों और भारत में हुए प्रजनन के परिणामस्वरूप अब कुल 56 जीवित चीते हैं।

केंद्र सरकार ने थोक ...

सुझावों पर विधिवत विचार किया गया है। वर्तमान में उत्पादन, उपभोग या उपयोग के लिए कच्चे माल के रूप में प्रति माह 10 मीट्रिक टन से अधिक चीनी का उपयोग करने वाले थोक उपभोक्ताओं को 15 दिनों से अधिक की अवधि के लिए चीनी का स्टॉक रखने की अनुमति है। थोक उपभोक्ताओं ने सुझाव दिया है कि मौजूदा सीमा को विशेष रूप से आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि उन्हें अग्रिम स्वीकृति योजना और शुल्क दर कोटा के तहत आयातित चीनी रखने वाले आयातकों से सीधे चीनी खरीदने की अनुमति दी जाए, ताकि घरेलू आपूर्ति को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना औद्योगिक खपत के लिए चीनी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस उपाय का उद्देश्य थोक उपभोक्ताओं के हितों और घरेलू चीनी बाजार में स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता के बीच संतुलन स्थापित करना है। इससे आगामी त्योहारी सीजन के दौरान वास्तविक औद्योगिक उपभोक्ताओं को परिचालन में अधिक लचीलापन मिलेगा। इसके साथ ही यह सुनिश्चित होगा कि घरेलू भंडारों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाए अतिरिक्त भंडार आयातित चीनी से प्राप्त किया जाए।

'खुदरा चीनी की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट': उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि खुदरा चीनी की कीमतों में अपने उच्चतम स्तर से लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आई है (अगस्त में 65 रुपये से घटकर 58.50 रुपये हो गई है)। हालांकि मिल से प्राप्त कीमतों में पहले ही लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सरकार का मानना है कि खुदरा कीमतों में धीमी गिरावट से यह संकेत मिलता है कि मिल से प्राप्त कीमतों में कमी का लाभ आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से उपभोक्ता तक पूरी तरह से नहीं पहुंचा है। शुक्रवार को भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (आईएसएमए), राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाने संघ और चीनी व्यापार के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित एक संयुक्त बैठक में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि मिल से प्राप्त कीमतों में कमी अभी तक खुदरा कीमतों में पूरी तरह से परिलक्षित नहीं हुई है। सरकार ने आज चीनी व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं से मिल से चीनी के दामों में हुई भारी कमी का लाभ तुरंत उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की अपील की है। इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि खुदरा कीमतों में गिरावट मिल स्तर पर पहले से ही हासिल की गई कमी के अनुरूप होनी चाहिए। सरकार ने चीनी मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों से आगामी त्योहारों के दौरान चीनी और चीनी आधारित उत्पादों को उपभोक्ताओं की पहुंच के भीतर और किफायती बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आह्वान किया।

टाइपिंग टेस्ट में तीन बार फेल हो गया क्लर्क

जिलाधिकारी ने कर दिया डिमोशन बनाया चपरासी

एजेंसी ▶▶ बरेली

यूपी के बरेली में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कनिष्ठ लिपिक रेहान खान पर ऐक्शन लेते हुए उसका डिमोशन कर दिया है। लिपिक रेहान तीन बार टाइपिंग टेस्ट में फेल हो चुका है। रेहान हिंदी टंकण परीक्षा में लगातार फेल हो रहा था। टाइपिंग टेस्ट में तीन बार फेल होने पर कनिष्ठ लिपिक रेहान खान का डीएम ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में डिमोशन कर दिया है।

डीएम अविनाश सिंह के आदेश पर उनको चतुर्थ श्रेणी के पद पर भेज दिया गया। अन्य मृतक आश्रित कर्मचारियों के हिन्दी टाइपिंग परीक्षा में फेल हो जाने के फलस्वरूप राहुल कुमार और लक्ष्मी सक्सेना को तीसरा व अन्तिम अवसर जबकि कंचित चौधरी और नेहा जोशी को द्वितीय अवसर प्रदान किया गया। इन लोगों को दो महीने का समय दिया गया है।

गबन का आरोपी कनिष्ठ सहायक अंशु वर्मा बर्खास्त

वहीं दूसरे मामले में फरीदपुर में राजस्व वसूली की रकम के कथित गबन के मामले में कनिष्ठ सहायक अंशु वर्मा की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। ट्रिब्यूनल के आदेश पर अंशु के प्रकरण की दोबारा से सुनवाई हुई थी। सभी आरोपों के सही पाए जाने पर अंशु को बर्खास्त कर दिया गया है। अंशु वर्मा फरीदपुर तहसील में कार्यरत था। उसके ऊपर यह आरोप था कि उसने कई अमीनों के पैसों का गबन करके अपने पर्सनल खाते में डाल लिया था।

8वीं की छात्राओं को ऑफिस में ले जाकर गलत काम

स्कूल में जमकर हुआ बवाल हेडमास्टर को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नवादा

बिहार के नवादा जिले के एक सरकारी स्कूल में से छात्राओं के साथ गलत हरकत करने के आरोप में हेडमास्टर को गिरफ्तार किया गया है। छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर छेड़खानी और गलत नीयत से छूने (बैड टच) का आरोप लगाया। इसके बाद स्कूल में शुक्रवार को जमकर बवाल मचा।

स्थानीय लोगों की भीड़ स्कूल में जुट गई और हेडमास्टर पर मारपीट को उतारू हो गई। 8वीं की छात्राओं का आरोप है कि हेडमास्टर ने उन्हें ऑफिस में ले जाकर उनके साथ गलत काम किया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे नवादा सदर प्रखंड में स्थित उत्क्रमति मध्य विद्यालय, आनंदपुरा की है। गिरफ्तार हेडमास्टर की पहचान 52 वर्षीय महेश प्रसाद यादव के रूप में की गई है। वह नवादा के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित बिशुनपुर गांव के रहने वाले हैं।

हेडमास्टर पर स्कूल की आठवीं कक्षा की कुछ छात्राओं के साथ छेड़खानी व बुरी नीयत से शरीर को टच करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर स्कूल में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बाद आसपास के ग्रामीण भी स्कूल पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने हेडमास्टर को उनके ऑफिस में बंद कर दिया। इस बीच ग्रामीणों ने डायल 112 को घटना की सूचना दी। डायल 112 ने स्कूल पहुंचने पर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। परंतु लोगों के आक्रोश को देखते हुए नगर थाने की पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे नगर थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने लोगों को शांत कराया और हेडमास्टर को सुरक्षित निकालकर थाने ले आए।

सड़कों की खराब स्थिति को चुनावी मुद्दा बनने से रोकने का प्रयास

यूपी चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा दांव, 3095 करोड़ रुपए से बनेंगी 36 सड़कें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

विधान सभा चुनाव का समय करीब आते ही प्रदेश सरकार अपनी तैयारियों को चाक चौबंद करने में जुट गई है। विपक्ष द्वारा विधान सभा क्षेत्रों में सड़कों की खराब स्थिति को चुनावी मुद्दा बनाए जाने की आशंका को देखते सड़कों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराने की दिशा में काम शुरू किया गया है।

जनप्रतिनिधि भी इन सड़कों के शीघ्र निर्माण के लिए सरकार पर दबाव बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति की दो बैठकों में 36 सड़कों के निर्माण के लिए 3095 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। लोक निर्माण

विभाग सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया की तैयारी कर रहा है। व्यय वित्त समिति की बैठक में स्वीकृत सड़कों की लागत 25 करोड़ रुपए से लेकर 665 करोड़ रुपए तक है। व्यय वित्त समिति से स्वीकृत 200 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं को कैबिनेट के समक्ष स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में पीडब्ल्यूडी की 21 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिनमें सीतापुर की दो, मीरजापुर की एक, देवरिया की दो, महाराजगंज की एक, सोनभद्र की पांच, बांदा की एक, वाराणसी की एक, चित्रकूट की दो, झांसी की एक, लखनऊ की दो, लखीमपुर खीरी की एक व संभल की एक सड़क शामिल है। 17 सितंबर की बैठक में गोरखपुर की तीन, गोंडा की छह, एटा की एक, सीतापुर की एक, सोनभद्र की एक, देवरिया की एक, वाराणसी की दो सड़क परियोजनाओं को समिति ने स्वीकृति दी। सड़क परियोजनाओं के साथ ही 10 सितंबर की बैठक में मेडिसिन स्टोर व कूलिंग रूम सहित चार पशु चिकित्सालय, एक ब्लाक स्तरीय पशु चिकित्सालय व एक प्राइमरी पशु चिकित्सालय के निर्माण की परियोजना को भी वित्तीय स्वीकृति दी गई।

KAMAL INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AND ADVANCE TECHNOLOGY
(Approved by AICTE and Affiliated to G.G.S.I.P. University, New Delhi.)
K-1 Extension, Mohan Garden, N.Delhi - 59
ADMISSION NOTICE
ACADEMIC SESSION-2026-27
Applications are now being accepted in both online and offline modes for the following courses:
B.COM (H) 1st & IInd Shift and B.Ed.
Prospective students can download the admission form from our website or collect them in person from the Institute Reception between 10:00 AM and 3:00 PM.
Eligibility will be followed as per Statutory Policy of AICTE / NCTE of Delhi / GGSIPU
Start date of issue of form: 19/09/2026
Last date of submission of form: 23/09/2026
For further Details, Pls.Contact us at:
info@kamalinstitute.com
kamalinstitutehighereducation@gmail.com
8851735219, 8929000856
www.kamalinstitute.ac.in

चिरंजीवी की 'काका' संक्रांति पर होगी रिलीज

मुंबई। चिरंजीवी की फिल्म 'काका' के 2027 में संक्रांति पर रिलीज होने की प्लानिंग चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि फिल्म की रिलीज की तारीख आधिकारिक तौर पर 13 जनवरी तय की गई है। मेकर्स ने फिल्म के टलने की अटकलों पर विराम लगा दिया है, जबकि ऐसी खबरें थीं कि चिरंजीवी की लंबे समय से अटकी फिल्म 'विश्वंभरा' को भी संक्रांति पर रिलीज करने पर विचार किया जा रहा था। 'काका' की टीम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए रिलीज की देरी की अफवाहों पर विराम लगाया है और बताया कि यह फिल्म अपने तय समय पर ही दस्तक देगी। 'काका' के मेकर्स ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'सभी अटकलों को खत्म करते हुए, काका संक्रांति 2027 पर रिलीज हो रही है। मेगास्टार चिरंजीवी गारू और बॉबी के साथ हमारी बहुप्रतीक्षित फिल्म 13 जनवरी, 2027 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी।



लाइफ Style

ईशा

बॉलीवुड में एंट्री, गुरमीत संग करेंगी रोमांस

ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी स्टारर फिल्म 'तुम मेरे हो' के नए पोस्टर सामने आए हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। 'बिग बॉस 17' फेम ईशा मालवीय जल्द फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। गुरुवार को मेकर्स ने उनकी इस हिंदी फिल्म के कई पोस्टर जारी किए। खास बात ये है कि इस मूवी में वह टीवी के पॉपुलर अभिनेता गुरमीत चौधरी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

गुरमीत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर शेयर किए हैं, जिसमें देखने को मिला कि दोनों रोमांस में खोए हुए नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में दोनों लिपलॉक करते नजर आए और आगे के पोस्टर में भी दोनों का रोमांटिक अंदाज देखने को मिला।इन पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरे हो' की दुनिया में डुबकी लगाओ। फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। क्योंकि कई बार, प्यार में पड़ना आसान होता है, लेकिन इसके बाद जो होता है, वो कहानी है।' बता दें कि गुरमीत चौधरी ही ईशा को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है और यह रेवा क्रिएटिव हाउस और देबगुरु फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई है। वहीं, फिल्म को आरती एस और देबिना बनर्जी ने प्रोड्यूस किया है।

तरण आदर्श के मुताबिक, मूवी में लव स्टोरी के साथ-साथ एडवेंचर और एक्शन भी देखने को मिलेगा। ऐसे में अब ये देखना काफी दिलचस्प होगा कि ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी की केमिस्ट्री लोगों को पसंद आती है या नहीं। ईशा मालवीय और गुरमीत चौधरी 'लाफ्टर शेफ्स 3' में साथ काम कर चुके हैं। ईशा इससे पहले पंजाबी फिल्म 'इश्कां दे लेखे' में नजर आ चुकीं हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत टीवी शो 'उडारियां' से की थी।

हॉलीवुड मसाला

छुपे राज खोलेगी डायना की अनसुनी रिकॉर्डिंग्स

लॉस एंजिल्स। 'डायना अनहर्ड' नाम की एक नई डॉक्युमेंट्री सीरीज इंटरनेशनल लॉन्च के लिए तैयार है। इसमें प्रिंसिस डायना की ऐसी ऑडियो रिकॉर्डिंग्स हैं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं। इनमें वह अपनी जिंदगी, प्यार और शाही परिवार के बारे में बात करती नजर आती हैं। इस डॉक्युमेंट्री सीरीज के राइट्स सिनेफ्लिक्स को मिल गए हैं। अब इसे कान में एमआईपी कॉम इवेंट में बड़े पैमाने पर लॉन्च करने की तैयारी चल रही है। तीन हिस्सों वाली यह डॉक्युमेंट्री 'लव मंडे टीवी' ने बनाई है। यह यूनाइटेड किंगडम की एक इंडिपेंडेंट प्रोडक्शन कंपनी है, जिसने ब्रिटिश राजपरिवार पर कई शो बनाए हैं। खास बात यह है कि 'डायना अनहर्ड' के निर्माता को उन बातचीत की रिकॉर्डिंग्स मिल गईं, जो डायना ने 1991 में अपने दोस्त जेम्स कोलहर्स्ट के साथ गुपचुप तरीके से की थीं।



एक्शन छोड़ ड्रामा में नजर आएंगे टॉम

नई दिल्ली। लगभग एक दशक से भी ज्यादा समय बाद, टॉम क्रूज एक ऐसी फिल्म में नजर आएंगे जो किसी धमाकेदार, रोमांचक और बड़े पैमाने पर बनी हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्म से अलग है। ऑस्कर विजेता अलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु द्वारा निर्देशित 'डिगर' एक ग्रैंड ड्रामा फिल्म होगी जिसमें टॉम क्रूज़ एक सनकी, बूढ़े दक्षिणी अरबपति की भूमिका निभा रहे हैं। विचित्र अभिनय से लेकर विशाल सेट और वाइड-एंगल सिनेमैटोग्राफी तक, पूरी फिल्म 'डॉ. स्ट्रेंजेलोव' को श्रद्धांजलि जैसी लगती है। हालांकि, क्रूज के लिए इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात इसके पीछे के फिल्म निर्माता हैं। डिगर की ओर आकर्षित होने के बारे में बात करते हुए, क्रूज़ ने इन्नारितु के प्रति अपनी लंबे समय से चली आ रही प्रशंसा का जिक्र किया, जो उनकी फिल्म अमोरेस पेरोस से शुरू हुई थी, और बताया कि उन्हें फिल्म निर्माता की कहानी कहने की शैली, अभिनय और विजुअल लैंग्वेज ने उन पर शुरू से ही कितना गहरा प्रभाव डाला था। डिगर को अपनी पहली पसंद की फिल्म बताते हुए टॉम क्रूज़ ने कहा,'यह वही फिल्म है जिसे मैं बनाना चाहता था।

शुरुआती कॅरियर में शिवांगी का सेट पर उड़ा था मजाक

मुंबई। हाल ही में रिलीज हुए अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज हार्ट बीट्स : प्यार और अरमान के सीजन 2 में नजर आईं शिवांगी जोशी को कॅरियर के शुरुआती दौर में भले ही सपोर्ट न मिला हो, लेकिन वह नए कलाकारों के साथ बहुत अच्छे से पेश आती हैं। इसे शिवांगी अपनी जिम्मेदारी समझती हैं। वह कहती हैं कि लड़का हो या लड़की दोनों के लिए इस इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है। मैं जब नई-नई इस इंडस्ट्री में आई थी, तो मुझे वह सपोर्ट नहीं मिला था। मुझे काफी बुरा महसूस करवाया गया था। मेरी कोशिश बस यही रहती है कि मैं सामने वाले नए कलाकार को जितना सहज महसूस करवा पाऊं करती हूं। उन्हें ऐसे समझाती हूं, ताकि उन्हें बुरा भी न लगे और वह अच्छा करे और उनकी सराहना हो। शिवांगी ने कहा कि शुरुआती कॅरियर में उनका सेट पर मजाक उड़ाया गया था



फ्रीडा-सिद्धार्थ की अनकस्टमड अर्थ का पहला लुक जारी

मुंबई। अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इसमें फ्रीडा पिंटो और सिद्धार्थ अहम किरदार में हैं। यह सीरीज भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी बताएगी। यह 17 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर स्टारर फ्रीडा पिंटो की अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ' का पहला लुक जारी किया गया है। यह फैमिली ड्रामा है जो झुम्पा लाहिड़ी की इसी नाम की शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन पर आधारित है। इस सीरीज में फ्रीडा पिंटो 'पारुल चौधरी' के रोल में और सिद्धार्थ 'अमित' के रोल में हैं। यह सीरीज कैम्ब्रिज, बोस्टन और मैसाचुसेट्स में रहने वाले कई पीढ़ियों के भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी है। यह कहानी अलग-अलग पीढ़ियों के बीच प्यार, नुकसान, अपनापन और रिश्तों जैसे विषयों को दिखाती है। फ्रीडा पिंटो ने पारुल चौधरी का रोल निभाया है।

टीवी मसाला

सास ने की जिंदा जलाने की कोशिश, बेटी से भी किया जुदा

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के हालिया एपिसोड में एक कंटेस्टेंट की कहानी सुनकर भावुक हो गए। दरअसल, शो में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की रहने वाली कंटेस्टेंट कपिला तनेजा आईं। उन्होंने सभी के सामने अपने साथ हुए घरेलू हिंसा का भयावह अनुभव शेयर किया। कपिला ने बताया कि उनके ससुराल वालों ने उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की थी। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह पिछले 24 वर्षों से अपनी बेटी से अलग रह रही हैं। एपिसोड के दौरान कपिला ने बताया, 'ससुराल में मुझे जलाने की कोशिश की गई थी। मेरी लव मैरिज थी और वह भी इंटर कास्ट। ससुराल वाले दहेज चाहते थे, लेकिन मेरी वजह से ऐसा नहीं हो पाया। जब तक मेरी सास घर से बाहर थीं, सब ठीक रहता था, लेकिन उनके वापस आते ही मेरी परेशानी और ताने बढ़ जाते थे। आखिरकार उन्होंने पूरी तैयारी कर ली और मुझ पर मिट्टी का तेल डालकर मोमबत्ती से आग लगा दी।' एपिसोड में कपिला ने आगे बताया, 'सर्दियों का मौसम था, इसलिए मेरी साड़ी का पल्लू और स्वेटर मेरे शरीर से चिपक गए थे। किसी तरह मैंने उन्हें हटाया और पानी की टंकी में कूद गई। फिर मुझे अस्पताल ले जाया गया।' उनकी कहानी सुनकर अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए और बोले, 'यह कहना कि उनके साथ अन्याय हुआ है, बहुत छोटी बात होगी। हम बस यही प्रार्थना कर सकते हैं कि किसी भी महिला को कभी ऐसे हालात या ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े।' कपिला ने यह भी बताया कि उनकी एक बेटी है, जिसे उन्होंने आखिरी बार अस्पताल में देखा था।

'मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें'

नई दिल्ली। प्रेग्नेंसी के बाद कटरीना कैफ के बढ़े वजन को लेकर चर्चा के बीच अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया की एक पोस्ट वायरल हो रही है। 'देवों के देव... महादेव' की अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने पोस्ट में बताया

कि प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं के शरीर को लेकर लोग कैसी-कैसी बातें करते हैं। सोनारिका ने भी दिसंबर 2025 में कैटरीना के ठीक एक महीने बाद, एक बेटी को जन्म दिया था। टीवी अभिनेत्री सोनारिका ने लोगों से अपील की कि वे हाल ही में मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें। सोनारिका ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। हालांकि, यह पोस्ट कैटरीना को लेकर चल रही ऑनलाइन चर्चाओं के बीच आई है, जिन्हें हाल ही में पति विक्की कौशल के साथ बाहर निकलने पर उनके लुक के लिए ट्रोल किया गया था। सोनारिका ने लिखा, 'किसी ऐसी महिला को देखकर यह तय करना कि उसका शरीर अब पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसने अभी-अभी इस दुनिया में एक नई जान को जन्म दिया है बहुत ही बेरहम बात है।

दूसरे बेबी के जन्म से पहले दीपिका ने लिया बप्पा का आशीर्वाद

मुंबई। बॉलीवुड के चर्चित कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण शुक्रवार को मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। दोनों ने यहां भगवान गणेश के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान रणवीर के माता-पिता भी उनके साथ नजर आए। मंदिर पहुंचते ही कपल ने पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। दीपिका इन दिनों अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं और मंदिर में भी उनका बेबी बंप साफ नजर आया। मंदिर दर्शन के दौरान दीपिका पादुकोण ने ऑरेंज और पर्पल रंग का कुर्ता सेट पहना हुआ था। वहीं, रणवीर सिंह पर्पल कुर्ते के साथ सफेद पैंट में नजर आए। दोनों का यह सिंपल और ट्रेडिशनल लुक सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है। परिवार के साथ मंदिर पहुंचने के दौरान दोनों ने भगवान गणेश के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना की। सिद्धिविनायक मंदिर जाने से ठीक एक दिन पहले रणवीर सिंह मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे थे। गणपति उत्सव के मौके पर रणवीर ने बप्पा के सामने माथा टेका और हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इस दौरान अभिनेता गुलाबी रंग के कुर्ते में दिखाई दिए थे। गणपति उत्सव के बीच लगातार मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रहे रणवीर का धार्मिक अंदाज फैंस को भी पसंद आ रहा है। रणवीर और दीपिका का सिद्धिविनायक मंदिर से खास कनेक्शन भी रहा है। इससे पहले दोनों 6 सितंबर 2024 को यहां पहुंचे थे। खास बात यह है कि उस दर्शन के महज दो दिन बाद यानी 8 सितंबर को उनके घर बेटी का जन्म हुआ था।

17 दिन में पूरा हो पाया था जीनत का एक सीन

नई दिल्ली। जीनत अमान को हिंदी सिनेमा की वेटरन एक्ट्रेस के तौर पर जाना जाता है। 70 से लेकर 80 के दशक के बीच जीनत ने लेडी सुपरस्टार के तौर पर इंडस्ट्री पर राज किया और इसी दौरान उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की बेस्ट मूवीज भी दीं। उनमें से एक फिल्म भी ऐसी भी रही थी, जिसके एक सीन के लिए जीनत को 17 दिनों का समय लगा था। कमाल की बात ये थी कि जीनत अमान की वह 52 साल पुरानी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। अभिनेत्री जीनत अमान की जिस आइकॉनिक फिल्म के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसे साल 1974 में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। समाज को आईना दिखाने वाली उस फिल्म का नाम था- रोटी कपड़ा और मकान। ये एक मल्टी स्टारर फिल्म थी, जिसमें मनोज कुमार, शशि कपूर, अमिताभ बच्चन, जीनत अमान, मौसमी चटर्जी और प्रेम नाथ जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को अदा किया था। फिल्म का डायरेक्शन मनोज कुमार ने किया था और ये उनके द्वारा बनाई गई सबसे शानदार मूवीज में से एक रही। एक रिपोर्ट के अनुसार रोटी कपड़ा और मकान के क्लाईमैक्स सीन में जीनत अमान का रोने वाला सीन था और इसके लिए मनोज चाहते थे कि जीनत सच में अपने आंसुओं को निकालें। एक इंटरव्यू के दौरान मनोज कुमार ने बताया था- जीनत अमान कमाल की अदाकारा हैं। मैं चाहता था कि वह अपने आसुओं पर कंट्रोल करें और सीन में डायलॉग के बाद उन्हें बहने दें। फिल्म के लिए मेरे पास सिर्फ 3 दिनों के लिए उनकी डेट्स थीं, क्योंकि अन्य फिल्मों की वजह से वह उन दिनों बहुत व्यस्त थी। लेकिन, उस सीन को खत्म करने में हमें 17 दिन लग गए। मेरी कहने पर उन्होंने अन्य निर्माताओं के साथ अपनी तारीखों में फेरबदल किया।

जीनत का कल्ट गाना

फिल्म रोटी कपड़ा और मकान अपने समय की सबसे सफल मूवीज में से एक मानी जाती है। इस मूवी की तरह जीनत अमान पर फिल्माया गया गाना- हाय हाय ये मजबूरी... भी काफी लोकप्रिय हुआ था और एक्ट्रेस के डांस मूव्स ने हर किसी को दीवाना बना दिया था।

बॉक्स ऑफिस के बाद फेस्टिवल में बनाई पहचान

ऑस्कर 2027 में भारत की ओर से जाएगी गोंधल, फिल्म की कहानी है खास

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऑस्कर 2027 में भारत की तरफ से कौन-सी फिल्म दावेदारी पेश करेगी, इसका फैसला हो चुका है। मराठी सिनेमा के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। कोई बॉलीवुड नहीं, बल्कि फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मराठी फिल्म 'गोंधल'को ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना है। फिल्म का चयन होने के बाद अब यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। अपनी कहानी और विषय को लेकर चर्चा में रही इस फिल्म से अब देशभर के सिनेमा प्रेमियों की उम्मीदें जुड़ गई हैं। संतोष डावखर निर्देशित फिल्म प्रेम, छल और अपराध की कहानी है, जिसने बॉक्स ऑफिस के बाद फेस्टिवल में पहचान बनाई। ऑस्कर की रेस में भारत की ओर से 'गोंधल' का पहुंचना क्षेत्रीय सिनेमा की बढ़ती ताकत और उसकी कहानियों की व्यापक स्वीकार्यता को भी दर्शाता है। अब यह फिल्म बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। खास बात यह है कि इस साल देश की अलग-अलग भाषाओं में बनी 33 फिल्मों ने ऑस्कर के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

कास्ट और डायरेक्टर

मराठी फिल्म गोंधल का निर्देशन संतोष डावखर ने किया है। उन्होंने ही फिल्म की कहानी और पटकथा भी लिखी है। फिल्म में किशोर कदम, इशिता देशमुख, योगेश सोहोनी और निषाद भोईर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सुरेश विश्वकर्मा, अनुज प्रभु, माधवी जुवेकर, ऐश्वर्या शिंदे, कैलाश वाघमारे, पूनम पाटील और विठ्ठल काले जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आते हैं। बता दें, इस फिल्म को आईएमडीबी पर 8.9 रेटिंग मिली है।

गोंधल की कहानी क्या है?

मराठी फिल्म 'गोंधल' की कहानी ग्रामीण महाराष्ट्र की पृष्ठभूमि में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान के बीच आकार लेती है। फिल्म की मुख्य किरदार सुमन एक ऐसे विवाह में फंस जाती है, जिसमें उसे आर्थिक रूप से संपन्न आनंद से शादी करनी पड़ती है, जबकि उसका दिल गोंधली कलाकार साहेबा के लिए धड़कता है। इस रिश्ते से बाहर निकलने के लिए सुमन एक खतरनाक योजना बनाती है। वह आनंद के चचेरे भाई सरजेराव की उसके प्रति दीवानगी का फायदा उठाती है और उसे ऐसे अपराध की ओर धकेलती है, जिसे वह खुद अंजाम नहीं दे सकती। फिल्म में गोंधल की रातभर चलने वाली परंपरा, संगीत और धार्मिक अनुष्ठान कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रेम, लालच, सत्ता, छल और आजादी की चाह के बीच कहानी धीरे-धीरे एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर का रूप लेती है।

रिलीज और बॉक्स ऑफिस

गोंधल को 14 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। करीब दो घंटे लंबी यह फिल्म मराठी भाषा में बनी है। फिल्म का संगीत दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने दिया है। बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म का प्रदर्शन बहुत बड़ा व्यावसायिक हिट साबित नहीं हुआ। सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक गोंधल ने भारत में करीब 84 लाख रुपए नेट और लगभग 90 लाख रुपए ग्रॉस का कलेक्शन किया। हालांकि, फिल्म को बाद में फिल्म फेस्टिवल सर्किट में काफी पहचान मिली। संतोष डावखर को 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में 'गोंधल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला।

हिंदी की सबसे ज्यादा फिल्में शामिल

ऑस्कर के लिए इस साल सामने आई फिल्मों में भाषाई विविधता देखने को मिली। कुल 33 फिल्मों में 14 फिल्में हिंदी भाषा की थीं, यानी किसी एक भाषा की ओर से सबसे ज्यादा प्रविष्टियां हिंदी सिनेमा से आईं। मराठी, तेलुगु और गुजराती सिनेमा की चार-चार फिल्मों ने भी इस दौड़ में हिस्सा लिया। वहीं तमिल भाषा की तीन फिल्मों को चयन प्रक्रिया में जगह मिली। मलयालम और नागामी भाषा की एक-एक फिल्म भी इस सूची का हिस्सा थीं। अलग-अलग भाषाओं और शैलियों की इन फिल्मों के बीच से 'गोंधल'का चुना जाना मराठी सिनेमा के लिए खास उपलब्धि माना जा रहा है।

मंदिरों में भी जुटे लोग, हवन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान किए

विश्वकर्मा जयंती पर कारखानों में पूजा के साथ समाज के लोगों ने अपने आराध्य के निकाले चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वकर्मा पूजन महोत्सव गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। कारखाने व मंदिरों में शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना हुई। शहर के विश्वकर्मा मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन सहित धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से कन्यापूजन, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। शहर में जगह-जगह आयोजन किए गए। शहर में भगवान विश्वकर्मा के 13 मंदिर है, जहां अभिषेक, पूजा, अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मां कंकाली धाम प्रांगण में भगवान विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा का अभिषेक, पूजन, हवन, महाआरती की गई। यहां शहर से शोभायात्रा भी पहुंची। इधर, विश्वकर्मा मंदिर बागसेवनिया बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भगवान का पूजन कर विश्वकर्मा मंदिर समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की।

राजधानी के बजरिया और पीरगेट क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती पर निकले चल समारोह में शामिल श्रद्धालु।

यहां भी हुए आयोजन

- अयोध्या नगर विश्वकर्मा मंदिर से भेल क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली गई।
- संत हिरदाराम नगर में शोभायात्रा, पूजन और प्रसाद वितरण किया गया।
- छोला मंदिर पर कथा हवन पूजन का आयोजन, चल समारोह का समापन हुआ।
- गोविंदपुरा विश्वकर्मा मंदिर में पूजन आरती की गई।

बीना यार्ड रीमॉडलिंग के कारण श्रीधाम, राज्यरानी, महामना, भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी, बेंगलुरु एक्सप्रेस और हमसफर पर होगा असर

20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक मुश्किलों भरा होगा ट्रेनों में सफर, कई घंटे की देरी से घर पहुंचेंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीना और आगासौद स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग कार्य का असर अब ट्रेनों के संचालन पर दिखाई देगा। 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस दौरान अलग-अलग तारीखों में 20 ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन बदले जाएंगे। कई ट्रेनों को बीना के बजाय मालखेड़ी और कटनी मुड़वारा से चलाया जाएगा। इससे बीना, ललितपुर और आसपास के यात्रियों को यात्रा की योजना पहले से बनानी होगी।

कुछ ट्रेनों के बदले रूट, मालखेड़ी-भोपाल-कटनी में अस्थाई ठहराव

मेमू ट्रेन पूरी अवधि में रद्द रहेंगी

ट्रेनों के रद्द रहने का सिलसिला 20 सितंबर से शुरू होकर 16 अक्टूबर तक चलेगा। ललितपुर-बीना और बीना-ललितपुर मेमू 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरी अवधि में रद्द रहेंगी। दोनों ट्रेनों के 26-26 फेरे प्रभावित होंगे। वहीं, कटनी मुड़वारा-बीना और बीना-कटनी मुड़वारा मेमू 21 सितंबर तथा 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। इनके 19-19 फेरे प्रभावित होंगे।

श्रीधाम एक्सप्रेस के 19-19 फेरे रद्द

यार्ड कार्य का असर लंबी दूरी की ट्रेनों पर भी पड़ेगा। जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 26 सितंबर से 14 अक्टूबर तक और वापसी में हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस 27 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। दोनों के 19-19 फेरे प्रभावित होंगे।

इंटरसिटी 15 दिन नहीं चलेगी

भोपाल-ग्वालियर और ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी 1 से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। इसके अलावा बीना-रुठियाई और रुठियाई-बीना की चार मेमू ट्रेनें 30 सितंबर से 16 अक्टूबर तक अलग-अलग दिनों में प्रभावित रहेंगी। ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस 2 और 9 अक्टूबर को तथा वापसी में एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस 4 और 11 अक्टूबर को रद्द रहेगी।

राज्यरानी और महामना भी प्रभावित

भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस 9 से 15 अक्टूबर तथा दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस 10 से 16 अक्टूबर तक रद्द रहेगी। वहीं भोपाल-खजुराहो और खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस 15 अक्टूबर को रद्द रहेंगी।

काम पूरा होने के बाद बढ़ेगी यार्ड की क्षमता

रेलवे के अनुसार यार्ड रीमॉडलिंग का काम पूरा होने के बाद बीना और आगासौद स्टेशन की परिचालन क्षमता बढ़ेगी। इससे ट्रेनों के संचालन और ठहराव का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। भविष्य में बढ़ने वाले रेल यातायात को भी अधिक सुचारु ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। रेलवे को उम्मीद है कि रीमॉडलिंग के बाद परिचालन की दक्षता और ट्रेनों के समयपालन में भी सुधार होगा।

दुर्गा पूजा से छठ तक चलेंगी स्पेशल ट्रेने, रानी कमलापति-रीवा के 4-4 फेरे

पुणे और मुंबई से गोरखपुर के लिए भी अतिरिक्त ट्रेनें; भोपाल, आरकेएमपी और इटारसी के यात्रियों को मिलेगी सुविधा

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर भी कई पूजा स्पेशल ट्रेनें गुजरेंगी। इनमें रानी कमलापति-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल के चार-चार फेरे शामिल हैं। इसके अलावा पुणे और मुंबई से गोरखपुर के बीच भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इससे पर्व के दौरान उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी।

रानी कमलापति-रीवा के चार-चार फेरे: गाड़ी संख्या 02192 रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल 17 व 24 अक्टूबर तथा 7 व 14 नवंबर को शनिवार को रीवा से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर रात 9:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02191 रानी कमलापति-रीवा इन्हीं तारीखों को रात 10:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:20 बजे रीवा पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर और सतना स्टेशनों पर रुकेगी। पूजा स्पेशल में कुल 22 कोच होंगे। इनमें 7 स्लीपर, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनॉमी, 2 सेकेंड एसी, 1 फर्स्ट एसी, 4 सामान्य श्रेणी, 1 जनरेटर कार और 1 एसएलआरडी कोच शामिल हैं।

25 सितंबर तक अमृतसर मुंबई एक्सप्रेस ललितपुर स्टेशन पर 5 मिनट रुकेगी

श्री आनंदपुर के शताब्दी समारोह में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा

भोपाल। श्री आनंदपुर (ललितपुर) में आयोजित शताब्दी समारोह में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ललितपुर स्टेशन पर अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस का ठहराव समय बढ़ा दिया है। भोपाल मंडल होकर चलने वाली ट्रेन अब 25 सितंबर तक ललितपुर स्टेशन पर 5 मिनट रुकेगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 11058/11057 अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस का ललितपुर स्टेशन पर ठहराव 15 से 25 सितंबर तक अस्थायी रूप से बढ़ाया गया है। पहले यहां ट्रेन का ठहराव 2 मिनट का था, जिसे बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है। रेल प्रशासन ने यह व्यवस्था श्री आनंदपुर (ललितपुर) में आयोजित पवित्र शताब्दी समारोह के दौरान बढ़ने वाले यात्री यातायात को देखते हुए की है। इससे समारोह में शामिल होने के लिए ट्रेन से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने-उतरने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा।

रेलवे स्टेशनों से कॉलोनियों तक चलेगा सफाई अभियान

भोपाल। भोपाल मंडल में गुरुवार से 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान शुरू हुआ। पहले दिन डीआरएम कार्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस बार अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखी गई है। अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, ट्रेनों, रेलवे कॉलोनियों, कार्यालयों और यार्ड में विशेष सफाई की जाएगी। लंबे समय से गंदे स्थानों को चिन्हित कर उनकी सफाई के साथ सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। कचरा पृथक्करण, उचित निस्तारण और प्लास्टिक कचरा कम करने पर भी जोर रहेगा। यात्रियों, विद्यार्थियों, युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों को अभियान से जोड़ा जाएगा।

तिथि में मतभेद के चलते कुछ महिलाओं ने गुरुवार को रखा संतान सप्तमी का व्रत, शुक्रवार को भी होगी पूजा

महिलाओं ने शिव-पार्वती का पूजन कर मांगी संतान के दीर्घायु होने की कामना

संतान सप्तमी पर भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संतान सप्तमी के पर्व को लेकर तिथि में मतभेद के कारण शहर में गुरुवार और शुक्रवार दोनों दिन व्रत-पूजन किया जा रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ व्रत रखा और भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पंडितों के अनुसार संतान सप्तमी की तिथि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई है। उदया तिथि शुक्रवार को होने के कारण कई महिलाएं शुक्रवार को व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा करेंगी। यह पर्व मध्यान्हव्यापिनी माना जाता है, इसलिए मध्यान्ह में पूजा का विशेष महत्व है। गुरुवार को महिलाओं ने घरों में पूजा की तैयारी कर मीठे पूये बनाए और भगवान शिव-पार्वती को भोग लगाया। चांदी की चूड़ी और कच्चे धागे का दूध से पूजन करने के बाद महिलाओं ने इन्हें धारण किया। इसके साथ ही भगवान महादेव और माता पार्वती से अपनी संतानों की लंबी आयु और सुखी जीवन की प्रार्थना की।

माता देवकी ने किया था संतान सप्तमी व्रत

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में महिलाओं ने संतान सप्तमी पूजन किया। ऐसा कहा जाता है कि माता देवकी ने इस व्रत को किया था। दरबार की सेविका मोहिनी मालवीय ने बताया कि संतान की प्राप्ति और अच्छे पुत्र, पुत्री कामना के साथ महिलाओं के लिए संतान सप्तमी अति फलदायक व्रत है। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान शंकर-पार्वती को मंडप में बैठाया। माता गोरा को सुहाग की सामग्री चढ़ाई गई, भगवान भोलेनाथ को नैवेद्य का भोग लगाया, भोलेनाथ के भजन कीर्तन कर कथा एवं हवन पूजन के साथ आरती की गई। बता दें कि शहर के अधिकांश मंदिरों में काफी भीड़ देखने को भी मिली।

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुनेरा का मामला

बड़ा हादसाः अगलू तालाब में नहाने गईं तीन मासूम सहेलियों की डूबने से दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुनेरा में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। अलगू तालाब में नहाने गई तीन मासूम सहेलियों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नुनेरा निवासी इंदु अगरिया पिता दुर्जन उम्र 7 वर्ष, राखी पिता मलखम उम्र 8 वर्ष और साधना पिता सुखसिंह उम्र 8 वर्ष गुरुवार दोपहर नहाने के लिए गांव स्थित अलगू तालाब गई थीं। तीनों एक ही बस्ती की रहने वाली थीं और सहेलियां थीं। बताया जा रहा है कि उस दिन तीनों स्कूल नहीं गई थीं और घर पर ही थीं।

पूरे गांव में शोक की लहर, जांच जारी

तीनों बच्चों की मौत की खबर से परिवारों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तीनों शवों का पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि जब तीनों सहेली नहाने गईं, उस दौरान तालाब पर कोई नहीं था। एक ग्रामीण जब तालाब के पास पहुंचा तो एक का शव तैरता देखा। उसके बाद भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी।

शाह ने शिमला में एनसीबी जोनल कार्यालय स्थापित करने को मंजूरी दी

केंद्र ने 2029 तक नशा मुक्त भारत बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया

एजेंसी ▶▶ शिमला/ चंडीगढ़

केंद्र सरकार ने वर्ष 2029 तक नशा मुक्त भारत बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में रोडमैप में स्पष्ट समय-सीमा, नियमित निगरानी, मापनीय परिणाम और अगले तीन वर्षों के लिए कार्ययोजना निर्धारित की गई है। यह जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपर महानिदेशक (मीडिया) राज कुमार ने दी। वे शिमला में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान-2026 पर केंद्रित वार्तालाप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के चंडीगढ़ और अमृतसर के जोनल डायरेक्टर अमनजीत सिंह ने नशा मुक्त भारत -2026 के रोड़मैप के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पीआईबी शिमला के सहायक निदेशक संजीव शर्मा सहित पीआईबी, दूरदर्शन, आकाशवाणी और हिमाचल प्रदेश लोक संपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

उद्यमिता विकास केंद्र स्थापना का ऐलान

14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2026 का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी में तीन दिवसीय 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026 का आगाज किया। इस औद्योगिक मेले में देशभर के उद्योगपति, निवेशक, उद्यमी, खरीदार और स्टार्टअप प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के सभी 33 जिलों में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल नियम बनाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उद्योगों को सुविधाएं देने और अनुकूल माहौल बनाने का काम करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार 'मुख्यमंत्री स्टार्टअप' और 'निपुण मिशन' के तहत सभी 33 जिलों में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित करेगी। इस योजना पर राज्य सरकार करीब 500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा, सरकार 100 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब और 5 इंडस्ट्रियल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी विकसित करेगी।

इस मेले में 300 से अधिक एमएसएमई इकाइयां हिस्सा ले रही हैं, जो अपने उत्पादों और आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन कर रही हैं। सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और निवेशकों के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता दे रही है।

एआई सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं

छत्तीसगढ़ में अब पारंपरिक उद्योगों के साथ नई तकनीक आधारित क्षेत्रों को भी प्राथमिकता मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एआई, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे उभरते क्षेत्रों में अपार संभावनाएं विकसित कर रही है। सरकार नवा रायपुर को प्रमुख टेक्नोलॉजी और आईटी हब के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। उद्योगों को शीघ्र काम शुरू करने की सुविधा देने के लिए सरकार प्लग एंड प्ले सुविधाओं को बढ़ा रही है और सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत कर रही है। नई औद्योगिक नीति 2024-30 के जरिये सरकार निवेश, रोजगार और नवाचार को बढ़ावा दे रही है। आठ लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ को अब तक करीब 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। सरकार इन प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर वास्तविक उद्योगों में बदलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगों के क्षेत्र में हुए कार्यों से लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिला है। वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ अब उद्योगों के लिए प्रमुख आकर्षण केंद्र बन रहा है।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरकेडीएफ ग्रुप के प्रेरणास्त्रोत स्व. आरएन कपूर के जन्मदिवस पुण्य स्मृति तथा आरकेडीएफ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर के जन्मदिवस पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भोपाल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जाटखेड़ी में आयोजित हुआ। शिविर में सामान्य तथा जटिल मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ रितेश राठौर, डॉ कीर्ति पटेल, डॉ शैलजा कसेट्टी ने किया।

शिविर में बड़ी संख्या में भावी इंटर्न डॉक्टर भी उपस्थित रहे। मरीजों को निःशुल्क औषधियां भी वितरित की गई। विवि की वीसी, सीईओ, रजिस्ट्रार, डीन एकेडमिक के साथ प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय व आयुर्वेद मैनेजमेंट डॉ आर गुप्ता ने स्व. आरएन कपूर को स्मरण करते हुए कुलाधिपति डॉ साधना कपूर को जन्मदिन पर बधाई दी।

राजयोग ध्यान से कार्य और जीवन में सकारात्मक बदलाव पर दिया जोर

विश्वकर्मा जयंती पर सुख-शांति भवन में 150 कामगारों का सम्मान

जो हाथ समाज का निर्माण करते हैं, उनके जीवन का निर्माण भी जरूरी है: बीके नीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वकर्मा दिवस पर सुख-शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर, नीलबड़ में आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों एवं नशामुक्त जीवन का संदेश देते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निर्माण एवं कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों ने बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग ध्यान ने उनके कार्य और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ बीके सुनीता ने विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों की समझ विकसित करने से किया। गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को ईमानदारी, जिम्मेदारी, सहयोग, सकारात्मक सोच और अनुशासन जैसे मूल्यों को जीवन एवं कार्यक्षेत्र में अपनाने का संदेश दिया गया। आर्किटेक्ट बीके दुर्गा ने कहा कि कार्यक्षेत्र में केवल तकनीकी ज्ञान और योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मन की स्थिरता, सकारात्मक दृष्टिकोण और सही निर्णय लेने की क्षमता भी आवश्यक है। टाटा स्टील के सीनियर जनरल मैनेजर के पद से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए प्रभात भाई ने भी अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ राजयोगी रामकुमार ने प्रतिभागियों को अध्यात्म का परिचय देते हुए स्वयं की पहचान, परमशक्ति की पहचान और राजयोग ध्यान की जानकारी दी। इसके पश्चात बीके सोनम ने राजयोग ध्यान के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को शांति एवं सकारात्मकता की अनुभूति कराई। सिविल कॉन्ट्रैक्टर दिनेश ने वर्ष 2008 से आध्यात्मिकता से जुड़े अपने जीवन के अनुभव साझा किए।

चिंतन

एक हार में ही बिखर गई तृणमूल कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस विधानसभा चुनाव में हुई एक ही हार में बिखर गई। इस समय पार्टी जिस तरह से अंदरूनी खींचतान, टूट और नेतृत्व के सवालों से जूझ रही है, उसने उसके संगठनात्मक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति की विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम को कभी ममता बनर्जी की राजनीतिक लड़ाई का प्रतीक माना जाता था, वहीं उपचुनाव में उनकी पार्टी का उम्मीदवार मैदान से हट गया। संचिता प्रधान डे ने नामांकन वापस ले लिया और इसके बाद ममता के गुट ने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की। इससे बड़ा राजनीतिक संकेत शायद ही कोई हो सकता है। एक समय नंदीग्राम की लड़ाई ने ममता की राजनीति को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया था। आज उसी सीट पर उनकी पार्टी अपने नाम से उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि उम्मीदवार के नामांकन वापस लेने के पीछे वास्तविक कारणों पर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं और इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है, लेकिन घटनाक्रम ने तृणमूल के भीतर जारी अस्थिरता को जरूर उजागर कर दिया है। संकट की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि चुनाव आयोग को पार्टी के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न देने पड़े हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चिह्न मिला है, जबकि विरोधी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चिह्न दिया गया है। दोनों गुटों को आगामी उपचुनाव में इन्हीं अस्थायी पहचान के साथ उतरना होगा। मूल 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' चिह्न पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। पार्टी के संगठनात्मक संकट का दूसरा पहलू और भी महत्वपूर्ण है। 80 विधायकों वाली तृणमूल के विधायक दल में 58 विधायकों के अलग गुट के साथ खड़े होने का दावा सामने आया और ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी मिला। इसी तरह लोकसभा में तृणमूल के 28 सांसदों में से 20 के अलग रुख अपनाने की खबरें हैं। इसका अर्थ यह है कि संकट केवल स्थानीय संगठन या कुछ नेताओं की नाराजगी तक सीमित नहीं है, बल्कि विधायक दल और संसदीय दल तक फैल चुका है। यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति के लिए भी एक बड़ा सबक है। किसी भी दल की पहचान केवल उसके शीर्ष नेता से नहीं बनती। संगठन, कार्यकर्ता, स्थानीय नेतृत्व और संस्थागत व्यवस्था पार्टी को स्थायित्व देते हैं। लंबे समय तक एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित राजनीति में नेतृत्व की लोकप्रियता संगठन की ताकत का विकल्प नहीं बन सकती। यह सवाल केवल तृणमूल के सामने नहीं, बल्कि हर उस दल के सामने है जो अपने संगठन और नेतृत्व के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती से गुजर रहा है। नंदीग्राम और रेजीनगर के उपचुनाव अब केवल दो सीटों की लड़ाई नहीं रह गए हैं। छह अक्टूबर को होने वाला मतदान तृणमूल के दोनों गुटों के लिए संगठनात्मक ताकत और राजनीतिक पहचान की परीक्षा होगा। असली परीक्षा यह होगी कि चुनावी हार के बाद पार्टी अपने बिखरे हुए संगठन को फिर से जोड़ पाती है या नहीं। लोकतंत्र में हार किसी भी दल के लिए अंत नहीं होती, लेकिन हार के बाद संगठन का बिखरना जरूर गंभीर चेतावनी होती है। तृणमूल के सामने फिलहाल यही सबसे बड़ी चुनौती है। अब देखना यह है कि ममता बनर्जी किस तरह से अपने राजनीतिक कुनबे को दोबारा खड़ा कर पाएगी और प्रदेश व राष्ट्रीय राजनीति में उसकी क्या स्थिति होगी।

बिंदु से विराट



विचार
शिवप्रकाश

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री से प्रारंभ कर, प्रधानमंत्री दायित्व के माध्यम से जन सेवा करते हुए 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 7 अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देश में अनेक नेताओं द्वारा लम्बे समय तक मुख्यमंत्री अथवा प्रधानमंत्री पद द्वारा सत्ता का संचालन किया गया है ।स्वतंत्रता के पश्चात नियुक्त प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरुजी 16वर्ष 286 दिन प्रधानमंत्री रहे तथा सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में श्री पवन कुमार चामलिंग ने 24 वर्ष 165 दिन सिक्किम की सत्ता सम्हाली। 24 वर्ष 98 दिन श्री नवीन पटनायक ओड़िशा के मुख्यमंत्री रहे। इन सभी की तुलना में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों ही दायित्व पर देश की सेवा करते हुए 7 अक्टूबर को मोदी जी 25 वर्ष पूर्ण करने वाले देश के प्रथम नेता होंगे। वड़नगर (गुजरात) जैसे एक छोटे स्थान एवं ग़रीब परिवार से निकलकर देश एवं दुनिया की राजनीति को प्रभावित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा जनसहभागिता, सेवा संकल्पों, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं उच्च प्रतिमानों से प्रेरित है। अपार जनसमर्थन के बावजूद भी सर्वाधिक विरोधों का सामना करने वाले वें एकमात्र नेता है। श्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा समाज संगठन के लिए गृह त्याग,1974 गुजरात छात्र आंदोलन में सहभागिता एवं आपातकाल के विरोध में समाज जागरण के लिए भूमिगत आंदोलन से प्रारंभ हुई। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने प्रेरणादायी इस यात्रा को उनके जन्म दिवस 17 सितंबर से प्रारंभ कर 17 अक्टूबर तक "सेवा संकल्प अभियान" के माध्यम से समाज में सेवा का संकल्प जागृत करने हेतु आयोजित करने का निश्चय किया है। दुनिया के सभी विकसित देशों ने अपनी जनता के सम्मुख अपने देश को महान बनाने का लक्ष्य रखा है एवं उसकी प्राप्ति के लिए अपने देश की जनता से आह्वान भी किया। अमेरिका द्वारा Great Society (ग़रीबी उन्मूलन तथा नस्लीय समानता के प्रयास)एवं चीन द्वारा घोषित TWO Centenary Goals (द्विशताब्दी लक्ष्य) सर्वविदित है। हमारे देश में हमारे पूर्व राजनीतिक नेतृत्व द्वारा जनता के सम्मुख कोई लक्ष्य घोषित न करने के कारण हम लक्ष्य विहीन व अनेक संकुचितओ से युक्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के सम्मुख एक महान लक्ष्य दिया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 100 वर्ष होने तक हम अपने देश को "विकसित भारत" बनाएंगे। ग़रीबी उन्मूलन से लेकर आत्मनिर्भरता सहित नौ आयामों पर टिका यह लक्ष्य अब 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन गया है।

आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों के संघर्ष से आज सम्पूर्ण विश्व परिचित ही है। अनेक प्रकार के युद्धों को भी हम देख रहे हैं। जिसका परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी हो रहा है। इस संघर्ष के समय विकसित भारत केवल एक नारा न रह जाए इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए एक भविष्य दृष्टा के समान मोदीजी ने आत्म निर्भरता का मंत्र हम सभी भारतीय नागरिकों को दिया है। विकसित भारत की प्राप्ति के लिए अनेक में से कुछ योजनाएं उल्लेखनीय है जैसे स्टार्टअप का 2025-26 में एक नेटवर्क स्थापित हुआ है। वर्तमान में 14 हज़ार स्टार्टअप जिसमें 120 यूनिकॉर्न भी है एक विश्व रिकॉर्ड है। जो लगभग 27 लाख युवकों को रोज़गार भी प्रदान कर रहा है। आर्थिक लेन-देन के लिए भारत द्वारा स्थापित डिजिटल भुगतान प्रणाली "यूपीआई" का उपयोग अब दुनिया के 11 देशकर रहे हैं जिसके द्वारा 314 लाख करोड़ का कारोबार 2025-26 में हुआ है। रक्षा क्षेत्र द्वारा रक्षा उत्पाद निर्मिति में स्वदेशी तकनीक एवं आत्म निर्भरता का भी कीर्तिमान स्थापित किया है। हमने लगभग 100 देशों को 38,424 करोड़ का निर्यात किया है। अब हमरक्षा क्षेत्र में ख़रीदने वाले नहीं, बेचने वाले देश बन गये हैं। दुनिया के विकसित देशों के समान ही हमारा भी ढांचागत विकास हो, इस संकल्पना की पूर्ति की दिशा में हमने ऐतिहासिक एवं साहसिक प्रयास किये हैं। आज हमारे पास 5364 किलोमीटर हाई स्पीड कोरिडोर्स है। 99% रेलवे का विद्युतीकरण हुआ है। रैपिड, हाइड्रोजन ट्रेने एवं मेट्रो का व्यापक जाल आज भारत देख रहा है। शीघ्र ही बुलेट ट्रेन का स्वप्न साकार होते हुए भी हम देखेंगे। विश्व का सबसे बड़ा आर्क चिनाब रेल ब्रिज हमारे पास है। भारत के 7 समुद्री बंदरगाहो ने विश्व के 100 श्रेष्ठ समुद्री बंदरगाहों में स्थान बनाया है। आज हमारी ट्रेन, रेलवे स्टेशन, हवाई पत्तन, समुद्री बंदरगाह एवं हाईवे विश्व से प्रतिस्पर्धा करते दिख रहे हैं।

हमारी युवा पीढ़ी विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं तकनीक का उपयोग करने वाली बने, इसका आह्वान वक्तृत्व एवं निर्णयों के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान द्वारा चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले अब हम प्रथम देश बन गए है। सूर्य के अध्ययन के लिए स्वदेशी तकनीक से बना आदित्य L-1 मिशन हमने पूरा किया है। गगनयान के द्वारा मानव को अन्तरिक्ष में ले जाने के लिए स्वदेशी

उड़ान क्षमता का विकास इसरो की सराहनीय पहल है। "आकाश में आँख" के नाम से प्रसिद्ध GSLV- F17-EOS-05 सैटेलाइट द्वारा अब हम प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी, विकास एवं सुरक्षा करने में भी समर्थ हो रहे है। वर्तमान में हमारे देश में 440 अन्तरिक्ष स्टार्टअप भी कार्य कर रहे हैं। क्वांटम मिशन(Quantum Mission) के लिए 6003.65 करोड़ का बजट भी हमने निश्चित किया हैं। अब हम स्वदेशी सेमीकंडक्टर बना रहे हैं। जिसको प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम "चिप से शिप" तक भारत में बना रहे हैं। पूर्व में हम शोध न कर विश्व के ऊपर निर्भर थे आज हमारा शोध पर 244798 करोड़ का बज़ट है।AI के व्यवस्थित उपयोग का हमारा संकल्प हैं।

हमने अपनी विदेश नीति के माध्यम से विश्व में भारतका गौरव बढ़ाया है। अब हमें दुनिया के सम्मानित देशों की श्रेणी में विश्व के लोग देखते हैं। भारतीयहित प्रथम के आधार पर अब हम अमेरिका एवं रूस दोनों से व्यापारिक वार्ता, जापान के साथ निर्माण, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा एवं ग्लोबल साउथ की आवाज़ बनकर उनका नेतृत्व भी करते हैं। इसी का परिणाम है कि दुनिया के 36 देशों ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कारो से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीको सम्मानित किया है। G-20 के माध्यम से भारतीय गौरवको भी हमने दुनिया में स्थापित कियाहै।

कठोर एवं अचूक निर्णय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीकी कार्यशैली की विशेषता है। तीन तलाक़, नोटबंदी, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशनसिंदूर, भारतीय न्याय संहिता एवं नक्सलवाद से मुक्ति जैसे देशहित में किए गए सभी निर्णय उनके दृढ़ संकल्प का स्मरण कराते हैं। अर्थव्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता तथा उनको प्रतिष्ठा प्रदान करना, विकलांगो को दिव्यंगता देना, किन्नरों (थर्ड जेंडर)की समाज में प्रतिष्ठा स्थापित करना, सिकल सैल एनीमिया से मुक्ति एवं TB मुक्त भारत का संकल्प उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। अमेरिकी चिंतक जेम्स फ्री मैन क्लार्क ने कहा था कि - "A politician thinks of the next election; a statesman thinks of the next generation."(एक राजनीतिज्ञ आगामी चुनाव के बारे में सोचता है; जबकि एक राजनेता अगली पीढ़ी के बारे में सोचता है।) के सिद्धान्त के अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समाज सक्रियता के लिए गए निर्णय एवं प्रेरणादायी व्यवहार भविष्य का भारत गढ़ने का कार्य करेंगे। स्वच्छता अभियान, परीक्षा पर चर्चा, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, Wedding Destination (विवाह संस्कार भारत में), खिलाड़ियों से संवाद जैसे सभी उपक्रम भावी पीढ़ी का स्वभाव बदलने में सहायक बनेगे। युवकों को व्यसन मुक्त एवं स्वस्थ रखने के लिए "नशा मुक्ति अभियान" एवं "एक पेड़ माँ के नाम" का आह्वान पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल है।

विदेशों से 656 भारतीय गौरव की प्रतीक कला कृति वापस लाना, बुद्ध सर्किट , श्रीराममंदिर निर्माण की बाधा दूर करना, सिख गुरुओं के प्रकटोत्सव पर गुरुद्वारों में उपस्थिति एवं लंगर (भोजन) वितरण करना , क्लासिक भाषाओं को मान्यता , ऐतिहासिक मंदिरों एवं धार्मिक परंपराओं में उपस्थिति उनके श्रद्धा भाव को प्रकट करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने श्रेष्ठसंवेदनशील व्यवहार, देशहित में कठोर निर्णय,विश्व में भारत का गौरव,जनसहभागिता के आधार पर विकास एवं भविष्य का भारत गढ़ने के उनके प्रयासों के कारण राष्ट्र के सभी नागरिक उनमें अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति देखते हैं। वह 140 करोड़ देशवासियों की आशा की किरण है। उनकी नर सेवा से नारायण सेवा तक की यह यात्रा "बिंदु से विराट" की यात्रा है। उनके दिए लक्ष्य-विकसित भारत की संकल्प पूर्ति में हमें भी इस यात्रा का सहभागी बनने का संकल्प लेना है।

(राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा)

ऊर्जा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत

नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत अब पेट्रोस्टेट के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 13 जुलाई को पवन और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विद्युत उत्पादन का आंकड़ा 100 गीगावाट को पार कर गया। यह विद्युत उत्पादन में करीब 42 प्रतिशत भागीदारी हो जाती है। जल विद्युत और परमाणु विद्युत को भी जोड़ लिया जाए तो देश में कुल विद्युत उत्पादन में करीब 50 फीसदी भागीदारी नवीकरणीय ऊर्जा की हो जाती है। देश में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती जा रही है। जीवाश्म ईंधन के कारण जिस तरह से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, उससे दुनिया के सभी देश चिंतित है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि आज अमेरिका धरती के गर्भ में छिपे बेशकीमती खनिजों के लिए दुनिया के देशों पर नजर गड़ाये हुए हैं। चाहे यूक्रेन हो, कनाड़ा हो, आईलैण्ड या डेनमार्क या कोई भी वह देश जिसमें क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों के भण्डार हैं, उन पर अमेरिका की नजर टिकी हुई है। दूसरी ओर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी का संकट दुनिया के देशों के सामने उभरा है, उससे दुनिया के देशों को पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट में शिफ्ट होने का देर-सबेर प्रयास करना ही होगा। आज चीन दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रोस्टेट है। चीन का वर्चस्व इसलिए भी हो गया है कि दुनिया के देशों में इलेक्ट्रोस्टेट यानी कि चीन उत्पादक और निर्यातक दोनों ही तरह से दुनिया में शीर्ष पर है। करीब 80 फीसदी भागीदारी अकेले चीन की होने से चीन की मोनोपोली होना स्वाभाविक है। दरअसल, ईंधन के लिए अब तक दुनिया के देश पारंपरिक रूप से तेल और गैस पर निर्भर रहे हैं। इस निर्भरता को पेट्रोस्टेट कहा जाता रहा है। पर्यावरणीय समस्या को देखते हुए दुनिया के देशों ने तेल और गैस यानी कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जाता रहा है। दुनिया के देशों के सामने पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ने की चुनौती है। जिस तरह से पेट्रोस्टेट में एक उत्पादक देश अरब देश, रूस आदि कुओं से तेल निकालने वाले देश हैं और इनकी दादागिरी और समस्या को पिछले साढ़े चार माह से चल रहे अमेरिका-ईरान युद्ध से अच्छी तरह से समझा जा सकता है। आज हार्मुज के कारण कच्चे तेल और एलपीजी के जहाजों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। अब तो लाल सागर के रास्ते पर भी अवरोध वाले हालात बनते जा रहे हैं। इस तरह से दुनिया के दो देशों के अहम की लड़ाई में दुनिया के देशों के सामने गंभीर ईंधन संकट आ गया है। पेट्रोस्टेट में दूसरे उपभोक्ता देश आते हैं जो ईंधन के लिए पूरी तरह निर्भर हैं। अब समस्या उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही देशों के सामने हैं।

चीन के बाद भारत भी तेजी से इलेक्ट्रोस्टेट की ओर आगे बढ़ रहा है। हालांकि चुनौतियां अधिक है। चीन अकेला सौर ऊर्जा और बैटरी आदि में 80 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दौड़ में बहुत आगे हैं। चीन में सौर ऊर्जा को उत्पादन, पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ रहा है। लिथियम, कोबाल्ट, निकल और आरईई खनिजों में भी चीन आगे है। यही कारण है कि चीन जीवाश्म ईंधन के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत में भी योजनाबद्ध तरीके से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही देश में सौर ऊर्जा पर भी खास ध्यान दिया गया है। राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों में तेजी से काम हो रहा है। अब तो रुफटॉप के लिए अनुदान के साथ ही लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। खेती किसानी में कुसुम योजना के कम्पोनेन्ट के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। कर्नाटक, गुजरात के साथ ही राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। भारत में अब सोलर पैनल भी तैयार होने से चीन व अन्य देशों से निर्भरता कुछ हद तक कम हुई है। इसी तरह से देश में रुफटॉप को प्रोत्साहित करने का परिणाम यह है कि शहरों में घरों पर बहुतायत में सोलर प्लांट देखे जा सकते हैं। पिछले कुछ सालों से योजनाबद्ध तरीके से ईवी को बढ़ावा दिया जा रहा है और ई वाहन अब कोई अजूबा नहीं रहा है। सरकार को अभी इस दिशा में और अधिक ध्यान देना होगा। ईवी को लोगों के विश्वास पर खरा उतरना होगा। लंबी दूरी की यात्रा आसान हो सके, ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी। वहीं लागत को भी कम करने के प्रयास करने होंगे। जीवाश्म ईंधन के पर्यावरणीय नकारात्मक प्रभाव और जीवाश्म ईंधन को लेकर वर्तमान हालात और उत्पादक देशों की दादागिरी को समाप्त करना एक बात है, पर दीर्घकालीन भविष्य भी इलेक्ट्रोस्टेट में ही साफ दिखाई देता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता है



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा

संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

अंतर्मन

आज की पाती

सुविधाएं गांवों तक पहुंचनी चाहिए

गांव में रहने वाले लोगों के लिए किसी चीज की कीमत केवल उसकी दुकान पर लिखी रकम से तय नहीं होती। कई बार उसे खरीदने के लिए घर से शहर तक जाने और आने का किराया, लगने वाला समय, काम से छूटा एक दिन और रास्ते में होने वाली दूसरी परेशानियां भी जुड़ जाती हैं। यही वह अदृश्य कीमत है, जिसे गांव के कठिन जीवन को समझते समय अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। शहर के इतने करीब होने के बावजूद गांव के भीतर की सड़के टूटी-फूटी होती हैं और रोजमर्रा की कई जरूरतों के लिए लोगों को शहर का रुख करना पड़ता है। इस की छोटी दुकानों,में ज़रूरत का पूरा राशन नहीं मिलता है। इसलिए व्यवस्था यह होनी चाहिए कि हर सुविधा गांव में ही मिलने लगे। गांव के लोगों को शहर तक जाने की जरूरत न पड़े।

-पवन देवांगन, बसना

करंट अफेयर

बढ़ती असमानता दुनिया के लिए गंभीर खतरा : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि दुनिया बेकाबू होती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), तेजी से बढ़ते जलवायु परिवर्तन और गहराती असमानता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है तथा इनसे निपटने के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा। लगभग एक दशक तक पद पर रहे गुतारेस इस साल के अंत में पद छोड़ेंगे। दुनिया की स्थिति को लेकर अक्सर निराशाजनक तस्वीर पेश करने वाले भाषणों के लिए जाने जाने वाले गुतारेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी वर्षों में उन्हें उम्मीद और संभावनाएं नजर आती हैं लेकिन ऐसा तभी संभव है जब दुनिया की सरकारें संघर्षों को कम करने, असमानता दूर करने और तेजी से उभर रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करें। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के लिए विश्व नेताओं के जुटने से चार दिन पहले 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मेरा मानना है कि दुनिया को बेहतर बनाने के लिए कई बुनियादी काम किए जाने की जरूरत है और मैं उन कार्यों को पूरा कराने के लिए संघर्ष करने को प्रतिबद्ध हूं।'' गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें इस तथ्य का बेहद गंभीरता से आकलन करना होगा।

ऑफ बीट

कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन–मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन–मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन–मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन–मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन–मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन–मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी–कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

ट्रेंड

बीजेपी और चुनाव आयोग

पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न देखने को मिलता है-बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर किसी पार्टी को तोड़ देते हैं। फिर उसका चुनाव चिहन छीन लिया जाता है। जब पूरी पार्टी ही हथियाई जा सकती है, तो भारतीयों के वोट भी चुराए जा सकते हैं।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

गौरवशाली इतिहास

आदिवासी नायकों राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि। उन्होंने सनातन संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हम उनके गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। - **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

पूंजीवादी सोच

यूपीआई डिजिटल ट्रांज़ेक्शन को बढ़ावा देने के बाद, अब सरकार का इन ट्रांज़ेक्शन पर फीस लगाने का फैसला आम लोगों को पहली नज़र में मुनाफा कमाने वाली पूंजीवादी सोच जैसा लगता है, जिसमें लोगों से दोनों हाथों से टैक्स वसूला जा रहा है।
- **मायावती,** पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश

हमला निंदनीय

रायबरेली में पीडीए समुदाय पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। हम छात्र विंग के सदस्यों की तारीफ़ करते हैं कि बीजेपी सरकार की पुलिस के दमन के बावजूद उन्होंने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने में सफलता पाई।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में 'विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा का वित्तपोषण' सम्मेलन में लिया हिस्सा

2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप हरियाणा को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्पः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा का वित्तपोषण' सम्मेलन में हिस्सा लिया। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री एवं वित्त सचिव भाग ले रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी, जिनके पास प्रदेश का वित्त विभाग भी है, ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लिया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश निरंतर विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज की यह बैठक भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन कैसे जुटाए जाएं और राज्यों के साथ मिलकर निवेश को किस प्रकार गति दी जाए, सम्मेलन में इन्हीं विषयों पर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर नीतिगत प्रयास कर रही है। उद्योगों से लेकर स्किल डेवलपमेंट तक विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी नीतियों का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए फसल खरीद और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर निरंतर नीतियां बनाई जा रही हैं। वहीं, प्रदेश में औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीतियां बनाई गई हैं। इन नीतिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में कई हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है।

उन्होंने कहा कि आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है, ताकि युवाओं के लिए रोजगार और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकें।

सैनी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप हरियाणा सरकार ने अपना विजन डॉक्यूमेंट भी प्रस्तुत किया है। हरियाणा को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित करने का संकल्प लिया गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में इसी प्रकार सकारात्मक प्रयासों को दृढ़ता से लागू करती रहेगी।

खबर संक्षेप

अमृतसर में एएसआई की हत्या, मारी गोलियां

अमृतसर। यहां गुरुवार देर रात ड्यूटी पर तैनात पंजाब पुलिस के एक एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। थाना गेट हकीमां में तैनात एएसआई हरजीत सिंह करीब रात 2:30 बजे दाना मंडी के पास बाइक पर गश्त कर रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

गुजरात में पिता ने मासूम को मारकर की आत्महत्या

अहमदाबाद। गुजरात के अमरेली जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर है, जहां आर्थिक तंगी से परेशान एक पिता ने अपनी 5साल की मासूम बेटी की मुंह दबाकर हत्या कर दी और उसकी लाश को फ्रिज में रखकर खुद फांसी लगा ली। वारदात को अंजाम देने से पहले शख्स ने कमरे को गुब्बारों और मोमबत्तियों से सजाया था।



तुलु बनी कर्नाटक में अतिरिक्त भाषा

मंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने तुलु को राज्य की दूसरी अतिरिक्त भाषा के रूप में मान्यता देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य रूप से दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में बोली जाने वाली तुलु भाषा में शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास की काफी संभावनाएं हैं।

चांगलांग में 46.60 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में सुरक्षा बलों ने मादक पदार्थ-रोधी संयुक्त अभियान के दौरान करीब 46.60 लाख मूल्य की 233 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर जब्त की और दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह अभियान असम राइफल्स ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर शुरू किया था।

राहुल ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप

'वोट चोरी, सरकार चोरी, अब पार्टी चोरी' राहुल गांधी का चुनाव आयोग पर हमला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर जारी विवाद के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और अब तृणमूल कांग्रेस के मामले में एक जैसा पैटर्न देखने को मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर राजनीतिक दलों को तोड़ते हैं और इसके बाद उनके चुनाव चिह्न पर कब्जा कर लिया जाता है।

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा, "पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न - भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं। फिर उसका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है।" उन्होंने आगे कहा कि जब पूरी की पूरी पार्टी चोरी हो सकती है तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना भी हैरानी की बात नहीं है। राहुल गांधी ने इसे "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" बताते हुए कहा कि ये देश में लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं।

चुनाव आयोग की संवैधानिक भूमिका पर सवाल

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी जनता के जनादेश की रक्षा करना है, लेकिन उनके आरोप के अनुसार आयोग इसके विपरीत उन ताकतों की मदद कर रहा है जो जनता के फैसले को पलट देती हैं। राहुल गांधी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न का विवाद केवल पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मामला नहीं है। उनके मुताबिक, यह हर राजनीतिक दल और हर मतदाता की लड़ाई है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहता है।

तृणमूल कांग्रेस के नाम और चिह्न पर आयोग की अंतरिम रोक

राहुल गांधी की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच विवाद के चलते आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव के लिए 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और पार्टी के 'दो फूल और घास' वाले आरक्षित चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगाई है। आयोग के अनुसार, दोनों पक्ष खुद को वास्तविक तृणमूल कांग्रेस बता रहे हैं और इस विवाद पर चुनाव चिह्न आदेश, 1968 के पैराग्राफ 15 के तहत अंतिम फैसला किया जाना है। आयोग ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि मौजूदा उपचुनावों को देखते हुए दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को समान स्थिति में रखने और उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए अंतरिम व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था अंतिम निर्णय होने तक लागू रहेगी। दोनों गुटों से वैकल्पिक नाम और उपलब्ध चुनाव चिह्नों के विकल्प देने को कहा गया था।

शिवसेना और एनसीपी का भी दिया उदाहरण

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में शिवसेना और एनसीपी के विवादों का भी उल्लेख किया। चुनाव चिह्न को लेकर इन दोनों दलों में हुए विवादों में भी आयोग के समक्ष अलग-अलग गुटों ने पार्टी पर अपना दावा किया था। शिवसेना मामले में आयोग ने पहले पार्टी के नाम और 'धनुष-बाण' चिह्न को फ्रीज किया था और बाद में एक गुट को मूल नाम एवं चिह्न आवंटित किया। एनसीपी के मामले में आयोग ने अजित पवार गुट को मूल पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न दिया था। राहुल गांधी ने इन घटनाक्रमों को तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा विवाद से जोड़ते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। हालांकि, चुनाव आयोग का कहना है कि टीएमसी विवाद में दो प्रतिद्वंद्वी गुट पार्टी पर अपना दावा कर रहे हैं और अंतिम निर्णय से पहले उपचुनाव के लिए दोनों को समान स्थिति में रखना आवश्यक था।

कांग्रेस पहले भी कर चुकी है आयोग की आलोचना

तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न पर अंतरिम रोक के बाद कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग के फैसले की आलोचना की थी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि आयोग का यह कदम उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी से पीछे हटने के समान है। राहुल गांधी की ताजा टिप्पणी इसी राजनीतिक विवाद को व्यापक लोकतांत्रिक और चुनावी निष्पक्षता के मुद्दे से जोड़ती है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट के अंत में कहा कि यह लड़ाई केवल ममता बनर्जी की नहीं है, बल्कि हर उस राजनीतिक दल और मतदाता की है जो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव चाहता है।

राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी का इतिहास नहीं पता, कांग्रेस से अलग बनी थी टीएमसी और एनसीपीः भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। चुनाव आयोग द्वारा टीएमसी का नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज करने के फैसले पर राहुल गांधी ने भाजपा और आयोग पर विपक्षी दलों को तोड़ने का आरोप लगाया। इस पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी का इतिहास नहीं पता, क्योंकि टीएमसी और एनसीपी खुद कांग्रेस से अलग हुई थीं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के उस अंतरिम आदेश की आलोचना की थी जिसमें ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि रायबरेली के सांसद की बातों से पता चलता है कि उन्हें अपनी ही पार्टी के बारे में कुछ नहीं पता। राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, त्रिवेदी ने गांधी के उस आरोप का जवाब दिया जिसमें कहा गया था कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर विपक्षी पार्टियों को तोड़ने का काम कर रहे हैं। यह आरोप तब लगाया गया जब चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में होने वाले उपचुनावों में टीएमसी के विरोधी गुटों को पार्टी का नाम और आरक्षित चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया। आयोब ने विवाद पर अंतिम फैसला होने तक दोनों गुटों से वैकल्पिक नाम और चुनाव चिह्न जमा करने को कहा है। त्रिवेदी ने कहा कि लोगों की राहुल गांधी के बारे में यह धारणा है कि उन्हें देश के बारे में कुछ नहीं पता, आज उन्होंने एक अजीब ट्वीट किया है जिससे पता चलता है कि उन्हें अपनी पार्टी के बारे में भी कुछ नहीं पता। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि वह शिवसेना और एनसीपी के बाद टीएमसी को खत्म कर रही है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ये पार्टियां खुद कांग्रेस से अलग होकर बनी थीं।

बिहार में बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रहीः नितिन नवीन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- बिहार बाढ़ः भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने तीन महीने का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान किया
- नवीन ने राज्य सभा सांसद के रूप में अपने तीन महीने के वेतन की राशि 6 लाख 35 हजार रूपये की मदद की

भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को बिहार में आई भीषण बाढ़ की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, राज्य सरकार की त्वरित कार्रवाई, केंद्र के सहयोग और अपने व्यक्तिगत अंशदान का उल्लेख किया। नवीन ने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता, राहत शिविरों और फसल क्षति के आकलन के ज़रिए हर संभव मदद पहुँचाई जा रही है तथा पूरी सरकार इस संकट में जनता के साथ मजबूती से खड़ी है।

नवीन ने कहा कि राज्य में हालात पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और सरकार प्रभावित लोगों तक समय पर राहत व आवश्यक सहायता पहुँचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। संकट की इस घड़ी में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए, एक राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने अपने तीन महीने के वेतन की राशि 6,35,000 रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान की है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 7,000 रूपये प्रति परिवार के हिसाब से कुल 550 करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों, कम्युनिटी किचन, चिकित्सा सुविधाओं और पशुओं के लिए चारे की उचित व्यवस्था की गई है। बचाव कार्यों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं और किसानों की फसल क्षति का आकलन कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी जारी है। केंद्र सरकार के सहयोग का उल्लेख करते हुए नवीन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की और राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। अंत में उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सभी बिहार के बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ पूर्ण प्रतिबद्धता से खड़े हैं।

सिर्फ ईटिंग, मीटिंग, सीटिंग नहीं, परिणाम देना है, कुछ नहीं किया तो ये चीटिंग हो जाएगीः शिवराज

दक्षिणी राज्यों के कृषि रोडमैप पर मंथनः हैदराबाद में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने क्षेत्रीय कृषि कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

कहा, केंद्र और राज्य मिलकर हैं टीम एग्रीकल्चर, वैज्ञानिकों और किसानों के बीच संवाद बढ़ाना जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिणी राज्यों की रीजनल कृषि कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यों को कृषि क्षेत्र में तय किए गए लक्ष्यों और कमिटमेंट को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिनभर में जिन विषयों पर चर्चा हुई है उसमें से जो एक्शनएबल पॉइंट्स हैं, उन पर राज्यों को गंभीरता से काम करना होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर एक एग्रीकल्चर टीम हैं। हमारे साइंटिस्ट, हमारे किसान, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, भारत की एक टीम एग्रीकल्चर है। हम मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि इस कांफ्रेंस में राज्यों ने जो कमिटमेंट दिए हैं, उन्हें पूरा करना होगा, नहीं तो ये एक्सरसाइज बेकार हो जाएगी। चौहान ने कहा कि अगर किसी राज्य ने फार्मर आईडी का काम दिसंबर तक पूरा करने का कमिटमेंट किया है तो उसे दिसंबर तक पूरा करना होगा। अलग-अलग कामों को दोहराने की जरूरत नहीं है, लेकिन उन पर कार्रवाई जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगर कॉन्फ्रेंस के बाद तय किए गए काम नहीं हुए तो पूरी कवायद बेकार हो जाएगी। एक दिन हम आए, ईटिंग, मीटिंग, सीटिंग कर ली और कुछ नहीं किया तो ये चीटिंग हो जाएगी जनता के साथ। ये हमको नहीं करना है, हमको परिणाम देना है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि ऊपर बैठी हुई टीम, कृषि मंत्री और नीचे काम करने वाली टीम मिलकर काम करेगी। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान यह तय किया गया था कि राज्य जब भी तारीख तय करेंगे, भारत सरकार के वैज्ञानिक और केवीके के वैज्ञानिक उनके साथ जाएंगे। वैज्ञानिक गांवों और खेतों में जाएंगे, किसानों के साथ बैठेंगे और किसान, वैज्ञानिक व कृषि विभाग के अधिकारी मिलकर चर्चा करेंगे। चौहान ने कहा कि एग्री स्टैक कितना महत्वपूर्ण है, यह सभी राज्यों ने समझा होगा। फार्मर आईडी बनाने के काम में काफी प्रगति हुई है। तेलंगाना और कर्नाटक 75 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गए हैं। वहीं, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में जियो रिफरेंसिंग का काम भी अच्छा हुआ है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में अंडमान निकोबार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल ने पूर्णता हासिल की है, लेकिन जहां फार्मर आईडी बनाने में अभी और मेहनत की जरूरत है, उनमें केरल, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित समय सीमा के भीतर फार्मर आईडी का काम पूरा करना जरूरी है क्योंकि आने वाले समय में कृषि क्षेत्र की कई व्यवस्थाएं इस पर निर्भर रहेंगी। कोई राज्य पीछे नहीं रह जाए, यह मेरी अपेक्षा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि जहां लैंड पार्सल अभी नहीं जुड़े हैं, विशेषकर तमिलनाडु और केरल में, वहां इस काम को तेजी से पूरा करना होगा। लैंड रिकॉर्ड डेटा का किसान रजिस्ट्री के साथ समन्वय भी केरल को करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण के राज्यों में टेनेंट फार्मर्स, यानी बटाईदार या किरायेदार किसानों के लिए एसओपी बनाकर उसे नोटिफाई करने की जरूरत है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार द्वीप समूह को इस दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि गांवों के नक्शों की जियो रिफरेंसिंग का काम पुडुचेरी और लक्षद्वीप को करना है।

28 और 29 सितंबर को दिल्ली में होगी रबी कॉन्फ्रेंस

चौहान ने बताया कि 28 और 29 सितंबर को दिल्ली स्थित पूसा संस्थान में रबी कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी जिसमें सभी राज्यों के कृषि मंत्री और अधिकारी अपनी-अपनी टीम के साथ रबी सीजन का पूरा प्लान लेकर आएंगे। इसमें यह तय किया जाएगा कि रबी में कौन सी फसल कितने क्षेत्र में बोई जाएगी। कॉन्फ्रेंस में इन तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर बीज की उपलब्धता, फर्टिलाइजर की आवश्यकता और अन्य जरूरी संसाधनों का आकलन कर आगे की योजना तैयार की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग से जुड़े कथित ठेका विवाद को लेकर कांग्रेस ने लगाए कई गंभीर आरोप

'खाया है, खाने दिया है और खिलवाया भी है': अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पर जयराम रमेश का हमला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में लोक निर्माण विभाग से जुड़े कथित ठेका विवाद को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू पर तीखा हमला बोला है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों को दिए गए करोड़ों रुपये के ठेकों की जांच के मामले में राज्य सरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना पूरी तरह अस्वीकार्य है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 6 अप्रैल 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश में वर्ष 2015 से 2025 के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा दिए गए करीब 1,270 करोड़ रुपये के ठेकों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। उनके अनुसार, ये ठेके उस समय दिए गए जब पेमा खांडू राज्य के मंत्री थे और आरोप है कि इनका लाभ उनके परिवार के सदस्यों को मिला। कांग्रेस नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए भी अप्रत्याशित था। उनका आरोप है कि ऐसे गंभीर मामले में मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए था या उनसे इस्तीफा मांगा जाना चाहिए था, लेकिन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर जवाबदेही तय करने के बजाय इसे टालने का रास्ता अपनाया।

'मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए था': जयराम रमेश ने कहा कि जिस व्यक्ति के कार्यकाल में कथित तौर पर विवादित ठेके दिए गए, वही व्यक्ति अब भी मुख्यमंत्री पद पर बना हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पेमा खांडू ने विभाग अपने पास बनाए रखा और जांच से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक सीबीआई की पहुंच रोकने की कोशिश की। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि जांच एजेंसी को राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिल रहा है और मुख्यमंत्री स्वयं संबंधित विभाग के प्रभारी हैं, तो निष्पक्ष जांच कैसे संभव होगी। कांग्रेस नेता के मुताबिक, यह स्थिति न केवल प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति राज्य सरकार के रवैये को भी उजागर करती है।

3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को किया तलब: जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में कहा कि 3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के शीर्ष अधिकारियों को तलब किया था। यह कार्रवाई की उस शिकायत के बाद हुई, जिसमें एजेंसी ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार जांच में सहयोग नहीं कर रही है। कांग्रेस नेता के अनुसार, सीबीआई को संबंधित फाइलें और दस्तावेज उपलब्ध कराने में राज्य सरकार की ओर से कथित तौर पर टालमटोल की गई। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री, जो अब भी पीडब्लूडी विभाग संभाल रहे हैं, जांच से जुड़े रिकॉर्ड तक एजेंसी की पहुंच को सीमित कर रहे थे। जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ अदालत का रुख अपनाए जाने से केंद्रीय गृह मंत्रालय भी असहज हुआ। हालांकि, इस संबंध में केंद्र सरकार या गृह मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

24 अगस्त की सुनवाई में दस्तावेजों को लेकर सवाल: कांग्रेस नेता ने कहा कि 24 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि राज्य सरकार ने सीबीआई को प्रासंगिक दस्तावेज देने के बजाय बड़ी मात्रा में ऐसे दस्तावेज सौंप दिए, जिनका जांच से सीधा संबंध नहीं था। उनके अनुसार, अदालत ने इस बात पर आपत्ति जताई कि जांच एजेंसी को जरूरी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के बजाय दस्तावेजों का बड़ा हिस्सा भेजकर मामले को उलझाने की कोशिश की गई। जयराम रमेश ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 25 सितंबर को निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की लगातार निगरानी के बावजूद मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना गंभीर चिंता का विषय है।

'यह प्रधानमंत्री की पूरी तरह से दोहरी नीति है': जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन जब मामला भाजपा शासित राज्य के मुख्यमंत्री से जुड़ा होता है तो वही सरकार चुप्पी साध लेती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री एक ओर विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई को सही ठहराते हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा शासित राज्यों में गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने इसे प्रधानमंत्री की "पूरी तरह से दोहरी नीति" करार दिया। जयराम रमेश ने कहा कि यदि किसी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उनके परिवार से जुड़े लोगों को हजारों करोड़ रुपये के ठेके दिए जाने का आरोप हो और उसी मामले में सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच का आदेश दे, तो मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना नैतिक और राजनीतिक दोनों दृष्टियों से उचित नहीं हो सकता।

'खाया है, खाने दिया है और खिलवाया भी है': कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट के अंत में भाजपा सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश का यह मामला उस कथित राजनीतिक संस्कृति का उदाहरण है जिसमें "खाया है, खाने दिया है और खिलवाया भी है।" उन्होंने कहा कि यह मामला केवल ठेकों या दस्तावेजों तक सीमित नहीं है, बल्कि शासन में पारदर्शिता, हितों के टकराव और संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान से जुड़ा हुआ है।

उनके मुताबिक, यदि राज्य सरकार जांच एजेंसी को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराती है और मुख्यमंत्री पद पर बने रहते हैं, तो इससे जनता के बीच यह संदेश जाता है कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए अलग नियम हैं। **भाजपा या अरुणाचल प्रदेश सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार:** जयराम रमेश के आरोपों पर भाजपा और अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से तत्काल कोई विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होनी है। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि अदालत राज्य सरकार के सहयोग, दस्तावेजों की उपलब्धता और मुख्यमंत्री की भूमिका को लेकर क्या रुख अपनाती है।

खबर संक्षेप

रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.89 प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई। रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.89 (अस्थायी) के स्तर पर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने हालांकि भारतीय मुद्रा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 104 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में नरमी से रुपये की गिरावट सीमित रही।

पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम पहल

गुरुग्राम। मेटलाइफ फाउंडेशन ने वनस्टेज के साथ मिलकर प्लास्टिक-मुक्त गुरुग्राम पहल की शुरुआत की। पर्यावरण संबंधी यह अभियान पूरे शहर में चलेगा, जिसके तहत गुरुग्राम में एक बार उपयोग कर फेंक दिए जाने वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने और कचरे के ज़िम्मेदार प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का लक्ष्य है, जागरूकता अभियानों, स्थानीय समुदाय को एकजुट करने के प्रयासों और कचरा प्रबंधन के उपायों के ज़रिए गुरुग्राम के 1,00,000 से अधिक निवासियों से जुड़ना। इस कार्यक्रम के तहत निवासियों, रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), सरकारी संस्थानों, मॉल तथा ज़रूरतमंद वर्गों को शामिल किया जाएगा।

'स्पैम' पर अंकुश लगाने ट्राई ने नियम किए कड़े, एआई से पहचान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कृत्रिम आवाज वाली कॉल भी इसके दायरे

दूरसंचार नियामक ट्राई ने अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को नियम कड़े कर दिए। संशोधित नियमों में संदिग्ध स्पैम का पता लगाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित पहचान व्यवस्था को शामिल किया गया है और उपभोक्ताओं के लिए अपील की व्यवस्था भी शुरू की गई है। नए नियमों के तहत दूरसंचार सेवा प्रदाता स्पैम के लिए इस्तेमाल किए जाने की आशंका वाले नंबरों की पहचान करेंगे और यह जानकारी आपस में साझा करेंगे। स्पैम ऐसे अनचाहे संदेश या कॉल होते हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को बिना उनकी मांग या सहमति के भेजे जाते हैं।

बार-बार उल्लघंन होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा

140, 1600, 1601 नंबर के कॉल नहीं होंगे ब्लाक

इसके अलावा, संदेश भेजने के लिए स्वीकृत प्रेषक-पहचान (हेडर) या पहले से तय संदेश प्रारूप के गलत या अनधिकृत इस्तेमाल को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को भी मजबूत किया गया है। नियामक ने कहा कि कॉल-प्रबंधन ऐप को 140एक्सएक्स, 1600एक्सएक्स और 1601एक्सएक्स श्रृंखला के नंबरों से आने वाली कॉल को सामूहिक रूप से ब्लॉक, फिल्टर या स्पैम के रूप में चिह्नित करने की अनुमति नहीं होगी।

बिना घोषणा की कॉल यूसीसी माना जाएगा : ए2पी कॉल करने वाली संस्थाओं को अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता को पहले से इसकी जानकारी और इस्तेमाल किए जाने वाले नंबर बताने होंगे। बिना घोषणा की गई ऐसी कॉल को यूसीसी माना जाएगा। ए2पी कॉल पर प्रति मिनट पांच पैसे तक टर्मिनेशन शुल्क भी लगाया गया है। यह शुल्क एक दूरसंचार नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर कॉल समाप्त होने पर संबंधित नेटवर्क को देना पड़ता है।

ट्राई करेगी यह कार्रवाई

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि किसी प्रेषक से जुड़े पांच या अधिक नंबर 10 दिन के भीतर चिह्नित होने पर आगे जांच और चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसमें केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) का दोबारा सत्यापन, भौतिक सत्यापन, आउटगोइंग सेवाओं पर रोक और बार-बार उल्लंघन होने पर कनेक्शन काटना शामिल है।

सभी क्रेडिट कार्ड पर जीरो फॉरेक्स शुल्क

नई दिल्ली। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने सभी नए और मौजूदा क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए बिना किसी शर्त के शून्य फॉरेक्स मार्कअप सुविधा शुरू की है। बैंक के मुताबिक, यह सुविधा सभी कार्डधारकों को अपने आप मिलेगी और इसके लिए कार्ड बदलने, अपग्रेड करने या न्यूनतम खरीदारी की कोई शर्त नहीं होगी।इस सुविधा से विदेश में भुगतान करने वाले ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क से बचत होगी। उदाहरण के लिए, 1 लाख रुपये के अंतरराष्ट्रीय लेनदेन पर आम तौर पर 3.5 प्रतिशत फॉरेक्स मार्कअप और उस पर जीएसटी लगाया जाता है। इससे भुगतान की लागत करीब 4,130 रुपये तक बढ़ सकती है। शून्य फॉरेक्स मार्कअप के तहत यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। सभी क्रेडिट कार्ड से फॉरेक्स मार्कअप हटाने और रिवॉर्ड या कैशबैक जारी रखने से ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय खर्च के लिए कार्ड इस्तेमाल करने का अधिक भरोसा मिलेगा।

वर्ष 2026-27 के लिए अनुमान छह प्रतिशत था

मूडीज ने भारत का जीडीपी वृद्धि अनुमान 7% किया, महंगाई को लेकर किया आगाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान छह प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक झटकों के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है।

हालांकि, उसने साथ ही तेल की ऊंची कीमतों और अल नीनो के असर से महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर आगाह किया। भारत की 'बीएए3' रेटिंग की समय-समय पर की जाने वाली समीक्षा के बाद जारी बयान में मूडीज ने कहा कि कर्ज में कमी की गति धीमी बनी रहने और कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर रहने का अनुमान है। इसकी वजह भारत पर कर्ज का अधिक बोझ और ब्याज लागत का ऊंचा स्तर है।

सेवा क्षेत्र का मजबूत योगदान

मूडीज ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि सालाना आधार पर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई, जो समूचे कैलेंडर वर्ष 2025 की 7.3 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। इसमें निजी खपत में मजबूती, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च से सकल स्थिर पूंजी निर्माण में मजबूत वृद्धि और निजी क्षेत्र के निवेश में संभावित सुधार के साथ सेवा क्षेत्र की लगातार मजबूती का योगदान रहा।

अल नीनो से खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है

यह वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज 2.4 प्रतिशत से पहले ही काफी अधिक है। वहीं, अल नीनो से जुड़ी बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे निजी खपत और आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने कहा कि कच्चे तेल के आयात स्रोतों में भारत का बढ़ा हुआ विविधीकरण, विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर और मजबूत घरेलू मांग महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है

हालांकि, ऊर्जा एवं उर्वरक आयात की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और पश्चिम एशिया से कम प्रेषण से चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है तथा व्यापक स्तर पर वृद्धि की गति प्रभावित हो सकती है। इस महीने की शुरुआत में जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी जेसीआर ने भारत की रेटिंग को बढ़ाकर '**A-**' कर दिया था।

- खाड़ी युद्ध के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई
- तेल की ऊंची कीमतों व अल नीनो से महंगाई बढ़ने का खतरा
- कर्ज में कमी की गति धीमी, कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर

जेसीआर ने 35 साल बाद बढ़ाई थी रेटिंग

मजबूत आर्थिक वृद्धि और मजबूत वित्तीय प्रणाली का हवाला देते हुए जेसीआर ने 35 साल के अंतराल के बाद यह उपलब्धि हासिल हुई थी। 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो आरबीआई के सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के अनुमान से अधिक है।

ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई भड़का सकती है

मूडीज ने कहा कि भारत के अन्य सभी जी20 देशों के साथ-साथ समान रेटिंग वाले उभरते बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन उसने जोखिमों को लेकर भी आगाह किया। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भविष्य में यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होता है तो ऊर्जा की ऊंची कीमतें वित्त वर्ष 2026-27 में सालाना औसत महंगाई को हमारे 4.8 प्रतिशत के अनुमान से ऊपर ले जा सकती हैं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था ने दिखाई मजबूती

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न हुए वैश्विक झटके के प्रति अर्थव्यवस्था की दिखाई गई मजबूती के कारण हमने वित्त वर्ष 2026-27 (मार्च 2027 को समाप्त होने वाला वर्ष) में वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान पहले के छह प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

सोनालीका ने अगस्त की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की

- उद्योग की तुलना में 1.9X तेज़ वृद्धि हासिल की

नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अगस्त की अपनी अब तक की सर्वाधिक 12,581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2027 में अपनी ज़बरदस्त रफ़्तार बनाए रखी है। यह उपलब्धि उद्योग की वृद्धि के मुकाबले शानदार 1.9X वृद्धि से प्रेरित है, जो दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर बाज़ार भारत में प्रमुख कंपनियों के बीच सोनालीका की मज़बूत स्थिति को भी दर्शाता है। अपनी शानदार 30वीं साल में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ते हुए, कंपनी ने होशियारपुर, पंजाब स्थित में अपने दुनिया के नंबर 1 ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में अब तक की सर्वाधिक मासिक उत्पादन 18,067 ट्रैक्टर भी दर्ज किया है। इससे आने वाले त्योहारों में किसानों की मांग को पूरा करने की उसकी तैयारी और मज़बूत हो गई है। ये दोनों उपलब्धियां सोनालीका के इंटीग्रेटेड बिज़नेस इकोसिस्टम की मज़बूती को दिखाती हैं, जहाँ मैन्युफैक्चरिंग की ताकत, प्रोडक्ट की मज़बूती और बाज़ार में तेज़ी से काम करने की क्षमता बेहतरीन तालमेल के साथ काम कर रही हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तारा चंद**, पुत्र बाबू लाल, निवासी ए-7/115, एसएस नगर, डब्ल्यूपीआईए, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 643/2022, भा.द.सं. की धारा 188 के तहत, थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **तारा चंद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **तारा चंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 643/2022, भा.द.सं. की धारा 188 के तहत, थाना अशोक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तारा चंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.10.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर-पश्चिम, कमरा नं. 106, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12839/NW/2026

शेयर बाजार में मिला-जुला रुख निफ्टी 76 अंक चढ़ा, सेंसेक्स टूटा

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद आईटी कंपनियों और टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 19.63 अंक की गिरावट के साथ 74,294.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 413.85 अंक बढ़कर 74,728.44 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान हासिल बढ़त को समापन नीलामी सत्र में गंवा दिया। वहीं निफ्टी 75.80 अंक चढ़कर 23,346.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का शेयर 4.33 प्रतिशत, टाइटन का 2.11 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का दो प्रतिशत, मारुति का 1.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.82 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.73 प्रतिशत टूटा।

सोना 1,600 रुपये मजबूत चांदी 5,000 रुपये चमकी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति की चिंताएं कम होने और हाल की बिकवाली के बाद निवेशकों के सराफा बाजार में लौटने से सोने के दाम चढ़े। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार के बंद भाव 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 1,600 रुपये चढ़कर 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। चांदी में भी जोरदार उछाल देखा गया और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह धातु 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बंद हुई थी। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, ''डॉलर और अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में नरमी आने से हाल की बिकवाली के बाद सोने में तेज सुधार हुआ।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है

सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष – नई जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएं। भावनात्मक संतुलन बनाए रखें, धैर्य रखें तो सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृष – चंद्रमा अपनी राशि में होने से दिन प्रसन्नता भरा रहेगा। आर्थिक लाभ और सामाजिक सम्मान मिल सकता है। प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।

मिथुन – संचार और बौद्धिक कार्यों में तेजी आएगी। यात्रा या नई योजनाएं बन सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, व्यर्थ खर्च से बचें।

कर्क – परिवार के साथ समय बिताएं। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे, स्वास्थ्य सामान्य।

सिंह – आत्मविश्वास और नेतृत्व गुण चमकेंगे। करियर में प्रगति के योग। रुके काम पूरे होंगे। प्रेम जीवन रोमांचक रहेगा।

कन्या – बौद्धिक कार्यों और सेवा भाव में सफलता। स्वास्थ्य सुधार पर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। माता-पिता का सुख मिलेगा, यात्रा शुभ।

तुला – साझेदारी और संबंधों में मिठास आएगी। व्यावसायिक सौदे फायदेमंद। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन निर्णय लेते समय सतर्क रहें।

वृश्चिक – रहस्यमयी और गहन विचारों का दिन। आर्थिक लाभ संभव। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रेम में गहराई आएगी, लेकिन विवाद से दूर रहें।

धनु – यात्रा और उच्च शिक्षा में लाभ। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में नई संभावनाएं। परिवारिक सुख मिलेगा, स्वास्थ्य ऊर्जावान रहेगा।

मकर – करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा में उन्नति। मेहनत का फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन भावनाओं को नियंत्रित रखें।

कुंभ – नई योजनाएं और दोस्तों का साथ सुखद। आर्थिक अवसर आएंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। रचनात्मक कामों में सफलता, मानसिक शांति बनी रहे।

मीन – अंतर्ज्ञान मजबूत होगा। आर्थिक और पारिवारिक मामलों में सुधार। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम संबंध गहरे होंगे, सकारात्मक रहें तो दिन शुभ।

जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में एमआरसीएन 2026 का शुभारंभ

वाकनाघाट। मोबाइल रेडियो कम्युनिकेशन और 5जी नेटवर्क पर 7वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (एमआरसीएन 2026) का उद्घाटन 17 सितंबर को जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट में किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय सम्मेलन 17 से 19 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत और विदेशों से शोधकर्ता, शिक्षाविद, उद्योग जगत के पेशेवर तथा विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। जेयूआईटी के कुलपति प्रो. आर.के. शर्मा ने सामाजिक विकास के लिए शोध सहयोग और तकनीकी प्रगति के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. प्यारी मोहन प्रधान, आईआईटी रुड़की ने 5जी और 6जी तकनीकों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। डीन प्रो. सुधीर कुमार ने विश्वविद्यालय की शोध एवं नवाचार पहलों, विशेष रूप से 5जी और 6जी तकनीकों में चल रहे शोध को रेखांकित किया। डीन (ए) एवं सम्मेलन की जनरल चेयर प्रो. श्रुति जैन ने जेयूआईटी की शैक्षणिक एवं शोध पहलों पर प्रकाश डाला। वहीं, ईसीई विभाग की एचओडी एवं सम्मेलन की प्रिंसिपल जनरल चेयर डॉ. श्वेता पंडित ने विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।

त्योहारों पर रेलवे ने किया तीन जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन

जम्मू। त्योहारों के पावन अवसर पर उत्तर रेलवे, जम्मू मंडल ने रेल यात्रियों को एक बड़ी सौगात दी है। दशहरा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ एवं वेटिंग को समाप्त करने के लिए रेलवे ने जम्मू मंडल से होकर चलने वाली 3 जोड़ी विशेष आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के चलने से न केवल यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलना आसान होगा, बल्कि यात्रा और भी अधिक आरामदायक और सुरक्षित होगी। इन स्पेशल ट्रेनों के प्रमुख लाभों पर बात करें, तो यह उत्तर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और वाराणसी को सीधे जोड़ेंगी। इससे माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और उत्तर प्रदेश व बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। सभी ट्रेनें आधुनिक एलएचबी कोचों से लैस होंगी, जो अधिक सुरक्षित, तेज गति और आरामदायक सफर सुनिश्चित करती हैं। इन ट्रेनों के संचालन से नियमित ट्रेनों पर दबाव कम होगा और त्योहारों पर होने वाली टिकट की मारामारी से यात्रियों को राहत मिलेगी। यह जम्मू मंडल की यात्री सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है। संचालित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार रहेगा। सबसे पहले ट्रेन संख्या 04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - वाराणसी - कटड़ा आरक्षित स्पेशल, यह ट्रेन कुल 09-09 फेरे अप व डाउन में लगाएगी। ट्रेन संख्या 04604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से 04 अक्टूबर से 29 नवंबर 2026 तक प्रत्येक रविवार को शाम 06:15 बजे प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन शाम 06:30 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	09262613	वुड बेस्ड रेसिन इम्प्रेग्नतेद कंप्रेस्ड लैमिनेट (कोम्प्रेग बोर्ड)	14266 नग	12-10-26
02	07261356	एयर स्प्रिंग असेंबली	194 सेट	13-10-26
03	77269093 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन कट लाइनर (टी-10229 & टी-10 230) & (टी-10235)	60000 नग	15-10-26
04	09262141	रोटरी बॉटम ओपेरातेद अर्तीकुलातेद लॉक	7698 नग	19-10-26
05	77269092 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन कट लाइनर (टी-10228)	124000 नग	21-10-26
06	77269094 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन कट लाइनर (टी-10232)	140000 नग	27-10-26
07	77269095 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन कट लाइनर (टी-10233 & 10 2 34)	37000 पेअर	02-11-26
08	77269053A	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर स्लीपर (टी 4865)	100 सेट	03-11-26
09	77269090 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन कट लाइनर (टी-10225)	140000 नग	06-11-26
10	77269052A RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर स्लीपर (टी 4218)	500 सेट	17-11-26

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 43/2026-2027 दिनांक:-18.09.2026 3245/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शब्द पहेली - 6352



बाएँ से दाएँ
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली- 6351 का हल

ह	ल	च	ल	■	टा	■	द	वा	खा	ना
■	क्ष्य	■	व	■	ल	क	वा	■	र	ज
ज	■	■	कु	सु	म	■	त	■	■	नी
ब	द	मा	श	■	टो	ना	■	सौ	त	न
र	■	हि	■	फा	ल	■	प्रा	■	न	■
न	ज	र	वा	सी	■	ग	ण	ना	य	क
■	र	■	द	■	मा	ली	■	पा	■	ल
अ	ल	ग	■	म	न	■	चौ	की	दा	र
प	■	■	चि	■	सि	स	की	■	■	व
रा	ज	■	क	न	क	■	दा	■	मे	■
ध	ड़	क	न	■	ता	■	री	मा	ला	गू



एशियाई खेल महिला क्रिकेट : रोहतक की शेफाली ने 15 गेंदों में बनाए 40 रन

सेमीफाइनल में भारत, महज 5 ओवर में जापान को दी शिकस्त

श्रीचरणी ने 10 रन देकर चटकाए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| निशिन

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन और स्पिनर श्रीचरणी की शानदार गेंदबाजी के दम पर पिछली चैंपियन भारतीय टीम ने अनुभवहीन जापान को 8 विकेट से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। श्रीचरणी ने 10 रन देकर 4 विकेट लिए जो टी20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर आउट हो गई। भारत ने यह लक्ष्य पांच ओवर में हासिल कर लिया।

अब भारत का सामना 20 सितंबर को बांग्लादेश से होगा। शेफाली ने 15 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए जबकि रिचा घोष ने 6 गेंद में 12 रन का योगदान दिया।

जापानी टीम 57 रन पर आउट

जापान ने सलामी बल्लेबाज जी कमलिनी और तीसरे नंबर पर उतरी भारती फुलमाली को आउट किया। इससे पहले श्रीचरणी की अगुवाई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें 57 रन पर आउट कर दिया। पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने जापान के बल्लेबाजों को हाथ खोलने ही नहीं दिए और पूरी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे। जापान के बल्लेबाजों को शीर्ष टीमों से खेलने या नियमित अभ्यास का मौका नहीं मिलता है और उनके लिए टर्न और उछाल लेती पिच पर भारत के गेंदबाजों का सामना कर पाना काफी मुश्किल था।

जापान ने पावरप्ले में बनाए 24 रन

पावरप्ले में 24 रन ही बने, जिसमें दो चौके लगे। श्रीचरणी ने सलामी बल्लेबाज हारुना इवासाकी (10) और कप्तान माइ यानागिडा को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। शेफाली ने 15वें ओवर में अयाका कातो और 17वें ओवर में शिमाको कातो के विकेट लिए। कुछ बल्लेबाज रन आउट भी हुए, जिससे जापान की मुश्किलें और बढ गईं।

सॉफ्ट टेनिस : क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से हारी भारतीय टीम

नागोया। भारतीय टीम एशियाई खेलों की सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से 0-2 से हार गई। भारत ने ग्रुप सी में मंगोलिया और लाओ को हराया जबकि चीनी ताइपै से पराजय का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम में जय मीणा, आर्यन ठाकुर, योगेश चौधरी, अनिकेत पाटिल और ओम यादव हैं। दूसरे क्वार्टर फाइनल में वे इंडोनेशिया से हार गए, जिसमें फर्नांडो सांगेर, टियो हुतारूक, मोहम्मद फालेवी, रिजकी लालुयान और बागुस प्राडेवा थे। जय मीणा और योगेश चौधरी को पुरुष युगल मुकाबले में टियो और फर्नांडो ने हराया। आर्यन ठाकुर को पुरुष एकल में बागुस ने मात दी। तीसरा मैच रद्द कर दिया गया।

मनु भाकर और तूर चुने गए ध्वजवाहक

दो ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुट में गत चैंपियन तेजिंदर पाल सिंह तूर को एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक चुना गया। समारोह शनिवार को होना है। भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा ,' मनु भाकर एक ध्वजवाहक होंगी ' बाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पुष्टि की कि तूर दूसरे ध्वजवाहक होंगे। भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीते और वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बन गई थी। तूर ने पिछले दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

टेकबॉल : क्विम्सी डिसूजा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

भारत की क्विम्सी जोआकिम डिसूजा ने एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से वह इस खेल में ऐतिहासिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई। एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए क्विम्सी ने नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त युइना सकामोटो को 2-1 (10-12 12-11 13-11) से हराकर उलटफेर किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में भी लय बरकरार रखते हुए कंबोडिया की कोएमयेन डीवाई को केवल 24 मिनट में 2-0 (12-9 12-7) से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

कमरों की कमी से भारतीय खिलाड़ी रहे परेशान

एशियाई खेलों में भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि उन्हें यहां पहुंचकर ही पता चला कि आयोजकों ने 30 से 35 भारतीय खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था की सूची से निकाल दिया है, जिससे भारत को उनके लिए कमरों का इंतजाम करना पड़ा। कई भारतीय खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर रहने की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कमरों के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ा। यादव ने कहा,' आयोजन समिति ने हमें बताया कि भारत से अपेक्षा से अधिक खिलाड़ी आ गए हैं लेकिन ऐसा नहीं है। हमने उतने ही खिलाड़ी भेजे हैं, जितने तय हुए थे। लेकिन उन्होंने कुछ नाम हटा दिया, जिनके लिए हमने होटल बुक किए । 30-35 खिलाड़ियों को लेकर परेशानी हुई है।' उन्होंने कहा,'हमारी टीम ने फुर्ती दिखाते हुए कमरे बुक किए।'

नई बुलंदियों को छूने पर भारत की नजरें

एजेंसी ▶▶| नागोया

खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारत के लिये यहां शनिवार से शुरू हो रहे 20वें एशियाई खेलों में कामयाबी की एक नई कहानी लिखने की चुनौती होगी और अगले एक दशक में देश को शीर्ष दस देशों में लाने की भारत की आकांक्षा के लिए नींव का पत्थर रखने का दारोमदार खिलाड़ियों पर रहेगा। एशियाई खेलों में 43 खेलों में 11000 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे और 45 देश कम होने के बावजूद यहां प्रतिस्पर्धा का स्तर ओलंपिक से बड़ा होने वाला है। भारत ने 501 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जो यहां कदम रखने के बाद से रहने और आवागमन की लचर व्यवस्था से जूझ रहे हैं।

निशानेबाजी दल में अच्छा मिश्रण

निशानेबाजी दल में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जिनकी अगुवाई दो ओलंपिक पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। भारतीय दल में 30 निशानेबाज हैं, जिनमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन के धुरंधर शामिल हैं। एथलेटिक्स में दो बार के एशियाई खेल चैंपियन और भारतीय एथलेटिक्स के सबसे बड़े सितारे नीरज चोपड़ा नहीं हैं। चोट के कारण वह इन खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे लेकिन भारत के 74 सदस्यीय दल में पदक के कई दावेदार हैं। उद्घाटन समारोह में मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर की नजरें लगातार तीसरे स्वर्ण पद होंगी।

खबर संक्षेप

बिछू देवी को 'मैजिक स्किल' पुरस्कार

लुसाने। भारतीय महिला हॉकी गोलकीपर बिछू देवी खारीबम और पाकिस्तान के स्ट्राइकर अब्दुल रहमान ने हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए एफआईएच विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'पोलिग्रास मैजिक स्किल ' पुरस्कार जीते। विजेताओं का चयन प्रशंसकों के वोट के आधार पर किया गया। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के पलों के आधार पर नामांकन तय किए गए थे। यह पुरस्कार एफआईएच के वैश्विक सप्लायर पोलिटेन द्वारा दिया जाता है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में तीन तीन दावेदार थे। बिछू को इंग्लैंड के खिलाफ पूल चरण के मैच में आखिरी तीस सेकंड में शानदार तरीके से गोल बचाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। यह मैच ड्रॉ रहा और इसके आधार पर भारत ने दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही, जो 1974 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। बिछू को 52 प्रतिशत वोट मिले ।

अगरकर पर फैसला लेने पदाधिकारी 'अधिकृत'

मुंबई। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सदस्य इकाइयों ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के कार्यकाल को विस्तार देने या उनके स्थान पर नया अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला बोर्ड के पदाधिकारियों पर छोड़ दिया। मौजूदा चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त होने वाला है। ऐसे में बीसीसीआई उनके स्थान पर नए अध्यक्ष की तलाश कर सकता है। बैठक के बाद बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने अगरकर के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया। बीसीसीआई की 95वीं एजीएम में बोर्ड से संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सौरव गांगुली तथा वेंकटेश प्रसाद मौजूद रहे।

अन्वय द्रविड़ ने 211 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से ठोके रन

इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 7 रनों से हराया

एजेंसी ▶▶| राजकोट

पूर्व भारतीय दिग्गज कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के 17 साल के बेटे अन्वय द्रविड़ ने राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से तबाही मचा दी।

दाएं हाथ के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अन्वय ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए महज 28 गेंदों में 2 चौके और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 38 रनों की तूफानी पारी खेली। इस तरह इंडिया अंडर-19 ने राजकोट में पहले यूथ टी20 में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हरा दिया।

संकटमोचन बने अन्वय

बारिश से प्रभावित इस 20-20 ओवर के मुकाबले में जब भारतीय अंडर-19 टीम ने 88 रन पर अपने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे, तब अन्वय द्रविड़ ने क्रीज पर कदम रखा। उन्होंने दबाव में बिखरने के बजाय ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर काउंटर अटैक किया। अन्वय ने साथी बल्लेबाज यशवर्धन चौहान के साथ मिलकर महज 34 गेंदों में 69 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की। इस तूफानी साझेदारी के दम पर भारत की अंडर-19 टीम बारिश से बाधित इस पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182/6 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई इस 38 रनों की आक्रामक पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे कठिन परिस्थितियों में मैच का रुख पलटने में माहिर हैं। अन्वय को खुद राहुल द्रविड़ ने तैयार किया है। यही कारण है कि आज वह भारत के लिए इतनी शानदार पारियां खेल पा रहे हैं।

बटलर बने टी20 में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज

जोस ने पूरे किए टी20 में 15 हजार रन

एजेंसी ▶▶| साउथैम्पटन

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 30 रन बनाते ही इतिहास रच दिया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे किए और वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले टी20 क्रिकेट में किसी ने भी 15 हजार रनों का आंकड़ा नहीं छुआ था। वहीं इंग्लैंड ने लगातार दूसरा मैच जीतते हुए सीरीज भी कब्जा ली।

पोलार्ड से आगे निकले बटलर

जोस बटलर अब कीरोन पोलार्ड से आगे निकल गए हैं। कीरोन पोलार्ड के नाम टी20 करियर में 14999 रन दर्ज हैं। वहीं बटलर 15 हजार टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने। जोस बटलर ने अपने 528 टी20 मैचों की 497वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया है। उनके नाम टी20 क्रिकेट में 9 शतक और 107 अर्धशतक दर्ज हैं। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अब जोस बटलर आ गए हैं। पोलार्ड इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। जबकि एलेक्स हेल्स तीसरे, क्रिस गेल चौथे और डेविड वॉर्नर पांचवें स्थान पर हैं। भारत के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं।

अच्छी शुरुआत के बाद हारे दक्षिणेश्वर

डेविस कप क्वालीफायर्स में कोरिया की भारत पर बढ़त

एजेंसी ▶▶| सियोल

दक्षिणेश्वर सुरेश ने अच्छी शुरुआत की लेकिन लय कायम नहीं रख सके और दक्षिण कोरिया के सून वू क्वोन ने तीन सेटों में उन्हें हराकर भारत के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर्स दूसरे दौर के मुकाबले में शुक्रवार को मेजबान टीम को 1-0 से बढत दिला दी।

दक्षिणेश्वर शुरुआत में आत्मविश्वास से भरे दिखे लेकिन क्वोन ने धीरे धीरे लय पकड़ी। भारतीय खिलाड़ी को पराजय का सामना करना पड़ा। अब भारत की उम्मीदों का दारोमदार सुमित नागल पर है, जो दूसरे एकल मुकाबले में हियोन चुंग से खेलेंगे। पिछले साल पदार्पण के बाद से दक्षिणेश्वर की यह पहली हार है। शुक्रवार से पहले तक उन्होंने तीन एकल और एक युगल मुकाबला जीता था। दोनों देश अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली एशियाई टीम बनने की कोशिश में हैं। पहले सेट के बाद क्वोन ने अपनी रणनीति बदली लेकिन दक्षिणेश्वर इसका कोई जवाब नहीं दे पाये क्योंकि कोरियाई खिलाड़ी ने बाहर की ओर और उनके बैकहैंड की ओर सर्विस करना शुरू कर दिया। उनके दमदार रिटर्न की वजह से दक्षिणेश्वर मैच पर पहले की तरह हावी नहीं हो सके।

एशिया कप की ट्रॉफियां पहुंचेंगी बीसीसीआई ऑफिस : सैकिया

मुंबई। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों की जीती गई एशिया कप की ट्रॉफियां एक दिन बीसीसीआई मुख्यालय पहुंचेंगी, हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई जा सकती। एशिया कप जीतने के बाद भारतीय पुरुष टीम और हाल में महिला टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। सैकिया ने कहा, एशिया कप की ट्रॉफियां हमें उम्मीद है कि एक दिन यहां आ जाएंगी। मैं कोई समयसीमा नहीं बताऊंगा लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि दोनों ट्रॉफियां वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई कार्यालय में जरूर पहुंचेंगी।

ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली 356 रन की सबसे बड़ी पारी

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे मुकाबला हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर खेला जा रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 356 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए।

यह ऑस्ट्रेलिया का वनडे क्रिकेट में जिम्बाब्वे के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का वनडे में सबसे बड़ा टोटल 6 विकेट खोकर 350 रन था, जो टीम ने 2014 में बनाया था। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 18.6 ओवर में 130 रन जोड़े। मार्श ने 63 गेंदों का सामना करते हुए 53 रनों की दमदार पारी खेली।

उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 3 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद हेड को कूपर कोनोली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिला। दूसरे विकेट के लिए हेड और कोनोली ने मिलकर 60 रन जोड़े। कोनोली ने 69 गेंदों में 3 चौके और तीन छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। वहीं, हेड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने शतकीय पारी खेली। हेड ने 84 गेंदों का सामना करते हुए 112 रनों की लाजवाब पारी खेली।

नवा रायपुर गोल्फ ओपन : समापन में डिप्टी सीएम साव ने प्रतिभागियों को दिया पुरस्कार

खलिन जोशी ने एक शॉट से जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लगातार बारिश के बीच फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट में खेले गए एसईसीएल प्रेजेंट्स नवा रायपुर ओपन 2026 में बेंगलुरु के 34 वर्षीय गोल्फर खलिन जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में जोशी ने 13 अंडर-123 के कुल स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में उनका तीसरा और डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर कुल नौवां खिताब है। कार्यक्रम के समापन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया। बता दें कि अंतिम राउंड में एक शॉट की बढ़त के साथ उतरे जोशी ने अपने नौ होल के राउंड में तीसरे से पांचवें होल तक लगातार तीन अलग-अलग होल में बढ़जत बनाई। उनके राउंड में 29, 30, 33 और 31 के स्कोर रहे। अप्रैल में आंध्र ओपन और अगस्त में जम्मू-कश्मीर ओपन जीतने के बाद यह उनकी इस सत्र की तीसरी जीत रही।

बारिश ने डाला खलल, फिर भी कायम रखा फोकस

लगातार बारिश के कारण फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट का कोर्स 18 होल के पूरे राउंड के लिए उपयुक्त नहीं था। इसके चलते टूर्नामेंट समिति ने सभी चार राउंड को बैक नाइन पर नौ-नौ होल में कराने का फैसला किया। अंतिम राउंड भी कई घंटों तक बाधित रहा। ऐसे में जोशी को यह भी स्पष्ट नहीं था कि खेल दोबारा शुरू होगा या नहीं। इसके बावजूद उन्होंने अपना धैर्य और संयम बनाए रखा और खेल दोबारा शुरू होने पर शानदार प्रदर्शन किया।

चौहान समेत 3 खिलाड़ी संयुक्त उपविजेता

महू के ओम प्रकाश चौहान ने दिन का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने पांच अंडर 29 का राउंड खेला, जिसमें पार-5 चौथे होल पर एक ईगल और तीन बर्डी शामिल थीं। चौहान 12 अंडर-124 के स्कोर के साथ संयुक्त उपविजेता रहे। पंचकूला के रौनिल कुकर और अहमदाबाद के अंशुल पटेल भी 12 अंडर-124 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। तीनों को 6,99,867 रुपए की पुरस्कार राशि मिली। कोलकाता के दिव्यांशु बजाज, दिल्ली के प्रितिश सिंह करायत और चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने 11 अंडर-125 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवां स्थान हासिल किया।

जोशी की कमाई 52.34 लाख रुपए पहुंची

इस जीत के साथ जोशी 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए। उनकी सत्र की कुल कमाई बढ़कर 52,34,225 रुपए हो गई। वर्ष 2018 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में अपना पहला एशियन टूर खिताब जीतने वाले जोशी को नवा रायपुर ओपन की जीत के लिए 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। जोशी ने अपनी लगातार तीसरी जीत का श्रेय आत्मविश्वास और वर्तमान पर ध्यान केंद्रित रखने की रणनीति को दिया। अब वह अपने घरेलू कोर्स कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन में अगला टूर्नामेंट खेलेंगे।

भारतीय पुरुष टीम ने इटली और महिला टीम ने यूनान को हराया

शतरंज ओलंपियाडः इटली को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| समरकंद

निहाल सरीन के शानदार प्रदर्शन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के जीत की राह पर वापसी करने से भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को यहां 46वें शतरंज ओलंपियाड में इटली को 3-1 से हराया। इस बीच महिला टीम ने यूनान के रक्षात्मक घेरे को ध्वस्त करते हुए 3.5-0.5 से जीत हासिल की और तीसरे दौर के बाद शीर्ष स्थान पर बनी रही। आर प्रज्ञाननंदा लगातार दूसरे दिन जीत हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने लोरेंजो लोडिसी के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली लेकिन निहाल सरीन और गुकेश ने अपने गेम जीत कर भारत की इटली पर जीत सुनिश्चित की। जहां निहाल ने फ्रांसेस्को सोनिस को हराया, वहीं सबिनो ब्रुनेलो चौथे बोर्ड पर गुकेश के हाथों हार गए। अर्जुन एरिगैसी को लुका मोरोनी जूनियर के साथ ड्रॉ हासिल करने से पहले कुछ चिंताजनक क्षणों से गुजरना पड़ा। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनान की स्टावरौला त्सोलाकिडू को एकतरफा मुकाबले में हराया। दिव्या देशमुख और अनास्तासिया अव्रामिदू के बीच मैच ड्रॉ रहा, लेकिन वंतिका अग्रवाल ने एकातेरिनी पावलिडू को हराकर भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित की। आखिरी बोर्ड पर बी सविता श्री ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए एंटोनिया क्रिस्टोडौलाकी को हराकर टीम के लिए बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस 11 राउंड की प्रतियोगिता में अभी भी आठ राउंड बाकी हैं, शीर्ष टीमें अब एक-दूसरे से भिड़ेंगी और अगले तीन राउंड भारतीय ओपन और महिला टीम दोनों के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
- Eye Strain
- Eye Dryness
- Eye Tiredness
- Eye Freshness
- Eye Cleanliness

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Clinically Tested*
24x7 Helpline: 8196822222
www.eyemantra.com
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS

आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
प्रयोग विधि:
2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में बेंगलुरु में हुआ कार्यक्रम, सौंपे गए 2 तेजस और 3 एचटीटी-40 ट्रेनर विमान

लड़ाकू विमानों की कमी से जूझती वायुसेना को एचएएल से मिले 5 ट्रेनर विमान

बोले एचएएल के सीएमडी रवि.के., सॉफ्टवेयर में आई दिक्कतों के चलते हो रही तेजस मार्क1ए की डिलीवरी में देरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बढ़ते सुरक्षा खतरों के बीच लड़ाकू विमानों की कमी से दो-चार होती भारतीय वायुसेना को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को कुल 5 ट्रेनर विमान सौंपे हैं। जिनमें 2 ट्विन सीटर हल्के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस हैं। जबकि 3 अन्य एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में बेंगलुरु में इस पूरी कवायद को एक कार्यक्रम के जरिए अमलीजामा पहनाया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों प्रशिक्षु तेजस विमान उड़ान के लिए दी गई अंतिम रणनीतिक मंजूरी (एफओसी) हासिल कर चुके हैं। जबकि कार्यक्रम के दौरान ही पवन हंस लिमिटेड को रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम द्वारा अगली पीढ़ी के 4 ध्रुव हेलीकॉप्टर प्रदान किए गए। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के.राममोहन नायडू इस दौरान मौजूद रहे।

सैन्य, असैन्य जरूरतें पूरी होनी चाहिए

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह अवसर देश की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमता, तकनीकी आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति को दर्शाना वाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लेकिन इस मामले में अधिक सफलता हासिल करने और देश के भीतर एयरोस्पेस क्षमताओं के निर्माण के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर तालमेल होना अति आवश्यक है। हम अपने एयरोस्पेस सेक्टर को आत्मनिर्भरता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनाना चाहते हैं। हालांकि इन प्रणालियों के विकास में अचानक कोई बिग बैंग नहीं हो सकता है। ये एक व्यापक तथा क्रमिक प्रक्रिया है। जो कई घटकों के समावेश से मिलकर बनी है। ऐसे में प्रत्येक उत्पाद एक लंबी सीढ़ी के छोटे-छोटे पायदानों के बराबर है। जिसे

लेकर चुनौतियां आएंगी। लेकिन हमें कदम दर कदम आगे बढ़ना पड़ेगा। उन्होंने सभी भागीदार पक्षों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें सैन्य और नागरिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने की ओर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

तेजस, एचटीटी-40 को लेकर की टिप्पणी

उन्होंने तेजस ट्रेनर विमान को मिली एफओसी को लेकर कहा कि यह चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण के लिए वायुसेना के पायलटों को सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। साथ ही ये हमारी स्वदेशी सैन्य एयरोस्पेस क्षमता, लड़ाकू विमान पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। जबकि दूसरी ओर एचटीटी-40 विमान को लेकर उन्होंने कहा कि सालों से बल को अपनी बुनियादी प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों से आयातित विमानों पर निर्भर रहना पड़ा है। लेकिन अब इस मामले में एचएएल स्वदेशी निर्माण कर रहा है। राजनाथ सिंह के मुताबिक, अब वैश्विक बाजारों में एचटीटी-40 विमान की मांग होगी। रक्षा मंत्री ने पवन हंस लिमिटेड को सौंपे गए ध्रुव हेलीकॉप्टरों को लेकर कहा कि ये हमारी स्वदेशी नागरिक एयरोस्पेस क्षमता का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

युवाओं को दी यह सलाह

राजनाथ सिंह ने युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को सलाह देते हुए कहा कि भारत का वैश्विक एयरोस्पेस नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए हमें परिवर्तनकारी तकनीक विकसित करनी चाहिए। युद्ध की बदलती प्रकृति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में हवाई अभियान सूचना प्रधान और प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगे। जिसमें जटिल प्रणालियों को देश के अंदर विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। युद्धक प्रभावशीलता प्रशिक्षित कर्मियों, उन्नत प्रौद्योगिकी, एकीकृत प्रणालियों व जल्द निर्णय लेने की क्षमता के संयोजन से सुनिश्चित की जा सकती है।

बदलावों के लिए तैयार रहे भारत

उन्होंने एआई, स्वायत्त प्रणालियों, मानव रहित हवाई प्रणालियों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, साइबर प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में हो रहे बदलावों को लेकर तैयार रहने और इस संबंध में स्वदेशी क्षमता विकसित करने पर जोर दिया है। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने अनुसंधान-विकास को बेहद महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र करार देते हुए कहा कि युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों को ऐसी तकनीक विकसित करने की चुनौती स्वीकारनी चाहिए। जो वर्तमान में मौजूद नहीं है, मतलब अस्तित्व में नहीं है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों को स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं के निर्माण के लिए प्रतिस्पर्धी नहीं सहयोगी के तौर पर एक-दूसरे को देखने की आवश्यकता है।

तकनीकी दिक्कतों से लटकी तेजस की डिलीवरी

वहीं, पत्रकारों से बातचीत में एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के.रवि ने तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमान की वायुसेना को की जाने वाली डिलीवरी में लगातार हो रही देरी के पीछे की वजह बताई है। जिसमें उन्होंने कहा कि इस बाबत देरी फिलहाल सॉफ्टवेयर से जुड़ी हुई दिक्कतों के सामने आने की वजह से हो रही है। फिलहाल जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। जिसमें हमारी कोशिश यही है कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं को दूर कर विमानों की वायुसेना को आपूर्ति की शुरुआत की जाए। मामले को लेकर उन्होंने कोई तय समयसीमा नहीं बताई है। विमान की डिलीवरी करने के लिए उसका पूरी तरह से तैयार होना जरूरी होता है। अभी हम उस स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं है कि हम इसे लेकर काफी परिश्रम कर रहे हैं।

5 साल में देंगे 70 एचटीटी-40 विमान

एचएएल प्रमुख ने यह भी कहा कि वायुसेना को अगले चार से पांच साल में सभी 70 एचटीटी-40 प्रशिक्षु विमानों की डिलीवरी की जा सकती है। एचएएल अपनी उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी करने और इस बाबत किसी भी तरह की देरी से निपटने के लिए गैर-मुख्य निर्माण कार्य को निजी क्षेत्र की कंपनियों को सौंप रहा है। उत्पादन को तीन अलग-अलग डिवीजनों में विभाजित किया गया है।

युद्धक ड्रोन के प्रोटोटाइप का निर्माण शुरू

उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि एचएएल ने कॉम्बैट एयर टीमिंग सिस्टम के स्वायत्त ड्रोन के प्रोटोटाइप का निर्माण शुरू कर दिया है। जिसे सीएटीएस वॉरियर भी कहा जाता है। इसे एक ऐसे प्लेटफार्म के रूप में हम विकसित कर रहे हैं। जो भविष्य में लड़ाकू विमानों के साथ काम करने के लिए पूरी तरह से योग्य होगा। एचएएल द्वारा पवन हंस को 10 ध्रुव हेलीकॉप्टर सौंपे जाएंगे।

अमेरिका की संसद द्वारा हालिया पारित किए गए रूस-ईरान प्रतिबंध विधेयक पर नई दिल्ली ने दोहराया अपना पक्ष

अमेरिका संग संतुलित-पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापारिक संबंधों का इच्छुक भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की संसद से हालिया पारित रूस-ईरान प्रतिबंध विधेयक के बाद भारत के लिए बढ़ती 100 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच नई दिल्ली ने एक बार फिर से मामले पर अपने पक्ष को मजबूती के साथ दोहराते हुए कहा है कि भारत अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार संबंधों को बनाए रखने के लिए तैयार है। यह जानकारी राजधानी में शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर पड़ने वाले विधेयक के प्रभावों को लेकर हमने पहले ही अमेरिकी प्रशासन के उच्च अधिकारियों को जानकारी साझा कर दी है। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध और साझेदारी को भी इसमें शामिल किया गया है। ज्ञात हो कि अमेरिकी विधेयक को संसद से मिली हरीझंडी के बाद रूस से अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा-पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद करने वाले देशों जैसे भारत, चीन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शत-प्रतिशत टैरिफ लगाने का पूर्ण

अधिकार मिल गया है। हालांकि इसे लेकर दुनिया के इस शक्तिशाली देश के जन-प्रतिनिधियों यानी सांसदों के बीच मत-भिन्नता देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर अभी तक इस विधेयक पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। जिसके बाद ही यह कानून का रूप लेगा। रूस से जारी तेल खरीद में भारत द्वारा अपने देश की 140 करोड़ आम जनता के हितों की हर हाल में पूर्ति को ही सर्वोच्च रूप से प्राथमिकता दी जा रही है। मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विविध ऊर्जा बाजारों से हमारी खरीद प्रक्रिया चल रही है।

बाकी देशों के बयान के नहीं कोई मायने

पत्रकारों ने अपने सवालों में मंत्रालय के प्रवक्ता से चीन और रूस की तरफ से आई प्रतिक्रियाओं को लेकर भी भारत का पक्ष जानना चाहा। लेकिन उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस मामले को लेकर मैं और अधिक कुछ भी नहीं कहना चाहूंगा। हमने अपना बयान जारी कर दिया है। रणधीर ने मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए एक पुराने बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा देश अपने आर्थिक और व्यापारिक हितों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। इतना ही नहीं केंद्र सरकार व्यापार व उद्योग संघ के साथ विधेयक के प्रभावों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करेगी।

ड्रग्स, अवैध तस्करी रोकने पर सहयोग जारी

उन्होंने एक अन्य सवाल के उत्तर में कहा कि अमेरिका और भारत के बीच किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी और ड्रग्स को रोकने के लिए मजबूत सहयोग बना हुआ है। क्योंकि हमारा यह मानना है कि ड्रग्स के इस मामले से दोनों देशों के आम लोगों के अलावा समूचे विश्व समुदाय को नुकसान है। ये हमारे समाज के भी पूरी तरह खिलाफ है। जिसकी वजह से ही इस पहलू पर दोनों पक्षों के बीच मजबूत सहयोग चल रहा है। भविष्य में भी हम इस दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

पवित्र मक्का शहर पर हमले बर्दाश्त नहीं

ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता ने कई अन्य विषयों पर पूछे गए प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिसमें लाल सागर में बढ़ते हूती विद्रोहियों के हमले के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि इस समुद्री क्षेत्र में तनाव बढ़ने से भारत काफी चिंतित है। हमने सऊदी अरब के संप्रभु इलाके पर किए गए हमलों (नागरिक ढांचे, आर्थिक संपत्तियां शामिल) की जोरदार अंदाज में निंदा की है। इसके अलावा हमने खाड़ी के इस देश में मौजूद पवित्र मक्का शहर पर किए गए हमलों को लेकर भी एक बयान जारी किया है। जिसे लेकर मैं दोहराता हूं कि यह हमले न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। बल्कि उसके साथ-साथ इलाके की शांति और स्थिरता को भी कमजोर बनाते हैं। एक अन्य वैश्विक समुद्री जलमार्ग बाब-अल-मंदेब पर व्यापारिक जहाजों की स्वतंत्र तथा सुरक्षित नौवहन आवाजाही पर इनका असर पड़ता है। उक्त हमलों को नई दिल्ली ने पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। साथ ही भारत चाहता है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति, स्थिरता बहाल की जानी चाहिए।

यमन में सुरक्षित हैं भारतीय

उन्होंने यमन को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कहा कि वहां पर भारत के लोग अभी फिलहाल पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उनके संबंध में किसी प्रकार की कोई नकारात्मक जानकारी नहीं मिली है। जबकि सऊदी अरब में जो भारत का दूतावास है। वह यमन में मौजूद समुदाय के लोगों के संपर्क में बना हुआ है। जिससे उनके बारे में सूचना ली जा रही है।

नेपाल में आई बाढ़ को लेकर जताई संवेदनाएं

नेपाल के वित्त मंत्री की भारत यात्रा को लेकर रणधीर ने बताया कि बीते गुरुवार को उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। जिसमें दोनों देशों के आर्थिक, निवेश-व्यापार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई है। हमारे नेपाल के साथ व्यापार, निवेश को लेकर मजबूत संबंध हैं। इस मुलाकात के दौरान भारत ने बाढ़ के बाद नेपाल के पुनर्निर्माण व राहत-बचाव कार्यों में मदद के लिए लगातार सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। साथ ही हमने प्रत्यक्ष रूप से नेपाल के वित्त मंत्री के समक्ष अपनी संवेदनाओं को प्रकट भी किया है। दोनों पक्षों ने बाढ़ के प्रभावों पर भी चर्चा की है। शुक्रवार को नेपाल के वित्त मंत्री और विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के बीच भी एक मुलाकात होगी।

आखिरकार खत्म हुआ इंतजार, वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैन्यकर्मियों को मिलेगा मुफ्त एसी ट्रेन यात्रा का लाभ

रक्षा मंत्रालय ने दी इस महत्वपूर्ण निर्णय को मंजूरी, पूरी हुई पुरस्कार विजेताओं की 37 बरस पुरानी इच्छा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय द्वारा लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय में अब सशस्त्र सेनाओं (सेना, नौसेना और वायुसेना) के वीरता पुरस्कार (सेना मेडल, नौसेना मेडल और वायुसेना मेडल शामिल) से सम्मानित किए गए सैन्यकर्मियों को भारतीय रेल में प्रथम श्रेणी, द्वितीय एसी, एसी चेयर कार में निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस फैसले को सामने आने में हालांकि 37 वर्षों का लंबा वक्त लगा है। वहीं, यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि इस मामले में पुलिस वीरता पुरस्कारों से सम्मानित कर्मियों को वर्ष 1989 से मिली हुई है। जिसके लगभग चार दशक बाद अब इसका लाभ सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों को भी मिलेगा।

सेना ने जारी किए दिशा निर्देश

सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में फैसला तो इस साल मार्च महीने में ही ले लिया था। लेकिन मौजूदा सप्ताह के दौरान भारतीय सेना के मुख्यालय ने इस बाबत मंत्रालय के निर्णय को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नई व्यवस्था के मुताबिक, सेना मेडल, नौसेना मेडल और वायुसेना मेडल से सम्मानित सैन्यकर्मी अब आजीवन भारतीय रेल की प्रथम श्रेणी, द्वितीय एसी और एसी चेयर कार जैसी श्रेणियों में निःशुल्क यात्रा करने का हकदार होंगे। जिसमें उनके साथ एक अन्य व्यक्ति साथी के रूप में सफर कर सकता है। सम्मानित सैन्यकर्मी की धर्मपत्नी, विधवा और दूसरी शादी करने तक विधुर पुरुष भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इसके अलावा वीरगति को प्राप्त हो चुके अविवाहित वीरता पुरस्कार से नवाजे गए सैन्यकर्मियों के माता-पिता भी इस सुविधा का फायदा लेने वालों लोगों में शामिल होंगे।

पूरी हुई दशकों पुरानी मांग

गौरतलब है कि इस मामले को लेकर सशस्त्र सेनाओं की तरफ से रक्षा मंत्रालय ने बीते लंबे वक्त से मांग की जा रही थी। जिसे देखते हुए 2013 में मंत्रालय ने रेल मंत्रालय से लिखित रूप में कहा था कि वह अपनी रेलवे पास स्कीम में सशस्त्र सेनाओं के वीरता पुरस्कार से नवाजे गए कर्मियों को भी शामिल करे। मामला पंजाब, हरियाणा उच्च-न्यायालय के समक्ष भी गया। 2015 में एक आदेश आया। जिसके बाद उच्च-न्यायालय से इस विसंगति को दूर करने का निर्देश दिया। अब इसे लेकर रक्षा मंत्रालय ने कदम उठा लिया है।

नई दिल्ली में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बोले फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला एम. शावेश

भारतीय सैनिकों ने नहीं दिलाई हाइफा को ऑटोमन साम्राज्य से आजादी: शावेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल के साथ जारी भीषण युद्ध के बीच भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला एम. शावेश ने शुक्रवार को कहा कि हाइफा को ऑटोमन साम्राज्य से मिली आजादी में भारत या उसके सैनिकों का कोई योगदान नहीं है। अपनी इस बात को उन्होंने एक तथ्य के साथ प्रमाणित करते हुए बताया कि क्योंकि यह मामला प्रथम विश्व युद्ध (1918) के कालखंड से जुड़ा हुआ है। उस दौरान भारत ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन था और उसे आजादी नहीं मिली थी। ऐसे में भारत के जो सैनिक हाइफा की लड़ाई में शामिल हुए। उनका संबंध स्वतंत्र भारत से नहीं बल्कि ब्रिटिश सेना से था। ऐसे में यह कहना कि इस जंग या हाइफा को ऑटोमन साम्राज्य से मुक्त कराने में भारतीय सैनिकों या भारत का योगदान था। तथ्यात्मक रूप से सही नहीं होगा। यहां बता दें कि उनकी ये टिप्पणी इसी महीने 23 सितंबर को इजरायल द्वारा मनाए जाने वाले हाइफा दिवस के संदर्भ में की गई है।

वर्तमान में हाइफा इजरायल में है। वार्षिक रूप से मनाए जाने वाले इस आयोजन के दौरान इजरायल उक्त कालखंड में ब्रिटिश सेना का हिस्सा रहे और लड़ाई में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। यहां बता दें कि बीते दिनों राष्ट्रीय राजधानी में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत ने फिलिस्तीन का पुरजोर अंदाज में समर्थन किया था। वहीं, इजरायल के साथ भी नई दिल्ली के मजबूत संबंध हैं।

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो
सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।

Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109